सेंसेक्स 71,423.65 ▲ -259.58
डॉलर 83.103 ▼ -0.022

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	22.0	10.0	19.0
धनबाद	23.0	12.0	20.0
जमशेदपुर	28.0	14.0	26.0
पलामू	23.0	09.0	20.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 23 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 98, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय 'नेताजी के आत्म उत्सर्ग की गौरवमई गाथा' ...6

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि आज ...10 देश/विदेश

एक नजर

खड़गपुर में भंडारे का आयोजन

हरिहरगंज। प्रखंड के खड़गपुर शिव स्थान में पूजा-अर्चना, कीर्तन के साथ ही वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अंकित कुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह, रवि रंजन सिंह, चंदन सिंह, अंजनी सिंह, धनंजय सिंह आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर समाजसेवी सत्येंद्र मेहता, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन मौजूद थे।

जिप सदस्य ने किया नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास

हुसैनाबाद। प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के देवरी खुर्द चौक के समीप जिला परिषद मद के 15 वें वित्त योजना से 2.49 लाख रुपये लागत से नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास उत्तरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने सोमवार को किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समुचित विकास करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला विराजमान हो गये हैं। इससे बड़ा दिन और क्या होगा। सभी को श्रीराम के आदर्श को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने संवेदक को गुणवत्ता के साथ कार्य कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर पंकज मेहता, अमित विश्वकर्मा, अजीत मेहता, उदय यादव, अर्जुन मेहता, रमेश विश्वकर्मा, मनदीप मेहता,चंदन पासवान,संतोष मेहता, भैरो विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

भगवामय हुआ क्षेत्र, शोभा यात्रा में राम भक्त और धर्म प्रेमियों का उमड़ा सैलाब, भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

51 सौ दीपों से जगमग हुआ बराही धाम, जय श्रीराम के जयकारों की गूंज

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सोमवार को निर्धारित मुहर्त में रामलला अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के मुख्य स्थल पर विराजमान हो गए। इसको लेकर अयोध्या के साथ झारखंड के पलामू जिला के चर्चित बराही धाम में भव्य तरीके से इस उत्सव को मनाया गया। ठंड और शीतलहर के प्रकोप के बाबजूद भी सुबह से ही बराही धाम में रामभक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरा धाम भक्ति रस में डूबा रहा। पूरे क्षेत्र के सनातनी ही नहीं, बल्कि दूसरे धर्म के लोग भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिये। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शिवांस चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम परिवार की ओर से भव्य भंडारे का अयोजन कर धाम में हजारों की संख्या में रामभक्तों और श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही 12 घंटे का अखंड कीर्तन भी किया गया। इस मौके पर दंगवार सोन नदी स्थित सूर्य मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी, जो नदिआईन, डुमर हाथा, शिव बिगहा होते हुए बराही धाम परिसर पहुंचा। पुजारी दिलीप मिश्रा,अजीत चौबे समेत बराही धाम परिवार के लोगों ने जोरदार स्वागत कर तिलक लगाकर अभिनंदन किया। वहां शोभा यात्रा के साथ अयोध्या के सरयू नदी से जल और मिट्टी को शहर के जेपी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ पोखरा घाट में प्रवाहित किया गया। घाट से लौटने के बाद पूरे धाम परिसर को 5100 दीयों से प्रकाशमान किया गया।

देखते ही बन रहा मंदिरों की सजावट का नयनाभिराम रूप

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सतबरवा के मंदिरों के साथ पूरे प्रखंड क्षेत्रों के मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों के साथ फूल-पत्तियों से सजाया गया। वहीं कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसाद के रूप में कहीं खीर, कहीं लड्डू तो कहीं छप्पन भोग बांटे गये। इस मौके पर पूरा प्रखंड क्षेत्र राममय हो गया। हर घर में श्रीराम का नाम का झंडा लगाने के साथ शाम को दीये जलाये गये। सुबह दैनिक दिनचर्या से निवृत्त होकर लोगों ने मंदिरों में पूजा-पाठ किया। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर सभी ने रामोत्सव की बधाई दी। वहीं शाम को अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दुकानदारों ने प्रभात फेरी निकाली। पूरे क्षेत्र में डीजे की धुन पर रामभक्ति में लीन भक्त थिरकते नजर आये। जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। मेलाटांड़ काली मंदिर के कार्यकर्ता राजेश गोस्वामी, चंदू कुमार, दीपक कुमार, रिकू कुमार, सोनू कुमार, रोशन कुमार के द्वारा घर-घर जाकर महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्रभात फेरी में सामाजिक कार्यकर्ता मोहन जोशी, राजेश मिश्रा, रवि प्रसाद मनीष कुमार, सुमन जायसवाल मौजूद थे।

दर्जनों मंदिरों से भव्य शोभा यात्रा निकली

पांडू। प्रखंड के दर्जनों मंदिरों से सोमवार को शोभा यात्रा एवं जुलूस निकाला गया। ग्राम पंचायत डाला कलां के वृद्ध खैरा अवस्थित श्री वेगुगोपाल मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। भगवा अंग वस्त्र धारण कर श्रद्धालुओं ने रामनाम का संकीर्तन करते हुये पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। प्रभु राम, लक्ष्मण तथा हनुमान जी की झांकी का दर्शन कर भक्त निहाल हो उठे। पूरा क्षेत्र श्रीराम के जयकारे से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। जुलूस का नेतृत्व स्वामी विष्णुचीत महाराज, प्रभु विश्वकर्मा, श्यामराज यादव, अनुज सिंह, हरेराम सिंह, राजकुमार सिंह आदि ने किया। शोभा यात्रा ने श्रीमहावीर मंदिर डाला कला, झरना कला, श्रीहनुमान मंदिर धनुडीह, फुलिया, चपिया श्रीविश्वनाथ मंदिर तिसीबार, श्रीबजरंग बली मंदिर मुरमा खुर्द होते हुए पुनः श्री वेणुगोपाल मंदिर पहुंचकर विसर्जित की गयी। वहीं पांडू प्रखंड के श्रीराम जानकी मंदिर करमडीह,श्रीहनुमान मंदिर पांडू,श्रीमहावीर मंदिर रत्नाग,हनुमान मंदिर कजरु कला,श्रीविश्वनाथ मंदिर तिसीबार सहित दर्जनों स्थलों से भव्य जुलूस निकाला गया। मौके पर शंभूशरण सिंह,संजीव सिंह, मुखिया रामबाबू यादव,विजय सिंह,श्यामसुंदर सिंह,सोनू सिंह मौजूद थे।

श्रीराम-जानकी मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। प्रखंड मुख्यालय के श्रीराम जानकी मंदिर के साथ-साथ पांकी प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में रामोत्सव पर हर्षोल्लास के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जगह - जगह पर रामभक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या राम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों ने जय श्रीराम के नारे एवं हाथों में धर्म ध्वज लेकर आगे बढ़ते रहे। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में द्वीप प्रज्ज्वलित कर खुशी मनायी।

हनुमानजी की मूर्ति स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा

हरिहरगंज। अयोध्या में रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन मौके पर प्रखंड के कौवाखोह पीरोजी स्थित महावीर स्वास्थ्य संस्थान परिसर में हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना कर विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा किया गया। पुरोहित विजय शंकर मिश्र, जयंत मिश्रा तथा बिंदेश्वर पाठक द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बतौर यजमान महावीर स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डा. विनोद कुमार तथा डॉ. मनोज कुमार के हाथों प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न करायी गयी। इस मौके पर शिक्षक बिंदेश्वरी राम, पंकज कुमार, अमिताभ कुमार, पप्पू कुमार, अभिषेक, आदित्य, ज्योति, सपना, चांदनी, आकाश, चंदन, विकास, सूबा सहित कई लोग मौजूद थे।

शोभायात्रा में हजारों लोग हुए शामिल

हरिहरगंज। पिपरा व हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी पूजा समिति द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में शामिल लोग हाथों में भगवा ध्वज लिये और जय श्रीराम के जयघोष लगाते हुये क्षेत्र का भ्रमण किया। पलामू के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार, सीओ यामुन रविदास तथा थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पूरे दिन दल बल के साथ शांति व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रखंड इकाई द्वारा अयोध्या के सरयू नदी से लाये गये जल और मिट्टी को पूजा-अर्चना के बाद कलश में भरवाया।

डीसी-एसपी ने छठ घाट पर विधि-व्यवस्था का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सोमवार को पलामू उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन हुसैनाबाद थाना परिसर पहुंचे। कुछ देर थाना परिसर में रूकने के बाद पदाधिकारी द्वय पटेल चौक होते हुए पैदल जेपी चौक स्थित भगवान भास्कर मंदिर के समीप जपला छठ पोखरा घाट पहुंचे। वहां विधि व्यवस्था संधारण को लेकर स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी धनंजय गुप्ता, बीडीओ रौशन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, हुसैनाबाद थाना प्रभारी समीर तिर्की आदि मौजूद थे।

विधायक के नेतृत्व में निकली रामलला की भव्य शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में सोमवार को श्री रामलला की भव्य शोभायात्रा और झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा में लोगों का जनसैलाब देखने को मिला। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, प्रसिद्ध समाजसेवी रामदास साहू शामिल हुए। श्री रामलला की भव्य शोभायात्रा और झांकी का शुभारंभ पांकी स्थित जरही मोड़ महावीर मंदिर से हुआ। शहीद भगत सिंह चौक से तेतराई, सगालीम होते हुए तरहसी से बेदानी चौक, शाहद होते हुए नीलांबर - पितांबरपुर (लेस्लीगंज) के जगतपुरवा, हरसईन मोड़ होते हुए नीलांबर पीतांबरपुर के हॉस्पिटल चौक पहुंचा। जहां भगवा वेशधारी हजारों महिलाओं ने भगवा ड्रेस में प्रभु श्रीराम की झांकी का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। साथ ही शंखनाद के साथ शोभा यात्रा (लेस्लीगंज थाना के सामने) महावीर मंदिर प्रांगण में पंहुचा। इस दौरान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा गया। हजारों लोगों ने भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मुंबई की सुप्रसिद्ध गायिका पायल बनारसी के द्वारा एक से बढ़कर एक राम भजन प्रस्तुत किया गया। विधायक की धर्म पत्नी किरण मेहता ,पुत्री सिमी मेहता, विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी विरेंद्र वर्मा, नीलांबर-पितांबरपुर के प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, सोनू वर्मा आदि मौजूद रहे।

भगवान भास्कर छठ घाट पर जले 11 हजार दीप

हुसैनाबाद। क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एनसीपी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जेपी चौक स्थित भगवान भास्कर छठ घाट पर 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाया। इससे पूर्व पोखरे में अयोध्या धाम स्थित पवित्र सरयू नदी से लाये जल व मिट्टी मिलाया गया। भव्य गंगा आरती से वातावरण भक्तिमय हो गया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि यह हम सभी के लिये ऐतिहासिक दिन है। पुजारी गोपाल पाठक ने विधि-विधान पूर्वक पूजन संपन्न कराया। दंगवार शिव मंदिर व देवरी सोन नदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर में भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अजीत सिंह, सूर्या सिंह, विनय सिंह, डा. प्रदीप सिंह, प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन सह वनभोज

आमजन को भा रहा आप का दिल्ली माडल : नरेंद्र

नवीन मेल संवाददाता

सगालीम। पांकी प्रखंड के सगालीम स्थित पीरी नदी के तट पर सोमवार को विधानसभा स्तरीय वनभोज सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पांकी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को आप पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे,प्रदेश नेता सौरभ श्रीवास्तव, पांकी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता ओंकारनाथ जायसवाल ने माला और टोपी पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चौबे ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी विकल्प बनकर जनता के सामने आ रही है। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के पंजाब और दिल्ली मॉडल आम लोगों को पसंद आ रहा है। सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि पांकी विधानसभा में आम आदमी पार्टी परचम लहरायेगी। यहां के पूर्व और वर्तमान विधायक सभी मसलों पर फेल हो चुके हैं। ओंकार नाथ जायसवाल ने कार्यक्रम में पंहुचने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, कौशल किशोर बच्चन, सुधीर कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, द्वारिका साव, मुन्ना कुमार पाल आदि नेताओं ने विचार व्यक्त किया। मौके पर आप पार्टी के जिला महामंत्री अरुण वर्मा, जिला संरक्षक मुकेश दीक्षित, जिला प्रवक्ता गौतम कुमार, कोनवाई पंचायत के मुखिया पति बृजदेव सिंह, वरुण जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, अरुण जायसवाल, दीपिका कुमारी, विनोद राम मौजूद थे।

बिना मीटर बिजली बिल आने से परेशान जनता

आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर बिना मीटर के ही ग्रामीणों को बिजली बिल दिया जा रहा है। जिससे ग्रामीण जनता परेशान हैं। विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

उप स्वास्थ्य केंद्र में बायोमेट्रिक की व्यवस्था जल्द

सिविल सर्जन ने सतबरवा उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

सतबरवा। जिले के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने सोमवार को स्थानीय उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई रोगियों की जांच कर उन्हें दवा भी प्रदान किया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। इस बारे में एएनम कांति भारती ने बताया कि बायोमेट्रिक सिस्टम यहां नहीं रहने के चलते हम लोगों को शिक्षा विभाग के बीआरसी में जाकर अंगूठा लगाना पड़ता है। इस पर सिविल सर्जन ने कहा कि यहां पर बायोमेट्रिक सिस्टम एक सप्ताह के अंदर लग जाएगा। बहुत जल्द आवास निर्माण भी कराया जायेगा। डा. कुमार ने कर्मियों को पूर्ण तत्परता से दायित्व निर्वहन करने की नसीहत दी। इस मौके पर डॉ. जयराम, डॉ. कविता, डा. सुमित कुमार, सीएचओ थॉमगम देवगौड़ा,डाटा प्रबंधक सुबोध सिंह, अखिलेश पाठक, अंजू कुमारी, श्वेता सिंह, संतरा मौजूद थे।

भाजपा नेता ने किया होटल व रिसोर्ट का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। एनएच-98 पर लालबरी कौवाखोह में सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने होटल महुबन एंड रिसोर्ट का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में ऐसे होटल एंड रिसोर्ट की जरूरत थी जो लोगों की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। शादी समारोह, बर्थडे पार्टी तथा प्रशासनिक पार्टी के लिए भी लोगों को सहूलियत होगी। अधिष्ठाता समाजसेवी लालबाबू सिंह ने कहा कि इसमें शादी समारोह, जन्मदिन व सभा समारोह भी किया जा सकता है। पार्किंग की भी समुचित सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मौके पर पूर्व प्रमुख प्रदीप सिंह, सुशील कुमार सिंह, सुबोध कुमार सिंह उर्फ बबलू, शोभित कुमार, बजरंगी सिंह उर्फ सत्यम, उपदेश गिरी, महाराणा सिंह, मनीष सिंह, रवि मेहता, सच्चिदानंद सिंह, भोला यादव, उदय सिंह, अनिल सिंह आदि मौजूद थे।

समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)
राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024

"आम सूचना"

आप अवगत हैं कि भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस यथा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस सभी मतदान केन्द्रों सहित प्रखण्ड स्तर/ अनुमण्डल स्तर एवं जिला स्तर पर मनाया जायेगा। इस क्रम में लातेहार जिला के सभी मतदातागण/ प्रबुद्ध नागरिकों/ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जिला परिषद सदस्य/पंचायत समिति सदस्य/ मुखियागण एवं वार्ड सदस्यों से आग्रह है कि अपने–अपने मतदान केन्द्रों में दिनांक 25 जनवरी 2024 को आयोजित हो रहे राष्ट्रीय मतदाता दिवस से संबंधित विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों में अवश्य भाग लिया जाय।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने मतदान केन्द्र में दिनांक 25 जनवरी 2024 को उपस्थित हो कर राष्ट्रीय महत्व से संबंधित कार्यक्रम यथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस को सफल बनाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे।

साथ ही जो मतदान केन्द्र विद्यालय में अवस्थित हैं, उनके प्रधानाध्यापकों को निदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.01.2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 का अपने पर्यवेक्षण में सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे।

लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रक्रिया में आपकी भागीदारी/सहभागिता अपेक्षित है।

"वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम"
"Nothing Like Voting, I Vote for Sure"

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.316716 Election(23-24):D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,लातेहार

JOIN INDIAN AIR FORCE
BECOME AN
AGNIVEERVAYU

सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिला के युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि INDIAN AIR FORCE : AGNIVEERVAYU बनने का सुनहरा मौका दिया जा रहा है।

शैक्षणिक योग्यता : इण्टरमीडिएट/10+2/डिप्लोमा, जन्मतिथि 02 जनवरी 2024 एवं 02 जुलाई 2007 के बीच (दोनों दिनों के साथ)।

उक्त से संबंधित ऑनलाईन पंजीकरण 17 जनवरी 2024 से 06 फरवरी 2024 तक की जा रही है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही जिला नियोजनालय, लातेहार क सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है एवं जिला के अधिकृत वेबसाईट https://latehar.nic.in/ पर भी देखा जा सकता है।

आपके उज्जवल भविश्य के शुभकामनाओं के साथ।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.316730 Labour Employment and Traning (23-24):D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 24/01/2024 दिन बुधवार को आई0टी0आई0 परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

S. No	Company Name	Name of the Post	No. of Vacancy	Qualification	Age	Salary		Place of Work
						Net Pay after deduction	Other Allowance	
1	2	3	5	6	7	8		9
1	Freedom Employability Academy	Facilitator	50	Graduation (Any Stream)	18-45	10,800/-	PF, Rent Facility, Petrol Expenses	Daltonganj, Jharkhand

जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड (यदि हो तो) एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जगरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

नोट :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू

PR.NO.316719 District (23-24):D

सेंसेक्स 71,423.65 ▲ -259.58
डॉलर 83.103 ▼ -0.022

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	(न्यूनतम)
रांची	22.0	10.0	19.0
धनबाद	23.0	12.0	20.0
जमशेदपुर	28.0	14.0	26.0
पलामू	23.0	09.0	20.0

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 23 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 98, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय 'नेताजी के आत्म उत्सर्ग की गौरवमई गाथा' ...6 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि आज ...10 देश/विदेश

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,170
चांदी (किलो) 71,560

एक नजर

झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 को

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 जनवरी को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सोमवार को सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

मुख्यमंत्री को ईडी ने किया समन, 27 से 31 जनवरी के बीच उपस्थित होने को कहा

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फिर समन भेजा है। सूत्रों के अनुसार ईडी ने सोमवार को मुख्यमंत्री को पत्र (समन) भेजकर 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय उपस्थित होने को कहा है। उल्लेखनीय है कि बीते 20 जनवरी को ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर सात घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवास में पूछताछ की थी। इस दौरान रांची, दिल्ली से आये ईडी के अधिकारियों ने उनसे सवाल पूछे थे।

श्रीराम की कृपा हुई तो सारथी से सिरमौर बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

आजादी के बाद क्रमशः बनती गयी रामलला के अधिष्ठापन की राह

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। श्रीराम अर्थात सनातन धर्म के सर्वमान्य आराध्य। भगवान राम जाति-पाति, ऊंच-नीच, महिला-पुरुष सभी प्रकार के भेदभाव से परे हैं। जन-जन के वे समान प्रिय हैं। 500 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद प्रभु श्रीराम अपने जन्मस्थान अयोध्या में अधिष्ठापित हुये। उतरोत्तर संघर्ष व कानूनी पेचीदिगीयों से भरी यह राह आसान नहीं रही। विशेषकर आजादी के बाद लोकतांत्रिक भारत में प्रजातांत्रिक तरीके से ही श्रीराम मंदिर निर्माण की राह बन सकी। श्रीराम की ही कृपा से इस महती कार्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व ने सारथी से सिरमौर बनते भी देखा। तुर्क, अफगान, मुगल सभी ने भारत पर शासन करने के लिये यहां की सांस्कृतिक व धार्मिक मान्यताओं पर करारा प्रहार किया। प्रथम मुगल बादशाह ने तो अपने चार वर्षों के कार्यकाल में ही हिंदुओं के रोम-रोम में बसे श्रीराम पर ही चोट पहुंचाते हुये अयोध्या में उनके जन्म स्थान पर निर्मित मंदिर को 1528 में ध्वस्त कर दिया। हालांकि हिंदुओं ने इसका कड़ा प्रतिरोध किया, किंतु शक्तिशाली मुगल फौज से वे पार नहीं पा सके। मजबूत मुगल शासन काल में भी संघर्ष का दौर जारी रहा, किंतु उनके कमजोर होते ही घमासान भी तेज होता गया। इस मामले में प्रथम एफआईआर 1858 में दर्ज हुआ था। 1885 में पहली बार मामला अदालत पहुंचा। आजादी के बाद 23 दिसंबर 1949 को बाबरी मस्जिद परिसर में भगवान राम की मूर्ति पाई गयी। उसके बाद तो मामला लगातार उठता रहा, किंतु लोकतंत्र में वोट बैंक की राजनीति के कारण यह मामला दबा रहा।

रामोत्सव पर अपने आवास पर दीप जलाते पीएम मोदी।

1980 के दशक में श्रीराम मंदिर मामले ने पकड़ा जोर

कैसे कोई शुभ कार्य अपने मंजिल की ओर अग्रसर होती है। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिये 1980-90 के बीच का समय इसकी प्रत्यक्ष बानगी प्रस्तुत करती है। 1985 में लोकप्रिय धारावाहिक रामायण के टेलीविजन पर प्रसारण की शुरूआत हुयी। जनमानस श्रीराम चरित देख भक्तिभाव में सराबोर था। इसी बीच 1986 में कोर्ट ने बाबरी मस्जिद का ताला खोलने का आदेश दे दिया। माहौल तैयार होने लगा था। जनभावना को देखते हुये 1989 में तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने विश्व हिंदू परिषद को शिलान्यास कार्यक्रम की अनुमति दे दी। देश में राजनीतिक जमीन तलाश रही भाजपा के ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

अंतर्राष्ट्रीय मीडिया का केंद्र बनी प्राण-प्रतिष्ठा

ब्रिटेन से संचालित 'बीबीसी' ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। खबर में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान राम के एक भव्य मंदिर का उद्घाटन किया है। कार्यक्रम में शीर्ष फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों सहित हजारों आमंत्रित अतिथि शामिल हुए। मंदिर का निर्माण 217 मिलियन डॉलर की लागत से किया गया है। मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि इसे निजी दान से वित्त पोषित किया गया है। इसके साथ विश्व के अन्य मीडिया प्रतिष्ठानों ने श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को प्रमुखता दिया है।

मुख्यमंत्री ने 25 सौ कौशल प्राप्त युवाओं को वितरित किया ऑफर लेटर

युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने का सिलसिला निरंतर जारी : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'रोजगार मेला' में 2500 कौशल प्राप्त युवाओं को ऑफर लेटर का वितरण किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने रोजगार सृजन को लेकर एक बेहतर रणनीति बनाई और दूसरे प्रदेश से लौटे मजदूर सहित यहां के किसान, गरीब, जरूरतमंदों को कई योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले 100 वर्ष से भी अधिक समय से झारखंड में खनिज-संपदा निकालने का काम किया गया, परंतु यहां की खनिज-संपदा का पूरा लाभ राज्यवासियों को नहीं मिला, बल्कि दूसरे प्रदेश के लोगों के घर हमारे खनिज-संपदाओं से रोशन हुए। इस राज्य के कोयला से दूसरे राज्य रोशन हुए और झारखंड अंधेरे में रहने को मजबूर हुआ। हमारी सरकार ने खनिज-संपदा के अतिरिक्त भी कई विभिन्न क्षेत्रों में संभावना तलाशते हुए रोजगार सृजन कराया।

निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियुक्तियां स्थानीय लोगों को मिले इस निमित बनाया नियम : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड में एक बेहतरीन उद्योग पॉलिसी बनाते हुए टेक्सटाइल इंडस्ट्री को जोड़ा। राज्य सरकार और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने वादे के मुताबिक 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को अपने संस्थानों में नियुक्तियां दीं। राज्य सरकार के साथ-साथ टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने भी कदम से कदम मिलते हुए जरूरतमंद लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में 50 हजार से अधिक युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में नियुक्तियां देने का काम राज्य सरकार ने कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गांव-देहात के नौजवान फौज में नौकरी करने की तैयारी करते थे परंतु वर्तमान के समय में फौज में भी नियुक्तियां रुक सी गई हैं। गांव-देहात के वैसे बच्चे जो शहर में रहकर पढ़-लिख जाते थे वे बैंक और रेलवे में नौकरी की तैयारी करते थे लेकिन गलत नीति-निर्धारण के कारण आज बैंक तथा रेलवे में नौकरियां घटी हैं। केंद्र सरकार के कई उद्यम अब निजी हाथों में चला गया है यही कारण है कि अब सरकारी नौकरियां कम हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने एक अच्छी उद्योग नीति बनाकर 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को राज्य में स्थापित इंडस्ट्री में रोजगार देने का नियम बनाया है।

आदिवासी-मूलवासी के योग्यता और क्षमता के अनुरूप बनाई गई योजनाएं : उन्होंने ने कहा कि राज्य सरकार ने जितनी भी योजनाएं बनाई हैं वे सभी योजनाएं यहां के आदिवासी-मूलवासी के योग्यता और क्षमता के अनुरूप ही बनाया गया है। चाहे योजना महिला के लिए हो या पुरुष के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की महिलाएं अब धीरे-धीरे हुनरमंद होकर आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में यहां की महिलाओं का भी अहम योगदान है। जितनी भी महिलाएं आज इस इंडोर स्टेडियम में मौजूद हैं कहीं न कहीं ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

मुख्यमंत्री ने उर्दू के लिए सहायक आचार्य के 7232 पदों के सृजन के प्रस्ताव को दी मंजूरी

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के लिए सहायक आचार्य के 7232 पद सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें प्राथमिक विद्यालयों (वर्ग 1 से 5) के लिए 5478 एवं उच्च प्राथमिक (वर्ग 6 से 8) विद्यालयों में 1754 पद शामिल हैं। पूरे राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के लिए 4401 पद स्वीकृत हैं। इनमें 689 उर्दू शिक्षक के पदों पर नियुक्ति की गई, जबकि 3712 पद रिक्त हैं। ऐसे में राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू के सहायक शिक्षकों के स्वीकृत पदों को प्रत्यर्पित करते हुए उक्त पदों के विरुद्ध सहायक आचार्य का पद सृजन तथा वेतनमान परिवर्तित किया गया है।

यह है मामला : राज्य के सभी जिलों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत उर्दू छात्रों के क्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के प्रतिवेदन के आधार पर कुल 7981 सहायक आचार्य का पद सृजित किया जाना है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों में 6167 तथा मध्य ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन को दिल्ली हाईकोर्ट से तगड़ा झटका

आय से अधिक संपत्ति की होगी लोकपाल और सीबीआई जांच...!

रांची। आय से अधिक संपत्ति में लोकपाल की जांच से जुड़े मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को तगड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को सोरेन की वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने भारत के लोकपाल की ओर से उनके खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई को चुनौती दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद 25 सितंबर 2023 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। अदालत के ताजा आदेश के बाद आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकपाल और सीबीआई की जांच शुरू हो सकती है।

गौरतलब है कि झारखंड के गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से शिबू सोरेन और उनके परिजनों के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत लोकपाल के समक्ष 5 अगस्त 2020 को दायर की गयी थी। इसमें कहा गया था कि सोरेन और उनके परिजनों ने झारखंड के सरकारी खजाने का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार से अर्जित राशि से अनेक संपत्तियां बनायी हैं। इनमें कई बेनामी आवासीय और कमर्शियल परिसंपत्तियां भी हैं।

इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए लोकपाल की फुल बेंच ने 15 सितंबर, 2020 को सीबीआई को लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की धारा 20 (1) (ए) के तहत मामले में पीई (प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज कर छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था।

सीबीआई ने मामले की जांच के बाद मार्च 2021 और उसके बाद 1 जुलाई 2021 को सोरेन परिवार की संपत्ति का पूरा ब्यौरा और उनके आयकर रिटर्न पर लोकपाल को रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर लोकपाल ने शिबू सोरेन और परिवार के सदस्यों को नोटिस भेजकर उनका पक्ष मांगा था। इसके बाद सोरेन परिवार के सदस्यों से मिले जवाब के आलोक में सीबीआई ने अंतिम पीई रिपोर्ट बीते साल 29 जून को लोकपाल के यहां दाखिल की। इसमें सीबीआई की ओर से कहा गया है कि सोरेन और परिवार के सदस्यों ने आय के ज्ञात और घोषित ▸▸शेष पृष्ठ 9 पर

इंडिया

राम मंदिर तो बन गया क्या रामराज्य आएगा?

सुनील बादल

देश में उत्सव का माहौल है गांव से लेकर शहर तक युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक लोग इस बात से खुश हैं कि अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर बन गया। पर बहुत सारे लोग दुखी भी हैं, इनमें से नास्तिक हैं जिन्हें उनके नाम या टाइटल से नहीं बल्कि उनकी धर्म विरुद्ध विचारधारा से पहचाना जा सकता है और वे आदतन मोदी और भाजपा के साथ कभी कभी भारत का भी विरोध करते हैं, दूसरे वे हैं जिन्हें लगता है कि राम मंदिर का यश या राजनीतिक लाभ अकेले भाजपा न लूट ले जाए और इसलिए इसमें से आधे अयोध्या नहीं जाने वाले हैं और आधे बाद में दिखावे के लिए ही सही जा सकते हैं, तीसरे वे हैं जो कथित रूप से सनातन धर्म के बड़े मठाधीश, बुद्धिजीवी या बड़े नेता हैं और परंपरा या नियमों के जाल में उलझाकर या समाचारों के घोड़े पर सवार होकर अपना वर्चस्व दिखाना चाहते हैं। इन मठाधीशों से यह पूछा जाना चाहिए कि बड़ी आबादी सनातन से विमुख हुई या धर्म परिवर्तन हुए उसमें या उनकी वापसी में रुकावट के लिए इन संकुचित विचारों वाले लोगों की भी भूमिका है क्या? इन सभी का लाभ सोशल मीडिया उठाती है जिनकी ट्रैफिक इन विवादों से बढ़कर नगदी में बदल जाती है और सभी का एक ही परिणाम होता है भ्रमजनित नफरत जिसका धीमा जहर समाज को बांटता है और राजनीति की खेती पनपती है। ऐसा भी नहीं कि मंदिर का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता थी और इससे देश की सारी समस्याओं का अंत हो जाएगा पर,इसके निर्माण की आवश्यकता नहीं थी इसके बजाय अस्पताल बनाना चाहिए था कहना भी उचित नहीं। इसको गहराई से समझें तो अब अयोध्या मामले पर विवाद के बजाय धार्मिक पर्यटन की एक नई शुरूआत हुई जिससे अयोध्या ही नहीं यूपी के लोगों को रोजगार मिलने लगा। माना जाता है कि धर्मभीरु जनता अपराध या हिंसा की तरफ नहीं जाती जिससे सभी को मानसिक शांति मिलती है। मंदिर की चर्चा विश्व में हो गई है और अभी से विदेशी पर्यटक तक आने लगे हैं तो इसकी कमाई का एक भाग का सदुपयोग दक्षिण के मंदिरों की तरह अच्छे स्कूल,कॉलेज और अस्पताल खोलने के लिए किया जाना चाहिए। गोरखनाथ मठ जिसके संरक्षक सीएम योगी आदित्यनाथ ही हैं, भी ऐसे धर्मार्थ कार्य करता रहा है इसलिए इसकी पूरी संभावना है। आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी ने रामराज्य की चर्चा की जिसे राजनीति यानी राज चलाने की आदर्श नीति माना जाता है। श्रीराम का अर्थ है मयार्दा पुरोत्तम राम और राम राज्य की स्थापना का अर्थ है मयार्दा की स्थापना। भारतीय संविधान में भी विविधता होने पर भी विसंगतियां मिलती रहीं हैं और संविधान संशोधन भी होते रहे हैं। श्रीराम की मयार्दा का अर्थ है कर्त्तव्य का सर्वोपरि यानी अधिकार, उत्तरदायित्वपूर्ण अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाता है। एक ऐसी राज व्यवस्था जहां न कोई दुखी हो और न ही अभावों से ग्रस्त हो। जहां सभी भय मुक्त हों और शांति हो। जहां का शासन सभी के लिए मंगलकारी हो। राम इसीलिए मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने हर हाल में मयार्दा की रक्षा की और स्थापित किया कि सत्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और धर्मनिष्ठ आचरण ही मयार्दा है तथा उससे सभी बंधे हैं। वह हर रूप में मयार्दा के प्रतीक हैं।राम के राज्य में राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए थी। इसमें अधिनायकवाद की छाया मात्र भी नहीं थी। राम का राज्य मानव कल्याण के आदर्शों से युक्त एक ऐसा राज्य था जिसमें निस्वार्थ प्रजा की सेवा निष्पक्ष आदर्श न्याय व्यवस्था सुखी तथा समृद्ध शादी समाज व्यवस्था पाई जाती थी। राम इस सीमा तक लोकतांत्रिक हैं कि एक अवसर पर कहते हैं-यदि अनुमति हो तो कुछ कहूं और यदि मेरे कहे में कुछ अनुचित देखें तो मुझे टोक दें, मैं सुधार कर लूंगा। वह अपने राज्य में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की राय के आधार पर फैसला लेने में हिचकते नहीं। श्रीराम का पूरा जीवन चरित ऐसी मयार्दाओं, कर्तव्य पालन और सभी के अधिकारों के प्रति सम्मान का पर्याय है। मानव सभ्यता के संपूर्ण लिखित-अलिखित शास्त्रों में श्री राम जैसा व्यक्तित्व और चरित्र का दूसरा उदाहरण उपलब्ध नहीं है।राम को धर्म का विग्रह कहा गया है, 'रामो विग्रहवान् धर्मः'। एक व्यापक अर्थ में राम का चरित धर्म मार्ग की चुनौतियों और उसके विचलन से उठने की मुश्किलों अर्थात जीवन के आधारों की मयार्दा स्थापित करने की राह में आने वाले प्रश्नों से रूबरू कराता है। गांव के अनपढ़ से शिक्षित के बीच एक आशा जगी है पर आज के दौर में जब रावणी प्रवृति अधिक हो रामराज्य थोड़ा कठिन है पर असंभव नहीं।

चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने पैसा लौटाने के लिए मांगा समय, अगली सुनवाई 29 को

रांची। चेक बाउंस मामले में सोमवार को अभिनेत्री अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर के मामले में दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट से कहा गया कि वह पैसा लौटाने के लिए तैयार हैं, इसलिए समय दिया जाए। जबकि शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयलक्ष्मी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अमीषा पटेल की ओर से मामले को टालने के लिए ऐसी बातें कही जा रही हैं। इस पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मामले की अगली तिथि 29 जनवरी निर्धारित की है। इससे पूर्व मामले में दोबारा गवाही के लिए बुलाए गए गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण पूरा हो चुका है। दोनों पक्षों की ओर से गवाही की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब अदालत के आदेश के बाद अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर का सीआरपीसी की धारा 313 का बयान दर्ज होने की प्रक्रिया होनी है।

सुप्रभात पलामू

पलामू वासियों को नमस्कार। वन व वन्य जीव दोनों हीं मानव के लिए उपयोगी है। खुद के साथ भावी पीढ़ी के लिए भी हमें इनका संरक्षण करना चाहिये।

कुमार आशुतोष, क्षेत्रीय निदेशक पीटीआर



विवेकानंद विद्या मंदिर की सलाहकार समिति गठित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नीलांबर-पितांबरपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत कुंदरी में नव स्थापित विवेकानंद विद्या मंदिर के संचालक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य स्वामी जी के आदर्शों एवं विचारों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए की गई है। बढ़ती महंगाई एवं शिक्षा के व्यापारीकरण से अभिभावकों की परेशानियों को देखते हुए विद्यालय संचालक उद्घोष फाउंडेशन ने नामांकित किए गए छात्रों की सुविधा हेतु कॉपी, किताब, बैग, ड्रेस, जूता-मोजा इत्यादि की निशुल्क व्यवस्था की है।

नवीन मेल के कैमरे ने देखी श्रीराम उत्सव की झलकियां

एक नजर

प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह भंडारे का आयोजन

मेदिनीनगर। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर शहर में चारों ओर उत्साह का माहौल है। वहीं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोगों ने सोमवार की सुबह से ही मंदिरों को बेहतर ढंग से सजाया। शहर में जगह-जगह श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा मे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लोगों के बीच आस्था और श्रद्धा का माहौल नजर आया।

पति ने पत्नी का फोड़ा सिर

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल चौक निवासी मुन्ना राम ने आपसी विवाद में अपनी पत्नी बीरन देवी के सिर पर लाठी से प्रहार कर दिया। जिससे पत्नी का सिर फट गया। परिजनों के द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। महिला के सिर में पांच टांके लगाये गये। घटना की जानकारी पर टाइगर मोबाइल के हवलदार विनोद यादव, इशरार खान सदर अस्पताल पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गये हैं।

अदबी संसार का 30वीं तरही नातिया मुशायरा

मेदिनीनगर। अदबी संसार ने 30वीं तरही नातिया मुशायरा के तहत राहत नगर स्थित मो. हिसामुद्दीन के आवास पर एक शाम एमजे अजहर के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता एमजे अजहर व संचालन इरफान नवाज ने किया। मुशायरे के मुख्य अतिथि हसनैन अहमद खान व अतिथि शायर मंसूर रजवी रहे। अध्यक्षीय संबोधन में श्री अजहर ने सम्मान के लिये सभी का धन्यवाद दिया। मुशायरे में हाफि ज मेराज आलम शम्सी, मंसूर रजवी,मौलाना महताब आलम ज़ियाई, डॉ. तस्लीम आरिफ, अमीन रहबर, रियाज मेहनत, अहकर कादरी, रहबर पलामुवी, निगार आलम अता, इमरान शाद, शाहिद अनवर, अलाउद्दीन शाह चिराग, अजीज हमजापुरी, शमीम रिजवी आदि ने नातिया कलाम पेश किया गया।

अयोध्या में अपने नव्य व भव्य मंदिर में विराजे रामलला तो पलामू में उत्सवी माहौल

घर-घर जले दीप, आसमान में छाई सतरंगी छटा

आध्यात्मिक रंग में रंगा पलामू का कोना-कोना

मेदिनीनगर सोमवार को जिले का कोना-कोना आध्यात्मिक रंग में रंगा दिखा। अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर जिले भर में एक हजार से अधिक मंदिरों में विशेष प्रार्थनायें आयोजित की गईं। कई संगठनों की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। मंदिरों को फूलों, दीपों, झंडों और पोस्टरों से सजाया गया है। पूरा जिला राममय नजर आया। श्रीराम के भगवा पताका से शहर पट गया है।

कहीं बंटा लड्डू तो कहीं हलवा, चौक-चौराहों पर चलता रहा लंगर

मेदिनीनगर। अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी में पलामू में मिठाईयां भी खूब बांटी गई। कोई लड्डू बाट रहा था तो कहीं आने जाने वालों को हलवा प्रसाद दिया जा रहा था। शहर के तो हर चौक-चौराहे पर लंगर चलते रहें। जहां प्रसाद पाने की लोगों में होड़ मची थी।

लोगों ने किया सुंदरकाण्ड का पाठ

मुख्य बाजार स्थित श्री संकट मोचन महावीर मंदिर प्रबंधन द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन गया। यहां एक सौ लोगों ने एक साथ सुंदरकाण्ड का सामूहिक पाठ किया। इसके साथ ही भजन कीर्तन, महाआरती, भंडारा और प्रसाद वितरण हुआ।

घर-घर में मना दीपोत्सव

ऊंटारी रोड। अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर प्रखंड के घर-घर में दीपोत्सव मनाया गया। प्रखंड के कुटमू, मुरमाखुर्द, मलवरीया, सहित कई गांवों मे भव्य झांकी और जुलूस निकाला गया।

राजा राम आ रहे हैं..गीत लांच

मेदिनीनगर। अयोध्या के साथ-साथ जहां एक ओर पूरा देश आज भगवान राम के प्राणप्रतिष्ठा की खुशी माना रहा है और उनकी भक्ति में लोग अपने-अपने तरीके से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे है। पलामू निवासी कवयित्री रीना प्रेम दुबे ने भगवान राम को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके लिए एक स्वरचित भजन प्रस्तुत किया है, जिसका लॉन्चिंग आज दर्जनों कवियों के साथ की गयी। गाने के बोल हैं राजा राम आ रहे हैं...। इसे यूट्यूब पर खूब पसंद किया जा रहा है। मौके पर कवि राकेश कुमार, धनंजय पाठक, जितेंद्र नाथ तिवारी, मौजूद थे।

श्रीराम की भक्ति में हर तरफ श्रद्धा व उल्लास का माहौल

मंदिरों में हवन पूजा की रही धूम, महाआरती में हुई भक्तों की भारी जुटान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अयोध्या में अपने नव्य व भव्य मंदिर में विराजे रामलला तो पलामू में उत्सवी माहौल रहा। शहर से लेकर गांव तक भगवा रंग में रंगा रहा। हर तरफ श्रीराम की भक्ति के साथ श्रद्धा व उल्लास पूर्ण माहौल में जय श्रीराम व जय जय हनुमान की अनुगूंज वातावरण में फैलती रही। जिले के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में पूजा -अर्चना व हवन का क्रम पूरे दिन चलता रहा। मंदिरों में आयोजित महाआरती में सनातनी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। जुलुस व झंकियों की धूम मची रही। आलम था कि सरकारी कार्यालय, बैंक व अन्य प्रतिष्ठान तो आधा बेला बंद रहे, लेकिन बाजार में पूरे दिन बंदी का दृश्य रहा। अधिकांश दुकानें बंद रही तो सड़कें सुनसान रही। अन्य दिनों की अपेक्षा वाहनों की संख्या भी सड़क पर काफी कम दिखी। हर तरफ लोग उत्सवी माहौल में डूबे रहे। शाम को शहर के कोयल रिवर फ्रंट पर शंखनाद के बीच भव्य गंगा आरती की गई। बाहरी कलाकारों की रामायण के विभिन्न प्रसंगो पर आधारित जीवंत झांकी के साथ सनातनियों की भीड़ ने शहर भ्रमण किया। शहर से सटे चैनपुर व शाहपुर में भी भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल सनातनी लोग नाचते-गाते जय श्रीराम का जयघोष करते रहे। शाम ढलते ही घर-घर दीये जल गये। दीपावली की तरह शहरी व आंचलिक वातावरण दीयों की रौशनी से जगमगा उठा तो रंग-बिरंगे पटाखों की आतिशबाजी से आसमान में सतरंगी छा गयी। रामोत्सव को लेकर शहर के विष्णु मंदिर समेत सैकड़ों छोटे-बड़े मंदिरों की खास सजावट की गई। कई मंदिरों में अयोध्या के प्राण -प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण किया गया।

महान क्लब ने किया कारसेवकों को सम्मानित

मेदिनीनगर। महान क्लब द्वारा चैनपुर में आयोजित श्रीराम महोत्सव में शनिवार की रात 90 के दशक में श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन में अयोध्या गये कारसेवको को सम्मानित किया गया। इस दौरान भंडारा आयोजित कर महाप्रसाद का वितरण किया। सम्मानित होनेवाले कारसेवको में कंचन सोनी,संजय प्रसाद,जानी बाबू,आनंद प्रसाद, पप्पू सोनी, लालमणि प्रसाद,जितेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, श्रवन प्रसाद,उदय प्रसाद व नंदकिशोर गुप्ता आदि शामिल हैं।बताया गया कि 6दिसंबर 1990 को अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद ढांचा को ध्वस्त किया गया था। इसमें उपरोक्त कारसेवक शामिल हुए थे। इसके अलावे क्लब द्वारा विधायक आलोक कुमार चौरसिया , प्रथम मेयर अरुणा शंकर , रामदास साहू, ज्योति पांडेय ,युगल किशोर आदि को भी सम्मानित किया गया।

घरों में सिमटे लोग, बाहर पसरा सन्नाटा

मेदिनीनगर। प्राण-प्रतिष्ठा की खुमारी ऐसी कि समारोह का लाईव प्रसारण देखने के लिये लोग घरों में सिमटे रहे। इससे सड़कों व बाजारों में अघोषित कर्फ्यू का नजारा देखने को मिला। यात्रियों की चहलकदमी से गुलजार रहने वाले डालटनगंज रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा रहा। स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि सोमवार को यात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित कमी देखी गयी। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने प्लेटफार्म पर एक पर लगाये गये छह एलईडी स्क्रीन पर प्राण-प्रतिष्ठा का लाईव प्रसारण देखा।

मजदूरों की मंडी सूनसान

प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शहर के रेड़मा, सादिक मंजिल चौक, रेलवे स्टेशन पर आने वाले मजदूर भी गायब रहे। इस दौरान अपने आवासों में काम के लिये मजदूर लेने आये लोग तलाश में इधर-उधर भटकते देखे गये।

सदर चिकित्सालय में भी वीरानी

अमूमन हर समय मरीजों से पटे रहने वाले सदर अस्पताल में भी सोमवार को वीरानी छाई रही। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि सदर के साथ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजों की संख्या काफी कम रही।

परेशान लोगों की वकालत करता है मनव्वर राणा का साहित्य

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 32वीं कड़ी के तहत लोकप्रिय शायर मनव्वर राणा के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में उनकी साहित्यिक दृष्टि और राजनीति विषय पर चर्चा की गयी। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रेम प्रकाश ने शोक प्रस्ताव रखा। शिक्षक गोविंद प्रसाद ने उनके जीवन वृत्त का उल्लेख किया। झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि मनव्वर राणा अपनी बातों को बेखौफ रखते थे। प्रवक्ता अच्छे लाल प्रजापति ने कहा कि छोटी-छोटी बातों में भी वह बहुत बड़ी बात कह जाते थे। अनुभव मिश्रा ने अपनी कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षीय वक्तव्य में केडी सिंह ने कहा कि मनव्वर राणा का साहित्य परेशान और भयभीत लोगों की वकालत करता था। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन रहकर सभी ने श्रद्धांजलि व्यक्त की। मौके पर रवि कुलदीप राम, विकास कुमार पप्पू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भक्ति गीतों की बरसात में ठंड भी बेअसर, शहनाज व इशरत की गीतों पर रातभर झूमें दर्शक

...दुनियां में फिर से भगवा लहरायेंगे भजन ने किया मंत्रमुग्ध

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पूस की रात, कड़ाके की ठंड, टपकती ओस की बूंदें और भक्ति गीतों की बरसात में गोते लगाती दर्शकों की भारी भीड़। भक्ति का ऐसा असर कि ठंड लगने की फिक्र छोड़ बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान और महिलायें सभी प्रख्यात गायिका इशरत जहां और शहनाज अख्तर की भक्ति गीतों पर सुर में सुर मिलाते घंटों झूमते व थिरकते रहे। यह दृश्य था नगर निगम क्षेत्र के चैनपुर स्थित रोटरी स्कूल के मैदान का, जहां तीन दिवसीय रामोत्सव के दूसरे दिन भक्ति

पूस की रात, कड़ाके की ठंड, टपकती ओस की बूंदें और भक्ति गीतों की बरसात में गोते लगाती दर्शकों की भारी भीड़

जागरण का आयोजन किया गया था। स्थानीय महान क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहनाज और इशरत ने अपनी गीतों से भक्ति की ऐसी शमा बांधी कि रात के तीसरे पहर तक लोगों की भीड़ टस से मस नहीं हुई। शहनाज अख्तर ने अपनी लेटेस्ट भजन... दुनियां में फिर से भगवा लहरायेंगे और ... राम आयेंगे राम आयेंगे तो इशरत जहां ने ओम नमः शिवाय शम्भू ओम नमः शिवाय... जैसी भजनों की प्रस्तुति से लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इसके पूर्व नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह व माटी कला बोर्ड के अविनाश देव ने दोनों गायिकाओं को अयोध्या के मंदिर में विराजते भगवान श्रीराम का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान चैनपुर के थानेदार रुपेश कुमार दूबे खुद भी कार्यक्रम स्थल पर चौकस थे। जबकि महान क्लब के अनुशासित कार्यकर्ता व्यवस्था बनाये रखने में जुटे रहे।

अभियान | मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, डीसी ने ली सेल्फी कहा

राजनीति, प्रशासन, मीडिया व कला से जुड़े किसी का नाम न छूटे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 सम्पन्न होने के बाद सोमवार को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। सूची का प्रकाशन के उपरान्त पहली बार मतदाता बने युवाओं में उत्साहवर्धन के लिए विभाग स्तर से प्राप्त निदेशानुसार सोशल मीडिया पर 'आई एम रेडी टू वोट' अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने भी भाग लिया। उन्होंने समाहरणालय परिसर में अपना सेल्फी लेकर नये वोटरों से भी अभियान में जुड़ने की अपील की। उनके साथ डालटनगंज ईआरओ अनुराग कुमार तिवारी व ऐईआरओ भी मौजूद थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शशि रंजन ने कहा कि त्रुटिपूर्ण विलोपन प्रविष्टियों के सुधार तथा राजनीति, प्रशासन, मीडिया, कला व संस्कृति आदि किसी भी क्षेत्र से जुड़े किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का नाम न छूटे, इसलिए इसकी भी जानकारी जल्द दी जाए और यदि किसी नागरिक का नाम छूटा है तो वे अपना नाम जुड़वायें।

युवाओं में उत्साहवर्धन के लिए विभाग स्तर से प्राप्त निदेशानुसार सोशल मीडिया पर 'आई एम रेडी टू वोट' अभियान चलाया गया

चुनाव समिति तैयार, आब्जर्वर के आने का इंतजार

मेदिनीनगर। पूरे झारखंड में चर्चा का केंद्र बने पलामू जिला बार एसोसिएशन चुनाव विवाद के निराकरण की उम्मीद दिखने लगी है। चुनाव समिति के रिटर्निंग आफिसर बैद्यनाथ चौबे ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन व सचिव को पत्र प्रेषित कर बचे मतपत्रों की गणना के लिये पर्यवेक्षकों को भेजने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने अवगत कराया है कि 20 जनवरी को अधिवक्ता संघ के पुराने लाइब्रेरी में आयोजित वरीय अधिवक्ताओं की बैठक में बचे मतपत्रों की यथाशीघ्र गिनती कराकर चुनाव परिणाम घोषित करने पर सहमति बनी है। ऐसे में एसोसिएशन की मान-मर्यादा की रक्षा के लिये इस संबंध में त्वरित निर्णय लिया जाना आवश्यक है। विवाद को देखते हुये प्रशासन ने भी मतगणना कार्य में हर तरह से सहयोग को लेकर आश्वस्त किया है। अब सभी की नजरें पर्यवेक्षकों के आने पर टिकी है। विदित हो कि एक महीने से अधिक समय से पलामू जिला बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया अधर में लटकी है। हालांकि अब जल्द ही मामले के पटाक्षेप की संभावना जताई जा रही है।

आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

एक नजर

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में निर्णायक की भूमिका में होंगे शैलेंद्र

गढ़वा। 22 से 28 जनवरी 2024 तक तमिलनाडु राज्य के चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में विभिन्न खेलों के साथ साइकलिंग ट्रेक एवं रोड रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। गढ़वा जिला के शैलेंद्र पाठक को साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा निर्णायक मंडली में शामिल किया गया है। इसकी जानकारी गढ़वा जिला साइकलिंग कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने दी। पाठक को झारखंड साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ मधु कांत पाठक, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहारा के साथ ही ओलंपिक संघ संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, विजय केसरी, डॉक्टर प्रोफेसर उमेश सहाय, अनिल पांडे, साइकिलिंग संघ के सचिव अरविंद दुबे, वॉलीबाल संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, बॉक्सिंग संघ के सचिव रामप्रवेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेल कूद ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक रामा शंकर सिंह, प्रभात तिवारी, ललन पहलवान, शारीरिक शिक्षक किशोर कुणाल, चंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार चंद्रवंशी, अजयकांत, सुशील कुमार तिवारी, शिवकुमार, संतोष कुमार, राजन कुमार, सत्येंद्र यादव धर्मेंद्र पाल, अरविंद कुमार, प्रीतम गौड़, दीपक कुमार, गणेश यादव, अभिजीत सिंह, धीरज कुमार आदि शुभकामनाए दी हैं।

खरौंधी में मतदाता सूची का प्रकाशन

खरौंधी। प्रखंड कार्यालय पर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन किया। साथ ही प्रखंड के सभी 48 मतदान केंद्रों पर अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मौके पर जीपीएस उमेश कुमार, बीएलओ पर्यवेक्षक विनोद कुमार, कपिलदेव सिंह, नीतीश कुमार वसीम अकरम, आपरेटर मनीष कुमार, सचेत पासवान आदि उपस्थित थे।

समाजसेवी को पितृशोक

भवनाथपुर। भवनाथपुर प्रखंड के मकरी पंचायत निवासी सह समाज सेवी अनुज कुमार यादव उर्फ बब्लू यादव के पिता कुंदन प्रसाद यादव (95) का निधन रविवार की रात में हो गया। अंतिम संस्कार बगही श्मशान घाट पर किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में जिला परिसद सदस्य रंजनी शर्मा, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, मुखिया पति धनंजय साह, डाक्टर धर्मेंद्र मेहता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, वरुण विहारी यादव, अख्तर अंसारी, विजय कुंदन ठाकुर, राउत, बबलू सिंह, विमलेश यादव, रवि पाल, राजमोहन यादव, मनोज चन्द्रवंशी, अरविंद गुप्ता, संदीप कुमार, खुलदिल अंसारी, राजेंद्र पासवान, बब्लू प्रसाद, विजेंद्र यादव शामिल हैं।

शांति से संपन्न हुआ रामोत्सव

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

जिला मुख्यालय सहित जिले भर में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में विभिन्न संगठनों की ओर से निकाली गई शोभायात्रा से पूरा शहर राममय हो गया। जिला मुख्यालय के सभी जुलूस और झांकी रंका मोड़ से होकर रामलाला मंदिर जाकर समाप्त हुए। रामनवमी पूजा समिति जनरल, अग्रवाल मुहल्ला के व्यवसायी संघ, श्री राम मंदिर पूजा समिति, विश्व हिंदू परिषद, नवयुवक संघ, हिंदू एकता संघ, देवी संघ सहिजना गढ़वा की ओर से शोभा यात्रा निकाली गई।

डीसी-एसपी कंट्रोल रूम से ले रहे थे जायजा

जुलूस को लेकर के पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी सभी चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। उसके साथी प्रत्येक जुलूस में जवानों को लगाया गया था और पुलिस के देखरेख में सभी जुलूस एक-एक कर राम लला मंदिर पहुंचा। सभी टीमों का नेतृत्व एसडीपीओ अवध कुमार यादव रंका मोड़ से खुद कर रहे थे। रामलाल प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गढ़वा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपादन करने को लेकर गढ़वा डीसी शेखर जानवर और एसपी दीपक कुमार पांडे खुद कमान संभाले हुए थे। जिला कंट्रोल रूम में बैठकर गढ़वा जिले के तमाम इलाकों की हर गतिविधि पर नजर रख रहे थे। साथ ही जिला कंट्रोल रूम में एसडीओ विजय कुमार, डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन, सीओ मयंक भूषण, पल-पल की सूचना अपने दंडाधिकारियों से एकत्रित कर रहे थे।

बंशीधर नगर प्रखंड के मंदिरों में पूजा अर्चना, शोभायात्रा में उमड़ पड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को अनुमंडल मुख्यालय में हिंदू सेना, श्रीराम सेना, बजरंगदल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गोसाईबाग स्थित लालाबागी हनुमान मंदिर परिसर से निकलकर मुख्यमार्ग से होते हुये भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर तक गया तथा पुनः वापस होकर सम्पन्न हो गया।

हिंदू सेना की शोभायात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया चौबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, विकास स्वदेशी, ओमप्रकाश गुप्ता, लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विनय प्रताप देव, विनीत कुमार शरद आदि शामिल रहे। वहीं श्रीराम सेना, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद की शोभा यात्रा में पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर भोलू, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडेय, रमेश चंद्रवंशी, कांग्रेस जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, जिप सदस्य बाला रानी, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष लता देवी, झामुमो नेत्री उषा देवी, किरण देवी, मुखिया कुमारी रेखा, अमरनाथ पांडेय, कामेश्वर प्रसाद, संजीत कुमार, राजेश जायसवाल, मिक्की जायसवाल, रितिक जायसवाल आदि शामिल थे। इधर अनुमंडल मुख्यालय स्थित बाबा बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी स्थित शिवमंदिर,भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, हेन्हों मोड़ स्थित शिव व मां दुर्गा मंदिर सहित सभी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस पूरी तरह सक्रिय दिख रही थी।

जय श्री राम से गुंजायमान होता रहा चिनिया प्रखंड क्षेत्र

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न देवालयों में श्रद्धालुओं ने पूजा की। इससे पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा बाइक जुलूस निकाला गया। यह मुख्यालय के महावीर मंदिर से चलकर बस स्टैंड, थाना चौंक, चिखुरापत्थर देवी धाम, बाजार रोड देवी धाम, बाजार स्थित महावीर मंदिर, नेमना टोला होते हुए चिखुरा पत्थर मोहल्ला रानीचेरी, चिरका, सहित मुख्यालय के विभिन्न टोले आदि जगहों से गुजरा। प्रखंड क्षेत्र के तहले डोल खुरी बरवाडीह रणपुरा सहित प्रखंड के सभी गांवों के मंदिरों में पूजा की गई। महावीर मंदिर के प्रांगण में वाल्मीकि गुप्ता द्वारा सभी भक्तों के बीच लगभग

400 भगवा गमछे का वितरण किया गया तथा महा प्रसाद वितरण किया गया। चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा बल तैनात रहा। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद, कपिल प्रसाद, शिवलाल सिंह, रमेश यादव, रामसागर यादव, महेंद्र प्रसाद, प्रिंस प्रसाद, प्रवीण प्रसाद, बबलू प्रसाद, बंधु राम, चंद्रिका सिंह, वाल्मीकि गुप्ता, रामनाथ तुरी, अंबिका प्रसाद अशोक गुप्ता आदि मौजूद थे।

प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। इसके पूर्व स्थानीय देवी धाम मंदिर में महा आरती का आयोजन किया गया। खरौंधी में निकली शोभायात्रा स्थानीय देवी धाम मंदिर से शुरू होकर बाजार होते हुए करिवाडीह मोड़ गयी। पुनः नावाडीह मोड़ से खरौंधी देवी धाम मंदिर पर संपन्न हुई। वहीं बजरमरवा में श्री राम दरबार की भव्य झांकी भी निकाली गई। भक्तों द्वारा स्थानीय मंदिरों व घरों में दीप जलाया गया। खरौंधी में आयोजित कार्यक्रम के सफल संचालन में विधायक प्रतिनिधि उपेन्द्र दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, कारसेवक मोतीचंद यादव, सांसद प्रतिनिधि

रामखेलावन पासवान, मनोज गुप्ता, सुनील रोशन, बुद्धनाथ गुप्ता, उपेन्द्र भारती, बजरंग दल प्रखंड़ अध्यक्ष रामानन्द मेहता, कलामुद्दीन अंसारी, नीरज दुबे, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, रौशन कुमार द्विवेदी, बीरेंद्र कुमार मिश्रा, अंकित कुमार, पार्वती कुमारी, बसंत यादव, विवेकानंद यादव, रामपृत गुप्ता, एएसआई निरंजन सिंह, एसई सुनील पटेल आदि शामिल थे।

पुलिस प्रशासन रहा सतर्क : अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया जुलूस के द्वरान सतर्क रहे। सीओ सुनील कुमार ने बताया कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार शांति पूर्ण तरीके से सभी कार्यक्रम संपन्न हो गए हैं। वहीं बीडीओ रविन्द्र कुमार ने कहा कि शोभायात्राएं शांति पूर्ण रहीं।

धुरकी प्रखंड में श्रद्धालुओं ने निकाला बाइक जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। धुरकी

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धुरकी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा

पूजा की गई। इससे पूर्व प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं बाइक जुलूस निकाला, जो बस स्टैंड थाना से बाजार रोड होते हुए खाला, खुटीया, रक्सी बाजार स्थित महावीर मंदिर वहीं धोबनी टोला होते हुए प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न टोले एवं गांवों से गुजरा। पूजा अर्चना के बाद महावीर मंदिर के प्रांगण में प्रसाद वितरण किया गया। महावीर मंदिर के प्रांगण में युवा समाजसेवी रवि कुमार सिंह द्वारा 200 भगवा गमछा वितरित किया गया तथा स्टॉल लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान धुरकी थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के नेतृत्व में सुरक्षा बल तैनात रहा। मौके पर संतोष जैसवाल, दामोदर जैसवाल, रवि सिंह, रंजित, हरिओम, कृष्ण सिंह, सुदर्शन गुप्ता, अखिलेश यादव, रघुनाथ सिंह, हरिलाल सिंह, रोहित कुमार, रंजन कुमार, अभिषेक कुमार सूरज भान सिंह आदि मौजूद थे।

मां चतुभुर्जी व सूर्य मंदिर में हवन, भंडारा

नवीन मेल संवाददाता। केतार

श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी मंदिर और नारायण वन के सूर्य मंदिर में विधिवत पूजा और हवन किया गया। भंडारे का आयोजन किया गया। शाम में मां चतुभुर्जी मंदिर में 11 हजार दीप जलाये गये। नारायण वन के सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य को 56 भोग लगाकर ग्यारह सौ दीप जलाये गये। मौके पर मां चतुभुर्जी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, राम प्रवेश ठाकुर, बाल मुकुंद पाठक, सूर्य मंदिर

अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, अजय सिंह, रविकांत चंद्रवंशी, सुरेन्द्र सिंह, हीरामण साह, रमेश बियार, अशोक पासवान, ललन देव आदि मौजूद थे।

परती में निकली गई शोभायात्रा : अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड की परती-कूशवानी पंचायत में श्री राम लला, जानकी, लखन और बजरंगबली का झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गयी, जिसने परती गांव से शुरू होकर कूशवानी, छाताकुड़, योगीयावीर, बत्तों कला गांव का भ्रमण किया।

थाना प्रभारी ने लगाया कल्पतरु का पौधा

मेराल। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर वाटिका में कल्पतरु का पौधा लगाया गया। मौके पर पंडित दिनेश पाठक बलराम शर्मा, भारत भूषण तिवारी, विवेकानंद चौबे, ब्रजेश कुमार मिश्रा, आरक्षी राजू दुबे, संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

शोभायात्रा व भंडारे का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। कांडी

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रखंड क्षेत्र में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रखंड मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इसने पूरे नगर का भ्रमण किया। शोभायात्रा में भगवान राम की झांकी शामिल थी। उधर सूर्यमंदिर निर्माण व छठ पूजा कमिटी के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही नवयुवक संघ कांडी की ओर से चाय कॉफी व अल्फा कम्प्यूटर की ओर से भी भंडारे का आयोजन किया गया। युवा संघर्ष सेना के तत्वाधान में भी शिवपुर गांव स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण से शोभायात्रा निकली। इसका नेतृत्व सेना के हेड अनूप उपाध्याय उर्फ बड्डू उपाध्याय कर रहे थे। सेमौरा गांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर से चंद्रशेखर पांडेय के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गयी। सुबह से सुंदरकांड का पाठ किया गया व रात्रि में राम संकीर्तन का आयोजन किया

गया। सतबहिनी झरणा तीर्थ स्थल पर भी हवन, रामायण पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित हिमांशु पाठक, राम उचित पांडेय, आनंद पांडेय, पंटुल पांडेय व नटवर पांडेय, सतबहिनी के संत हरिदास, लाला पांडेय, निरंजन सिंह, शंभूनाथ सिंह, अशर्फी सिंह, रघुनंदन राम, शिवप्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

मेराल में मंदिरों-घरों में दीप जलाकर मनाई गई खुशी

नवीन मेल संवाददाता। मेराल

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को प्रखंड के मंदिरों में भजन, अखंड कीर्तन, जुलूस, रैली, सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मेराल मे मां शायर देवी धाम संचालन समिति द्वारा भव्य जुलूस, बाइक रैली, भजन कीर्तन भंडारा का आयोजन किया गया। जुलूस देवी धाम से प्रारंभ होकर नेनुआ मोड़ हॉस्पिटल चौक, बस स्टैंड बाजार टोला से होते हुए मंदिर

परिसर पहुंची। देवी धाम संचालन समिति ने प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार आदि को सम्मानित किया गया। शाम के समय प्रायःसभी घरों व मंदिरों में हिंदू धर्मावलंबियों ने दीप जलाकर खुशी मनाई।

अभाविप ने किया रामोत्सव का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को श्री राम उत्सव का आयोजन सदर प्रखंड के कोरवाडीह गांव में किया गया। इसमें प्रमुख रूप से प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुवेर्दी, प्रदेश सविष्कार सहसंयोजक हरिओम, जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी, नगर मंत्री सरोज कुमारी मौजूद रहे।

इस मौके पर सम्मानित होने वालों में भगवान चौधरी, विश्वनाथ चौधरी, मंगरु चौधरी, रामप्रीत चौधरी, मोती चौधरी, बनवारी

चौधरी, कोलू चौधरी, लखन चौधरी, लालू साहब, लक्ष्मण, लक्ष्मी, ननकू चौधरी, सुमेर चौधरी, विनोद राम सहित 25 लोग शामिल रहे। मौके पर पंडित हर्ष चौबे, सन्नी, ममता, सोनम, पुनम, सुमेर चौधरी, चंचल जी, रामू कुमार, सोनु, छोटू आदि उपस्थि रहे।

डंडई प्रखंड में जुलूस व महाभंडारे का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। डंडई

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को प्रखंड राममय रहा। मंदिरों में सुबह से शाम तक पूजा पाठ होता रहा। कहीं महा भंडारा का आयोजन तो कहीं झांकी निकाली गई। डंडई व सोनेहरा गांव में भव्य जुलूस निकाला गया। वहीं डंडई में महाभंडारा का आयोजन किया गया। डंडई स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित महा भंडारा में श्रद्धालुओं ने पूड़ी सब्जी और खीर का आनंद लिया। सोनेहरा गांव में निकली गई

भव्य झांकी में पौरुष कुमार सिंह हनुमान, सामंत कुमार यादव राम, अजीत कुमार प्रजापति सीता, अरविंद कुमार प्रजापति लक्ष्मण, अरविंद कुमार यादव, भारत और नीतीश कुमार यादव ने भगवान शत्रुघ्न का किरदार निभाया।

आस्था भगवा वस्त्र में सुसज्जित भीड़ देखते ही बन रही थी

रमना में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता। रमना

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। रमना मानस मंदिर के प्रांगण से निकाली गयी शोभा यात्रा नीचे बाजार स्थित दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर होते हुए भगत सिंह चौक से वापस आकर समाप्त हो गयी। जुलूस में शामिल भगवा वस्त्र में सुसज्जित महिला एवं पुरुषों की भीड़ देखते ही बन रही थी। इस दौरान हो रही आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा से श्रीरामोत्सव का आनंद दोगुना हो रहा था। इस अवसर पर युवा शक्ति ग्रुप, दुर्गा मंदिर, मानस मंदिर एवं मां चतुभुर्जी मंदिर सिलीदाग की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ संजय कुमार, थाना प्रभारी

कृष्ण कुमार कुशवाहा, रमना मुखिया दुलारी देवी, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, अजित सोनी, धनज्जय सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, श्यामकिशोर गुप्ता, मुन्ना गुप्ता आदि मौजूद थे।

गायत्री शक्तिपीठ में मना रामोत्सव : गढ़वा। गायत्री परिवार द्वारा श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत रविवार को अखंड कीर्तन से की गयी। दूसरे दिन सोमवार को दोपहर में यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित महिलाओं ने राम भजन प्रस्तुत कर उत्सव मनाया। मौके पर जिला समन्वयक विनोद पाठक, शोभा पाठक, सुनीता देवी, शकुंतला देवी, शांति देवी, सरयू चंद्रवंशी, अखिलेश कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, अनिल विश्वकर्मा, प्रभुदयाल प्रजापति, वृंदा ठाकुर, नंदू ठाकुर, संत कुमार, चंद्रमणि, संदीप कुमार अजीत शर्मा, गौतम विश्वकर्मा, उतम विश्वकर्मा उपस्थित थे।

सतबहिनी झरना तीर्थ के मंदिरों में प्रगति पर सुंदरीकरण कार्य

कांडी। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में अवस्थित सभी नौ मंदिरों, ब्रह्मलीन महर्षि श्याम दास बाबा की कुटिया सह समाधि, प्राचीन यज्ञ मंडप, नवीन यज्ञ शाला, कार्यालय भवन व इसके अहाता आदि की सफाई, मरम्मत व पेंटिंग का कार्य इन दिनों प्रगति पर है। इसकी जानकारी देते हुए समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि पिछले छह सालों से ये सभी धार्मिक धरोहर उपेक्षित पड़े थे। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के प्रभार लेते ही हजारों की संख्या में आम जनों ने एक ही गुहार लगाई कि सबसे पहले उपेक्षित पड़े इन धरोहरों पर ध्यान दिया जाए। फलस्वरूप 25 फरवरी 2024 से 24वें मानस महायज्ञ के आयोजन से पहले इन सबों की सफाई, मरम्मत व पेंटिंग का निर्णय लिया गया।

श्रीराम जानकी मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

प्रखंड के तोरेलावा श्रीराम जानकी मंदिर में तीन दिनों के अनुष्ठान के पश्चात सोमवार को मंदिर के गर्भगृह में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कर दी गई।

इसके पूर्व मंदिर परिसर में विद्वान आचार्य विनोदानंद जी महाराज के नेतृत्व में पांच विद्वान की टोली ने तीन दिनों अनुष्ठान किया गया, जिसमें यजमान की भूमिका मंदिर के पुजारी पं इंद्रजीत पाठक ने निभाई।

वहीं अयोध्या से पधारी मानस कथावाचक शैल मिश्रा, रोहतास के सुरेश शास्त्री और रजबरिया के धर्मराज पांडेय द्वारा प्रवचन का कार्य किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। सोमवार को श्रीरामलला की प्रतिमा की श्रद्धालुओं ने कंधे पर लेकर मंदिर की परिक्रमा कराने के बाद मूर्ति स्थापित की गई। महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर पंडित जयशंकर वैद्य, अजय वैद्य, सत्यकुमार वैद्य, रामानुज वैद्य, कामेश्वर पाठक, धर्मजीत पाठक, प्रयागदत्त पाठक, नंदकुमार पाठक, सुरेंद्र मेहता, मिथिलेश कुमार पाठक, कमलाकांत पाठक, सुनील पाठक, राकेश पाठक, संजय मेहता, अशोक यादव, संजय मेहता आदि उपस्थित थे।

खरौंधी में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

खरौंधी। प्रखंड कार्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के झंडोत्तोलन को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। इसमें प्रखंड के दस स्थानों पर झंडोत्तोलन को लेकर समय का निर्धारण किया गया, जिसमें प्रखंड कार्यालय में नौ बजे, थाना परिसर में 9:25 बजे, मध्य विद्यालय खरौधी 9:40 बजे, उच्च विद्यालय खरौंधी 9:50 बजे, तहसील भवन खरौंधी 10:00 बजे, उपस्वास्थ्य केंद्र खरौंधी में 10:10 बजे, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक खरौंधी 10:20, बीआरसी खरौंधी 10:30 शाखा डाकघर खरौंधी 10:40 बजे, एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खरौंधी में 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा। बैठक में बीपीओ कमलेश कुमार, नाजिर संजय सक्सेना, कौशलेश शुक्ला, मयंक कुमार, भाजपा नेता बसंत यादव, समाजसेवी ब्रिजविहारी द्विवेदी, विवेकानंद यादव मौजूद थे।

एक नजर

जविप्र दुकानदार के घर में लगी आग, सबकुछ हुआ खाख

भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र के बड़ागांई गांव में जनवितरण प्रणाली दुकानदार हरी हजाम के घर में आग लगने से करीब सात लाख का सामान जल कर राख हो गया। अगलगी के बाद घर में न तो कुछ खाने को बचा है और न ही पहनने को। जनवितरण के तहत बांटने के लिये रखा चार पैकेट चावल दो पैकेट गेहूं और दो पैकेट दाल भी जल गया। लोगों ने बताया कि बक्से में रखे कपड़े, जेवरात, जमीन के कागजात, घर बनाने के लिये रखा 50 हजार रुपये, लेपटॉप, फ्रिज भी जल गये। विगत रात नौ और दस बजे के बीच आग लगी थी। इस दौरान नेत्रहीन हरी हजाम, उसका बेटा दीपक ठाकुर और बहू उमा कुमारी दूसरे कमरे में खाना खा रहे थे। आग का आवाज सुन बाहर निकलने पर देखा कि दूसरे कमरे में आग लगी है। देखते ही देखते दो कमरों में आग लग गई। आसपास के लोग भी तबतक जुट गये थे। लेकिन आसपास पानी का व्यवस्था नहीं होने के कारण आग बुझाने में असमर्थ थे। थाने को सूचना देने के बाद आधे घंटे में पहुंची अग्निशमन गाड़ी द्वारा आग में काबू पाया गया। तबतक सब कुछ तबाह हो चुका था। जनवितरण प्रणाली ही उसके परिवार के आमदनी का जरिया था। अगलगी से उसकी पूंजी सहित सब कुछ बर्बाद हो गया।

वोटर लिस्ट का प्रकाशन

लोहरदगा। निर्धारित समयानुसार जिले के सभी मतदान केंद्र में सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां एवं उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने मध्य विद्यालय कैरो मतदान केंद्र संख्या 167 एवं 168 में पहुंचकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। इसके अलावे विभिन्न मतदान केंद्रों पर अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता का भी दायित्व है कि अपने मतदान केंद्र में प्रकाशित मतदाता सूची से नाम आदि मिलान कर ले। जिले में 22.01.2024 के मतदाता सूची प्रकाशन के आधार पर कुल मतदाता 279620 जिसमें 138597 पुरुष तथा 141022 महिला तथा अन्य एक है। 18 से 19 वर्ष के 9079 मतदाता, जबकि 80 वर्ष से अधिक के 3018 मतदाता सूची में है। मतदाता सूची के अनुसार लिंगानुपात 1017 है।

राम उत्सव मनाया

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में सोमवार को भजन कीर्तन और उत्सव का आयोजन किया गया। अयोध्या में होने वाले समारोह का लाइव प्रसारण सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं और भैया - बहनों ने देखा। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

कंबल का वितरण

भंडरा। अकाशी पंचायत के मुखिया बितनी उरांव ने सोमवार को पंचायत के दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। बता दें कि जहां एक ओर मौसम के करवट लेते ही ठंड ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है, वहीं विगत आठ दिनों से सूर्य नारायण के दर्शन भी दुर्लभ हो गए। ऐसी कसर्दी से बचने के लिए लोग आग का सहारा ले रहे हैं। मौके पर साधु उरांव, बिगा पाहन, अनुराग तिवारी, तेतरा उरांव मौजूद थे।

राम नाम से गूंजा पूरा भंडरा, चट्टी, कुम्हारिया में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा

प्रखंड के भंडरा, चट्टी, कुम्हारिया सहित सभी गांवों में एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम के उत्साही नारों से प्रखंड गूंज रहा था। मौका था अयोध्या में भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत हिंदू संगठनों द्वारा भंडरा, कुम्हारिया व चट्टी में निकाली गई विशाल शोभायात्रा का। शोभायात्रा इतनी विशाल थी कि सभी राम भक्त अपने प्रतिष्ठान व अपने सभी कार्य छोड़ कर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए व्याकुल थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि स्वतःस्फूर्त समग्र हिंदू समाज सड़क पर आ गया है। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग, क्या महिलाएं ठंड की परवाह किसी को नहीं थी। शोभायात्रा में मातृशक्ति सबसे आगे

थी। हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के लोग अपनी उपस्थिति से यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। प्रखंड के विभिन्न कोने से आए हुए लोग यात्रा में उपस्थित थे। जो लोग यात्रा में सम्मिलित नहीं थे, वह अपने छतों से पुष्प वर्षा कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे थे। यात्रा का मुख्य आकर्षण यात्रा में सम्मिलित झांकियां और बच्चों द्वारा बजाया जा रहा बैंड था। यात्रा का आरंभ ठाकुरबाड़ी मंदिर से हुआ। विश्व हिंदू परिषद के आनंद दुबे ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है जो इस क्षण के साक्षी हैं।

अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम का हुआ सीधा प्रसारण

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को प्रखंड में भक्तगण भगवान श्रीराम के भक्ति में लीन नजर आए। विभिन्न मंदिरों व अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। हेसवे, चौकनी, चन्दवा गढ़गांव, बुटी, झखरा, कोराम्बे, चींटी, बदला, बरही, सेरेंगहातु, अरु, चंदकोपा सहित अन्य जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही भक्त जनों द्वारा पिूजा की गई। साथ ही जगह-जगह पर भंडारा व संध्या में आरती व कीर्तन आयोजित किया गया। संध्या के समय सभी घरों में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्राम हेसवे में मंदिर के समीप लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम को प्रसारित किया गया। शांति व सद्भाव के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हो सके इसके लिये सभी मंदिरों, चौक चौराहे पर पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह क्षेत्र में दल बल के साथ भ्रमण करते नजर आये। मौके पर मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, अजय पंजक, अजातशत्रु, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी, रामजीत यादव, त्रिलोकी सिंह, जयप्रकाश गोस्वामी, तिवारी उरांव, रोहित गोस्वामी, राजेश मुंडा, महादेव यादव, सोनू गोस्वामी आदि मौजूद थे।

लोहरदगा शहर हुआ राममय, मंदिरों में विशेष अनुष्ठान, हनुमान चालीसा का पाठ

15051 लड्डुओं का श्री राम को चढ़ाया गया भोग, जगह-जगह भंडारे का किया गया आयोजन

राहुल कौशल। लोहरदगा

अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या समेत पूरे देशभर में रामोत्सव मनाया गया। वही जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। कहीं जुलूस तो कहीं झांकियां निकाली गई। इधर लोहरदगा में भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाको में भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर रामभक्तों में उत्साह का माहौल देखा गया। जगह-जगह धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। पूरे जिले में रामभक्त अपने-अपने तरीके से प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

इस खास पल को यादगार बनाने में जुटे रहे। दिनभर भक्ति गीत लहरियां बज रही थी। कही राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, तो कही मेरे घर राम आये है, तो कही आज श्री राम पधारे है के गाने बज रहे थे। लोग मन्दिरो में विशेष अनुष्ठान के साथ पूजा अर्चना करने में जुटे हुए थे। जगह जगह मन्दिरो ने पूजा हवन के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती की गई। उसके बाद भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। इधर बरवाटोली चौक में अमन रोडवेज के द्वारा 15051 लड्डुओं का भोग भगवान को चढ़ाया गया। सड़क पर जितने वाहन चल रहे थे सभी वाहन चालकों को रोककर भगवान का प्रसाद दिया जा रहा था। वही गुदरी बाजार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में हवन पूजन के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती का आयोजन किया गया। उसके बाद भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। इधर बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर और मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मन्दिरो को विशेष रूप से सजाया जाता था। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। बरवाटोली स्थित हनुमान मंदिर में भी विशेष अनुष्ठान भक्तो के द्वारा किया गया। उसके बाद खीर प्रसाद व लड्डू का भोग लगाकर भक्तो के बीच बांटा गया। इधर मैना बगीचा स्थित श्री शनि मंदिर के प्रांगण में अनेकों कार्यक्रम निर्धारित किए गये। मैंना बगीचा के राम भक्तों के द्वारा प्रभु श्री राम को प्रिय भजन,

राम धुन, श्री राम जय राम जय जय राम मंत्र, हनुमान चालीसा इत्यादि का गान प्रारंभ किया गया। वही मोहल्ले की महिलाओं के द्वारा कीर्तन किया गया।अयोध्या में होने वाली भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखलाया गया। रात्रि में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम घर-घर में किया गया। लोगो ने अपने घरों में भगवा ध्वज लगाया। कुल मिलाकर कहा जाय तो पूरा शहर भगवामय और राममय हो गया था। हर ओर भगवा ध्वज फहराया गया था। लोग अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाए हुए थे। रास्ते मे भगवा पताका सड़को की शोभा बढ़ा रही थी। शहरी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे व गली मोहल्लों में कोई भी ऐसा सड़क नहीं बचा हुआ था जहां भगवा पताका नही लगा हो। हर ओर भगवान राम और हनुमान जी की भक्ति गीत सुनाई दे रही थी। महिलाये व युवतियों की टोली भजन कीर्तन कर रही थी।

वहीं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन भी मुस्तैद नजर आई। सभी थानों की पुलिस अलर्ट मोड पर रही। संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में पुलिस वालों की तैनाती कर दी गई थी। इधर राज्य सरकार ने सभी सरकारी कार्यालयों में आधे दिन के छुट्टी की घोषणा कर दी। साथ ही सभी जिलों को अलर्ट जारी किया है, ताकि कहीं भी अशांति की स्थिति उत्पन्न न हो। गौरतलब है कि रविवार को ही उपायुक्त एवं एसपी ने जिले के शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का अहसास लोगो को कराया था। इस फ्लैग मार्च के जरिये लोगो से शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपील की गई थी। असामाजिक तत्वों के लिए यह फ्लैग मार्च चेतावनी थी। पुलिस प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व ही बयान जारी कर शांति भंग करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाई करने की चेतावनी दी थी। वही सभी पुलिस पदाधिकारी को विधि- व्यवस्था के संधारण को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए थे। लोगो से शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव मनाने की अपील की गई थी।

सांसद ने लोहरदगा के विभिन्न मंदिरों का किया भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

अयोध्या जी में राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर लोहरदगा के विभिन्न मंदिरों में भव्य रूप से पूजा अर्चना की गई। सांसद सुदर्शन भगत ने दुर्गा मंदिर बरवाटोली, राम मंदिर राणा चौक, हनुमान मंदिर महावीर चौक, बड़ा हनुमान मंदिर गुदरी बाजार, निर्माणधीन हनुमान मंदिर राजा बंग्ला का भ्रमण कर भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया। लोगों के साथ मंदिरों में पूजा की। महावीर चौक में कारसेवकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि इस दिन और इसके लिए किए गए संघर्ष को बखान नहीं किया सकता। आज भारतवर्ष की सांस्कृतिक एवं पौराणिक धरोहर को पुनः स्थापित किया गया। हम सौभाग्यशाली हैं कि इस क्षण का साक्षी बन रहे हैं। ईश्वर ने मोदी जी सहित असंख्य लोगों को इस पुण्य कार्य के लिए चूना और आज हमारा सपना सफल हुआ। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मित्तल, सुनील अग्रवाल, नवल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सतीश जायसवाल, अनिल गुप्ता, सचिन साहू, पशुपतिनाथ पारस समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का किया गया सामूहिक पाठ

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर अत्यंत उत्साह पूर्ण वातावरण में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पूरे विद्यालय को रंगोली एवं ध्वजा पताका द्वारा सुसज्जित किया गया। इसके पश्चात दैनिक वंदना का कार्यक्रम संपादित हुआ। सभी आचार्य बंधु भगिनी ने श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण वातावरण में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का सामूहिक सस्वर पाठ किया। आरती एवं पुष्पांजलि के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद अयोध्या में होने वाले समारोह का लाइव दिखाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास आदि उपस्थित थे।

भंडारे में शामिल हुईं आशा लकड़ा और गंगोत्री कुजूर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

श्री अयोध्या धाम में श्रीरामलला जी के अपने दिव्य भव्य मंदिर में विराजमान होने के अवसर पर ग्राम हेसवे में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहां बड़े डिजिटल स्क्रीन में श्रीराम लला जी के मन्दिर में विराजमान होने की पूजन प्रक्रिया दिखाई गई और इसके साथ ही गाजे बाजे के साथ सबों के आदर्श श्रीरामलला जी के अपने दिव्य भव्य मंदिर में पुनः विराजमान होने की घड़ी को ऐतिहासिक रूप से भक्तिपूर्ण और अविस्मरणीय बनाया। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा मुख्य अतिथि और मांडर विधानसभा की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर विशिष्ट अतिथि के रुप में इस कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में आशा लकड़ा ने कहा कि आज सदियों का वनवास काटने के बाद हमसबों के आराध्य का वनवास समाप्त हुआ है और वे टेंट से अपने दिव्य भव्य मन्दिर में पुनर्स्थापित हुए हैं। पीढ़ियों ने इस दिन के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया है तब जाकर आज यह शुभ घड़ी आई है। हमारे प्रधानसेवक पीएम नरेन्द्र मोदी का अथक परिश्रम और उनकी तपस्या इसमें सम्मिलित है। गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आज हमारे आदर्श और राजा के अपने दिव्य भव्य मन्दिर में आगमन होने के साथ ही श्रीरामराज्य का आरम्भ हुआ है। अब आनेवाले दिनों में पुनः भारतवर्ष सम्पूर्ण विश्व का अग्रज और विश्वगुरु बनेगा। इस पावन अवसर पर हमें जी भरकर खुशियां मनानी चाहिए और दीपावली मनाकर धूमधाम से इस दिन को इस क्षण को अतुलनीय बनाना चाहिए था जिसे आज हमसबों ने मिलकर बनाया। कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु सहित हेसवे के आसपास के सभी ग्रामों के लोगों ने वहां उपस्थित होकर इस अतुलनीय, अविस्मरणीय दिव्य घड़ी में प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी और पुण्य के भागी बन बनें और अपने जीवन को कृतार्थ किया।

सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का किया पाठ

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पर भव्य तरीके से सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ विद्यालय के सभी भैया बहन के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही एकल गीत, सामूहिक भजन आयोजित किया गया। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा आयोजित होने पर उमंग से विद्यालय प्रांगण को भगवान श्रीराम और हनुमान जी ध्वज पताका से सजाया गया था। साथ ही दीपोत्सव तथा रंगोली का भी कायोजन किया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम जी का प्रण प्रतिष्ठा होने से सनातन धर्म के प्रेमियों व कारसेवकों का बलिदान का सपना साकार हुआ है। साथ ही कहा कि आज करोड़ो देशप्रेमियों को उत्साह मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। आज का दिन युगों युगों तक सदैव याद रहेगा.इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारी एवं अभिभावक,पूर्वछात्र छात्राएं एवं क्षेत्र के गण्यमान लोगों के अलावे डॉली कविता, जयप्रकाश सिंह, चांदनी कुमारी, रामशिला उरांव, संध्या कुमारी, राजकिशोर उरांव सहित सभी आचार्य आचार्य व भैया बहन उपस्थित रहे।

पहल अयोध्या में हुए श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का किया गया लाइव टेलीकास्ट

विहिप, बजरंग दल की अगुवाई में कारसेवक सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता की अगुवाई में विशेष अनुष्ठान हनुमान मंदिर में किया गया। सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा महावीर चौक अपर बाजार में अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। मौके पर उपस्थित बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने लोहरदगा जिला के सभी राम भक्तों को प्राण

प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे जिले वासियों को बधाई दिया। सनातन धर्म से वेशभूषा प्रतियोगिता भी की गई। महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति के अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल संदीप पोद्दार, नवीन पटेल, अशोक कसकर, प्रियांशु कुमार, चीकू, सतीश जैसवाल, कृपा शंकर सिंह, अनुभव काशकार, चंदन गोप, रोशन कुमार, हसमुख रंजन, प्रमोद प्रजापति, राजेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, शिव शंकर, डॉक्टर कुमुद, केशव महतो, नवल अग्रवाल, टी साहू, शिवदयाल साहू, यशस्वी और राम भक्त उपस्थित थे। साथ ही साथ दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की भी माताएं और बहनें उपस्थित थी। इधर कार सेवको को लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत के हाथों से सम्मानित भी कराया गया। सम्मानित हुए कारसेवकों में गणेश महतो, राजेश अग्रवाल, अशोक कुमार, राजेश कुमार सोनी, ओम सिंह, बृज बिहारी प्रसाद, अजय मित्तल, उमेश कसकर, मदन मोहन पाठक, उदित महतो, संजय साहू, नारायण महतो, आशीष राणा, कृष्ण मुरारी पाठक, रामेश्वर उरांव, सोहन मुंडा, आदि शामिल हैं। इधर अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने के शुभ अवसर पर लोहरदगा हरमू पंचायत के रघु टोली गांव निमित्त महावीर बजरंगबली मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड एवं प्रभु श्री राम जी की आरती कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रघु टोली के राम भक्त ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप, सुनील गोप, चमन गोप, पंडित सुशांत, कुंदन गोप रंजन गोप शुभम यादव प्रीतम गोप विकास को सुनीता देवी अनीता देवी कमला कुमारी ललिता कुमारी ज्योति कुमारी आरती कुमारी अलदीप गोप एवं आनेको राम भक्त उपस्थित थे।

सेन्हा में कारसेवकों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को हिन्दू संगठन द्वारा दुर्गा मंदिर प्रांगण में कारसेवकों को सम्मानित किया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप नवनिर्मित दुर्गा मंदिर प्रांगण में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रम आहूत किया गया। इसी निमित विश्व हिंदू परिषद, सरना सनातन व बजरंग दल के द्वारा कारसेवकों को अस्त्र शस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वैसे लोगों को सम्मानित किया गया जिनका रामलला मंदिर निर्माण में योगदान रहा है। इनमें स्व. जलेश्वर महतो, संजय साहू, जयप्रकाश साहू, स्व. जतन साहू, स्व. नरेश साहू, केशनी साहू, रामसेवक साहू, हर्षनाथ महतो शामिल थे। मौके पर भाजपा राष्ट्रीय सचिव सह रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा, रंजीत साहू, अजित महतो, जोधनरायण साहू, संतोष महतो, दशरथ साहू, सरिता देवी, साबित देवी, राखी कुमारी, उषा देवी, पूनम देवी, विमला देवी आदि उपस्थित थे।

खबरें व्यापार जगत की

देश के पहले एयरबस ए350 विमान ने यात्रियों के साथ भरी बेंगलुरु से मुंबई की उड़ान

एजेंसी। बेंगलुरु

एयर इंडिया ने सोमवार को देश के पहले ए350-900 विमान के साथ अपनी पहली शिड्यूल वाणिज्यिक उड़ान शुरू की - जो क्रू के लिए नई बोल्ड एयर इंडिया पोशाक में पहली उड़ान भी थी। फ्लाइट एआई 589 बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से समय पर मुंबई के लिए रवाना हुई, जिसमें जिसमें लगभग सभी सीटें भरी थीं। एयरबस कंपनी के इस विमान को हाल ही में हैदराबाद में विंग्स इंडिया ग्लोबल एविएशन समिट में प्रदर्शन के लिए खड़ा रखा गया था, जहां जनता को आईएफई और विशिष्ट इन-फ़्लाइट सुविधाओं की पहली झलक मिली।

एयर इंडिया के ए350-900 विमान में 316 सीटों के साथ तीन श्रेणी का केबिन कॉनफिगरेशन है - पूरी तरह फ्लैट बेड के साथ 28 निजी बिजनेस सुइट्स, अतिरिक्त लेगरूम और अन्य सुविधाओं के साथ 24 प्रीमियम इकोनॉमी सीटें और 264 इकोनॉमी सीटें। विमान की सभी सीटों में बेहतर उड़ान अनुभव प्रदान करने के लिए नवीनतम पीढ़ी के पैनासोनिक ईएक्श3 इन-फ़्लाइट मनोरंजन प्रणाली और एचडी स्क्रीन की सुविधा है जो विमान में हमारे मेहमानों के लिए एक बिल्कुल नई सामग्री पेश करेगी।

रोल्स रॉयस ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन से सुसज्जित, ये विमान अन्य समान विमानों की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक ईंधन कुशल हैं, ईंधन उत्सर्जन को कम करते हैं और टिकाऊ संचालन सुनिश्चित करते हैं। एआई 589 मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छह दिन संचालित होगा। बेंगलुरु से 0705 बजे प्रस्थान करेगा और 0850 बजे मुंबई में उतरेगा।

अमेरिकी विमानन एजेंसी बोइंग विमान के दूसरे मॉडल का भी करेगी निरीक्षण

लंदन। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि इस महीने की शुरूआत में अमेरिका में बोइंग के एक विमान के अप्रयुक्त दरवाजे के उड़ान के दौरान उखड़ने के बाद दूसरे बोइंग विमान मॉडल की जांच की जाएगी। जमीन से हजारों फीट ऊपर एक केबिन पैनल टूट जाने के बाद अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने 737 मैक्स 9 बेड़े में से 170 से अधिक की उड़ान रोक दी है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एजेंसी ने कहा कि एयरलाइंस को पुराने 737-900ईआर मॉडल का भी निरीक्षण करना चाहिए। जिसमें दरवाजे की डिजाइन उसी तरह का है। एफएए ने इस कदम को सुरक्षा की अतिरिक्त परत बताया।

कुरुवई धान की पैदावार 25 प्रतिशत कम होने से तमिलनाडु के किसान निराश

चेन्नई। तमिलनाडु में कुरुवई धान का मौसम लगभग खत्म होने के साथ राज्य के किसान बेहद निराश हैं। वह अच्छी फसल की उम्मीद कर रहे थे। तमिलनाडु के डेल्टा बेल्ट में कुरुवई धान की पैदावार उम्मीद से 25 प्रतिशत से नीचे गिर गई है। जबकि किसान प्रति एकड़ न्यूनतम 30 बोरी धान की उम्मीद कर रहे है, कई मामलों में यह 25 बोरी से नीचे चला गया है जिससे नुकसान हुआ है। प्रत्येक बोरी धान का वजन लगभग 80 किलोग्राम है। किसान संघ के नेता के करुप्पुसामी ने कहा कि हम प्रति एकड़ 2400 किलोग्राम धान की फसल की उम्मीद कर रहे थे लेकिन यह काफी कम हो गई है और जिन लोगों को कम से कम 2100 किलोग्राम धान मिला। वे काफी भाग्यशाली हैं। हमें नुकसान हुआ है और लगातार नुकसान से किसानों के लिए बड़ी वित्तीय संकट पैदा हो जायेगा।

पेटीएम का जोर लागत घटाने और एआई पर रहेगा

नई दिल्ली। फिनटेक दिग्गज पेटीएम ने कहा है कि उसकी नजर व्यावसायिक दक्षता में सुधार लाने के लिए आर्टीफिशल इंटेलीजेंस आधारित प्रणालियों के इस्तेमाल पर है। कंपनी के अधिकारियों ने तीसरी तिमाही के नतीजों के अवसर पर विश्लेषकों के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। पेटीएम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ज्यादा व्यावसायिक विस्तार करने के बजाय हम अपने प्लेटफॉर्म पर मशीन और प्रणालियों की क्षमता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इन प्रणालियों में वृद्धि बरकरार रहेगी। व्यवसाय की परिचालन दक्षता में सुधार के लिए तकनीक-आधारित प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करने की यह पहल कंपनी द्वारा कर्मचारी लागत तर्कसंगत बनाने के प्रयासों के बीच शुरू की जा रही है। कर्मचारी लागत ढांचे को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया में नियुक्ति रणनीति में बदलाव लाना, कर्मियों को अनुबंध पर रखना, सख्त परफॉरमेंस अप्रेजल जैसे बदलाव शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि इस समय एआई के जरिये हम कम लोगों के साथ ज्यादा कुशलता से काम कराने में सक्षम हैं। कुछ ऐसी दक्षताएं हैं जो टेक्नोलॉजी-आधारित और एआई संचालित हैं। कंपनी ने पिछली कुछ तिमाहियों में अपनी कर्मचारी लागत में गिरावट दर्ज की है। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के लिए कर्मचारी लागत 809 करोड़ रुपये थी, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के 807 करोड़ रुपये से कुछ अधिक है।

कंपनियों के मुनाफे में आई सुस्ती, वृद्धि की रफ्तार पिछली 14 तिमाहियों में सबसे कम

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के अभी तक आए कारोबारी परिणामों से लगता है कि कंपनियों के मुनाफे में इजाफे की रफ्तार मंद पड़ रही है। उनकी आय में इजाफा तो और भी सुस्त रफ्तार से हो रहा है। अभी तक जिन कंपनियों के नतीजे आए हैं, उनमें से 215 का कुल मुनाफा 2022-23 की तीसरी तिमाही के मुकाबले 12.5 फीसदी बढ़ा है। जो 14 तिमाहियों में सबसे धीमी रफ्तार रही। इन कंपनियों की शुद्ध बिक्री साल भर पहले के मुकाबले केवल 9.4 फीसदी अधिक रही। जो दिसंबर, 2020 तिमाही के बाद सबसे खराब प्रदर्शन रहा। उस तिमाही में शुद्ध बिक्री 3.5 फीसदी घटी थी। पिछले साल जुलाई में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी का विलय हुआ था और आंकड़े उसी के हिसाब से दुरुस्त किए गये हैं।

जी द्वारा कथित उल्लंघन के लिए सोनी ने नौ करोड़ डॉलर का समझौता समाप्ति शुल्क मांगा

नई दिल्ली। सोनी ने जी इंटरटेनमेंट इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ विलय समझौते को समाप्त करते हुए उस पर विलय सहयोग समझौता की शर्तों के कथित उल्लंघन का आरोप लगाया और नौ करोड़ डॉलर की समझौता समाप्ति शुल्क की मांग की। उसने भारतीय कंपनी के खिलाफ मध्यस्थता मामला शुरू करते हुए आपातकालीन अंतरिम राहत की मांग की है। जी एंटरटेनमेंट ने एमसीए के कथित उल्लंघनों के संबंध में कल्वर मैक्स और बीईपीएल द्वारा किए गए सभी दावों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है। उसने कहा कि उसके पास इस मामले में सभी उपायों के अधिकार सुरक्षित हैं। कंपनी ने कहा कि वह बोर्ड से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप अपने हितधारकों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। इसमें उचित कानूनी कार्रवाई करना और कल्वर मैक्स तथा बीईपीएल के मध्यस्थता कार्रवाई के दावों का मुकाबला करना शामिल है।

स्थानीय उत्पादन बढ़ने से अप्रैल-दिसंबर में कोयला आयात 40.66 फीसदी घटा

नई दिल्ली। घरेलू कोयले पर आधारित देश का बिजली उत्पादन चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर के दौरान 7.14 प्रतिशत बढ़कर 872 अरब यूनिट हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बिजली उत्पादन 813.9 अरब यूनिट था। कोयला मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, यह देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कोयले के घरेलू उत्पादन में मजबूत वृद्धि दिखाता है। बिजली की बढ़ती मांग के बावजूद, बिजली संयंत्रों द्वारा कोयले का आयात अप्रैल-दिसंबर के दौरान 40.66 प्रतिशत कम होकर 17.08 मिलियन टन (एमटी) रह गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 28.78 मीट्रिक टन था। बयान में कहा गया है कि यह कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता और कोयला आयात को कम करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दिखाता है। भारत में, बिजली पारंपरिक (थर्मल, परमाणु और पनबिजली) और नवीकरणीय स्रोतों (पवन, सौर, बायोमास आदि) से उत्पन्न होती है। हालांकि, कोयला बिजली उत्पादन का प्रमुख स्रोत है, जो कुल उत्पादित बिजली का 70 प्रतिशत से अधिक है। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-दिसंबर के दौरान देश में कोयला आधारित बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 10.13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि इसी अवधि के दौरान कुल बिजली उत्पादन में 6.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

पत्रांक–102/न0प0 , दिनांक– 20.01.2024

आम सूचना

चतरा नगर परिषद अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत वित्तीय वर्ष–2016–17 से 2022–23 तक में कुल–1247, 396, 132 एवं 192 आवासों के डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्राप्त हुई है। कर–संग्रहकर्त्ता, नगर परिषद्, चतरा के द्वारा उक्त डी0पी0आर के लाभुकों का जाँच कराया गया, जिसमें प्रथम दृष्टया निम्नांकित लाभुकों को अयोग्य पाया गया है अथवा इनके द्वारा एक से तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के उपरान्त अपना आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नही किया गया है। विभागीय निदेशानुसार ऐसे लाभुकों को प्रर्त्यपति किया जाना है।

अतः निम्नांकित सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि इस संदर्भ में किसी प्रकार की आपत्ती होने पर एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपके स्वीकृत आवास को प्रर्त्यपित कर दिया जायेगा एवं भविष्य में इसका लाभ नही ले पायेंगे। अयोग्य लाभुकों की सूची निम्न प्रकार है:–

क्रमांक	DPR	लाभुक का नाम	पिता/पति का नाम	वार्ड सं0	अभ्युक्ति
1	1247	Bebi Devi	Ganesh Kumar	1	पक्का का मकान है।
2	1247	Gulshan Ara	Md Abdal	1	पक्का का मकान है।
3	1247	Khushbu Pandey	Param Prakash	1	पक्का का मकान है।
4	1247	Radha Devi	Ashok Bhuiyan	1	पक्का का मकान है।
5	1247	Rekha Devi	Sunil Kumar Ram	1	इच्छुक नही है।
6	1247	Rubi Devi	Sanjeet Ram	1	पक्का का मकान है।
7	1247	Sabba Yasmin	Md Salim Ansari	1	पक्का का मकान है।
8	1247	Satender Prasad	Amrica Prasad	1	पक्का का मकान है।
9	1247	Shyam Kishor Singh	Deep Narayan Singh	1	पक्का का मकान है।
10	1247	Surji Devi	Dinanath Kasera	1	पक्का का मकान है।
11	1247	Uma Devi	Lach Man Ram	1	पक्का का मकान है।
12	1247	Rita Devi	Bablu Ram	2	भूमि विवाद है।
13	1247	Savita Sharma	Surendra Sharma	2	पक्का का मकान है।
14	1247	Kajal Devi	Anil Kumar	3	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
15	1247	Sabnam Khatoon	Md. Jamal	3	पक्का का मकान है।
16	1247	Sangita Devi	Sandeep Kumar	3	पक्का का मकान है।
17	1247	Sundar Bharti	Chhedi Bharti	3	इच्छुक नही है।
18	1247	Anil Kumar Thakur	Bansraj Thakur	4	पक्का का मकान है।
19	1247	Anita Devi	Shankar Prasad	4	पक्का का मकान है।
20	1247	Basanti Debi	Basudeo Thakur	4	पक्का का मकान है।
21	1247	Chinta Devi	Ashok Kumar	4	पक्का का मकान है।
22	1247	Depika Kumari	Sanjay Pathak	4	पक्का का मकान है।
23	1247	Fula Devi	Krishna Yadav	4	पक्का का मकान है।
24	1247	Indrani Sharma	Sanjay Kumar Sharma	4	पक्का का मकान है।
25	1247	Kanti Devi	Papu Thakur	4	भूमि विवाद है।
26	1247	Kausila Devi	Tulsi Rana	4	पक्का का मकान है।
27	1247	Malti Devi	Sanjay Dangi	4	पक्का का मकान है।
28	1247	Mamta Devi	Kirishn Misra	4	पक्का का मकान है।
29	1247	Manju Devi	Aaditya Kumar Rana	4	पक्का का मकान है।
30	1247	Nilam Sinha	Anuj Kumar Pradhan	4	पक्का का मकान है।
31	1247	Rakhi Sinha	Manoj Kumar Pradhan	4	पक्का का मकान है।
32	1247	Renu Devi	Mahesh Prasad	4	पक्का का मकान है।
33	1247	Rina Kumari	Vishwanath Kumar	4	पक्का का मकान है।
34	1247	Sangeeta Devi	Sanjay Kumar Keshri	4	पक्का का मकान है।
35	1247	Shanti Devi	Bahadur Pandey	4	पक्का का मकान है।
36	1247	Sunita Devi	Dilip Kumar Kashyap	4	पक्का का मकान है।
37	1247	Urmila Devi	Kailash Yadav	4	पक्का का मकान है।
38	1247	Dayanand Prasad Kasera	Radhe Shyam Kasera	5	पक्का का मकान है।
39	1247	Devanti Devi	Sanichar Kachhap	5	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
40	1247	Gayatri Devi	Naresh Lal	5	पक्का का मकान है।
41	1247	Julakha Khatoon	Md Tajamul	5	पक्का का मकान है।
42	1247	Kajal Devi	Sunny Lal	5	पक्का का मकान है।
43	1247	Komali Devi	Sikendar Bharti	5	इच्छुक नही है।
44	1247	Lila Devi	Guddu Ravidas	5	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
45	1247	Manju Devi	Ashok Lal Shrivastav	5	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
46	1247	Radhika Kumari	Sanjay Kumar	5	इच्छुक नही है।
47	1247	Rajni Kumari	Akhilesh Kumar Soni	5	पक्का का मकान है।
48	1247	Roshni Praveen	Md Talib	5	पक्का का मकान है।
49	1247	Shobha Sinha	Gopal Krishana Kant Sinha	5	पक्का का मकान है।
50	1247	Tarannum Praween	Md Jauhar Ali	5	पक्का का मकान है।
51	1247	Lalita Devi	Tripurari Prasad	5	पक्का का मकान है।
52	1247	Jawed Rasul	Gulam Rasul	6	पक्का का मकान है।
53	1247	Kunti Devi	Basudew Parjapatti	6	पक्का का मकान है।
54	1247	Shahani Praween	Md Shamim	6	भूमि विवाद है।
55	1247	Md Hasnain	Md Ekram	7	इच्छुक नही है।
56	1247	Md Taukir Alam	Md Yunus Ali	7	इच्छुक नही है।
57	1247	Najma Khatoon	Lt.Abudum Jabbar	7	पक्का का मकान है।
58	1247	Raj Kumari Devi	Lato Thakur	7	इच्छुक नही है।
59	1247	Rowaida Khatoon	Md.Gulam Rasul	7	इच्छुक नही है।
60	1247	Shabnam Perween	Md Wakil	7	पक्का का मकान है।
61	1247	Ambiya Pravin	Md Tajuddin	8	इच्छुक नही है।
62	1247	Jaigun Nisha	Md Sayeed Akhtar	8	भूमि विवाद है।
63	1247	Johara Khatoon	Md. Shafik	8	पक्का का मकान है।
64	1247	Khadija Khatoon	Hasnain Ansari	8	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
65	1247	Md Aqbal	Md Idris	8	ISHDP आवास मिल चुका है।
66	1247	Md Shahnawaz Alam	Md. Israil	8	पक्का का मकान है।
67	1247	Mehrun Nisha	Late Chandu Miyan	8	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
68	1247	Nausad Alam	Md Rabbani	8	पक्का का मकान है।
69	1247	Rekha Devi	Santosh Sharma	8	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
70	1247	Sabiha Khatoon	Zakir Husain	8	पक्का का मकान है।
71	1247	Sabnam Perween	Md Sahabuddin	8	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
72	1247	Samshad Alam	Md Rabbani	8	पक्का का मकान है।
73	1247	Samsun Nisha	Md Hadish	8	पक्का का मकान है।
74	1247	Tamanna Ashrafi	Md Imtiyaz Alam	8	पक्का का मकान है।
75	1247	Tamanna Perween	Md Akram	8	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
76	1247	Tarannum Jahan	Wakil Ahmad	8	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
77	1247	Bebi Devi	Mohan Ram	9	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
78	1247	Rita Devi	Bipin Kumar	9	इच्छुक नही है।
79	1247	Rubi Devi	Ajit Kumar	9	इच्छुक नही है।
80	1247	Anahachi Devi	Kameshwar Bhuiyan	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
81	1247	Anar Devi	Chhotu Bhuiya	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
82	1247	Anita Devi	Gopal Saw	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
83	1247	Anita Devi	Ranjeet Bhuiyan	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
84	1247	Anjum	Intyaz	10	पक्का का मकान है।
85	1247	Asha Devi	Binod Prasad Halvai	10	पक्का का मकान है।
86	1247	Champa Devi	Vijay Mitri	10	पक्का का मकान है।
87	1247	Geeta Devi	Jawahar Saw	10	पक्का का मकान है।
88	1247	Hemanti Devi	Gopal Bhuiyan	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
89	1247	Kajal Kumari	Ganesh Kumar	10	भूमि विवाद है।
90	1247	Kaliya Devi	Mukesh Bhuiyan	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
91	1247	Kanchan Kumari	Anish Kumar	10	भूमि विवाद है।
92	1247	Kelasi Devi	Suraj Ram	10	इच्छुक नही है।
93	1247	Khushboo Kumari	Rajesh Kumar	10	पक्का का मकान है।
94	1247	Masomat Tetri	Bishun Bhuiyan	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
95	1247	Meena Devi	Ssubash Chandra Agtrwal	10	भूमि विवाद है।
96	1247	Mina Devi	Sushil Kumar	10	पक्का का मकान है।
97	1247	Mundari Masomat	Soharai Bhuiyan	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
98	1247	Muni Devi	Ramdas Aw	10	पक्का का मकान है।
99	1247	Pramila Devi	Suresh Prasad Soni	10	पक्का का मकान है।
100	1247	Pratima Devi	Pramod Prasad	10	पक्का का मकान है।
101	1247	Rekha Devi	Naresh Prasad	10	पक्का का मकान है।
102	1247	Sagir Ahmad	Salma Khatoon	10	पक्का का मकान है।
103	1247	Sampatiya Bhuini	Rohna	10	भूमि विवाद है।
104	1247	Soni Devi	Raju Ram	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
105	1247	Sulekha Devi	Anil Ram	10	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
106	1247	Veena Devi	Pramod Kumar	10	पक्का का मकान है।
107	1247	Vina Devi	Vishwanath Prasad	10	पक्का का मकान है।
108	1247	Gulshan Bano	Kamaluddin	11	पक्का का मकान है।
109	1247	Koresha Khatoon	Md Ahasan	11	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
110	1247	Prity Shaw	Amit Saw	11	इच्छुक नही है।
111	1247	Rehana Khatoon	Md Kalam	11	पक्का का मकान है।
112	1247	Roushan Ara	Abdul Hamid	11	पक्का का मकान है।
113	1247	Sajiya Prween	Md Yusuf	11	पक्का का मकान है।
114	1247	Shahida Bano	Md Sajid	11	पक्का का मकान है।
115	1247	Asgari Khatoon	Gulam Mustfa	12	पक्का का मकान है।
116	1247	Guljahan Praween	Md. Arshad	12	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
117	1247	Rabiya Khatoon	Md Mansar	12	पक्का का मकान है।
118	1247	Shabanam Khatun	Md Aslam	12	इच्छुक नही है।
119	1247	Anita Devi	Ram Pravesh Kumar	13	पक्का का मकान है।
120	1247	Anju Devi	Devendra Arya	13	पक्का का मकान है।
121	1247	Kalpana Kumari	Mukesh Kumar	13	पक्का का मकान है।
122	1247	Kanti Devi	Sumer Ram	13	इच्छुक नही है।
123	1247	Lalita Devi	Mahendra Bhuiyan	13	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
124	1247	Sunita Devi	Subesh Bharti	13	इच्छुक नही है।
125	1247	Dolti Devi	Devendra Kumar	14	पक्का का मकान है।
126	1247	Mukesh Kumar	Govind Nishad	14	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
127	1247	Reshma Khatoon	Md Salim	14	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
128	1247	Anita Kumari	Arvind Kumar	15	पक्का का मकान है।
129	1247	Deepmala Devi	Dharmendra Kumar	15	पक्का का मकान है।
130	1247	Komal Kumari	Anil Kumar Paswan	15	पक्का का मकान है।
131	1247	Kuleshwari Devi	Baleshwar Prasad Sahu	15	इच्छुक नही है।
132	1247	Malti Devi	Suresh Saw	15	पक्का का मकान है।
133	1247	Mithlesh Rana	Ghanshyam Rana	15	पक्का का मकान है।
134	1247	Rita Kumari	Bablu Kumar	15	पक्का का मकान है।
135	1247	Savita Kumari	Dilip Kumar Rana	15	पक्का का मकान है।
136	1247	Suman Sahni	Kundan Kumar Sahani	15	पक्का का मकान है।
137	1247	Sunita Devi	Saryu Ram	15	पक्का का मकान है।
138	1247	Radha Devi	Rameshwar Saw	16	इच्छुक नही है।
139	1247	Ranjit Gop	Malti Devi	16	पक्का का मकान है।
140	1247	Arti Devi	Kailash Prajapati	17	पक्का का मकान है।
141	1247	Bedaniya Devi	Tulsi Ram	17	पक्का का मकान है।
142	1247	Chanda Devi	Vishwanth Prasad	17	इच्छुक नही है।
143	1247	Gayatri Devi	Dilchand Prasad	17	पक्का का मकान है।
144	1247	Meera Devi	Shambhu Prasad	17	इच्छुक नही है।
145	1247	Pankaj Kumar	Raju Saw	17	पक्का का मकान है।
146	1247	Renu Devi	Sunil Kumar	17	पक्का का मकान है।
147	1247	Shantee Devi	Lakhan Ram	17	पक्का का मकान है।
148	1247	Sarita Devi	Mithlesh Kumar	18	पक्का का मकान है।
149	1247	Seema Devi	Vijay Prasad	18	पक्का का मकान है।
150	1247	Kalawati Devi	Davrika Prasad	19	पक्का का मकान है।
151	1247	Manju Devi	Ashok Mahesh Mistri	19	पक्का का मकान है।
152	1247	Pinki Kumari	Sikandar Kumar	19	पक्का का मकान है।
153	1247	Salama Khatoon	Md Jawed Siddhiki	19	पक्का का मकान है।
154	1247	Sunita Devi	Birju Mitri	19	पक्का का मकान है।
155	1247	Neha Kumari	Ramswarup Thakur	20	इच्छुक नही है।
156	1247	Radha Devi	Basudev Yadav	20	इच्छुक नही है।
157	1247	Sunita Devi	Mohan Prasad Yadav	20	इच्छुक नही है।
158	1247	Afsana Khatoon	Feyaz Alam	21	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
159	1247	Fuchwa Devi	Basant Paswan	21	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
160	1247	Kamali Devi	Chando Bhuiya	21	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
161	1247	Rupa Devi	Mithilesh Prasad	21	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
162	1247	Sakuntala Devi	Yogendra Kumar Yadav	21	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
163	1247	Sarita Devi	Rajendra Yadav	21	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
164	1247	Bebi Devi	Avadhsh Kumar Singh	22	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
165	1247	Hajara Khatoon	Naim Miyan	22	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
166	1247	Kiran Devi	Lakshman Sahu	22	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
167	1247	Md Mojahir	Md Reyasat	22	इच्छुक नही है।
168	1247	Najiya Pravin	Md Vasim	22	लाभुक चतरा में नही रहता है।
169	1247	Sangita Verma	Arvind Kumar Verma	22	पक्का का मकान है।
170	1247	Savitri Devi	Nandkishor Singh	22	भूमि विवाद है।
171	1247	Shakuntala Devi	Gyani Saw	22	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
172	1247	Soni Masomat	Vasudev Paswan	22	पक्का का मकान है।
173	1247	Swarnlata Devi	Shiv Shankar Kumar	22	पक्का का मकान है।
174	1247	Urmila Devi	Ragunath Ram	22	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
175	1247	Usha Devi	Rajendra Prasad	22	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
176	1247	Prema Devi	Birendra Kumar Verma	22	इच्छुक नही है।
177	396	Jattu Kumar Yadav	Manki Yadav	4	भूमि से संबंधित कागजात नही है।
178	132	Bhagi Devi	Visesar Yadav	21	पक्का का मकान है।
179	192	Mustary Khatoon	Md Maksood Alam	03	इच्छुक नही है।
180	192	Rehana Khatoon	Md Nasim	03	इच्छुक नही है।
181	192	Baby Devi	Mukesh Prasad Keshri	04	पक्का का मकान है।
182	192	Daulti Devi	Arun Kumar Yadav	04	पक्का का मकान है।
183	192	Rina Devi	Rina Devi	04	पक्का का मकान है।
184	192	Sarita Devi	Siya Ram Kuamr	04	पक्का का मकान है।
185	192	Rina Devi	Raju Prasad Soni	05	पक्का का मकान है।
186	192	Juhi Perween	Julfekar Ali	06	पक्का का मकान है।
187	192	Tuni Devi	Mahesh Bharti	06	भूमि विवाद है।
188	192	Fulmanti Devi	Ramlakhan Yadav	07	इच्छुक नही है।
189	192	Pushiya Devi	Naresh Yadav	07	इच्छुक नही है।
190	192	Rekha Kumari	Pradeep Kumar	08	पक्का का मकान है।
191	192	Sunaina Devi	Ganesh Saw	08	पक्का का मकान है।
192	192	Sunita Devi	Prem Bharti	08	भूमि विवाद है।
193	192	Chinta Devi	Ajay Kumar Yadav	15	पक्का का मकान है।
194	192	Shahin Nigar	Md.Taufique Alam	15	इच्छुक नही है।
195	192	Azeezi Roushan Ara	Mister Alam	16	पक्का का मकान है।
196	192	Nidhi Rani	Ravi Kumar	16	पक्का का मकान है।
197	192	Khushboo Kumari	Bablu Mahto	17	इच्छुक नही है।
198	192	Uma Devi	Rambriksh Ram	20	इच्छुक नही है।
199	192	Jira Devi	Dularchand Saw	21	पक्का का मकान है।
200	192	Amit Kumar Gupta	Rojan Kumari	22	इच्छुक नही है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 316743 Urban Development(23-24)D

अगर आसमान वाले से आपका रिश्ता मजबूत है तो जमीन वाला आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता : अज्ञात

अब हो राम राज की राजनीति

लंबी प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद राम लला अपने मंदिर में विधि विधान से विराजमान हो गये हैं। श्रीराम केवल राजा या भगवान नहीं थे। श्रीराम का जीवन और चरित्र भारत राष्ट्र का जीवन चरित्र है। महाकवि कालिदास ने उनके व्यक्तित्व की तुलना हिमालय और सागर के साथ एक साथ करके यह बता दिया है कि राम व्यक्ति नहीं राष्ट्र हैं। भारत और उसकी सनातन परम्परा के लिए राम ही राष्ट्र हैं और राष्ट्र ही राम है। भारत के कण-कण में राम समाविष्ट हैं। श्रीराम का अर्थ है मर्यादा। राम राज्य की स्थापना का अर्थ है मर्यादा की स्थापना। बहुत सोच-समझ कर बनाये गये हमारे संविधान में विविध प्रावधान होने पर भी, पारदेशीय संस्कृति और समाज के प्रभाव के कारण विविध प्रकार की विसंगतियां हमारे समाज में आज भी विद्यमान हैं। कर्त्तव्य विस्मृत करके केवल अधिकार की लड़ाई ने समाज में अविश्वास और घृणा का वातावरण पैदा कर दिया है। श्रीराम की मर्यादा का अर्थ है कर्त्तव्य का सर्वोपरि होना। कर्त्तव्य सर्वोपरि हो तो अधिकार, उत्तरदायित्वपूर्ण अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाता है। रामराज्य शासन की आदर्श संकल्पना है। एक ऐसी राज व्यवस्था जहां न कोई दुखी हो और न ही अभावों से ग्रस्त हो। जहां जन-जन भय मुक्त हो और चर्तुदिक शांति हो। जहां का शासन सभी के लिए मंगलकारी हो। राम इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए, क्योंकि उन्होंने हर हाल में मर्यादा की रक्षा की और स्थापित किया कि सत्यनिष्ठ, कर्मनिष्ठ और धर्मनिष्ठ आचरण ही मर्यादा है तथा उससे सभी बंधे हैं। वह हर रूप में मर्यादा के प्रतीक हैं। राम के राज्य में राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए थी। इसमें अधिनायकवाद की छाया मात्र भी नहीं थी। राम का राज्य मानव कल्याण के आदर्शों से युक्त एक ऐसा राज्य था जिसमें निस्वार्थ प्रजा की सेवा निष्पक्ष आदर्श न्याय व्यवस्था सुखी तथा समृद्ध शादी समाज व्यवस्था पाई जाती थी। राम इस सीमा तक लोकतांत्रिक हैं कि एक अवसर पर कहते हैं-यदि अनुमति हो तो कुछ कहूं और यदि मेरे कहे में कुछ अनुचित देखें तो मुझे टोक दें, मैं सुधार कर लूंगा। वह अपने राज्य में रहने वाले किसी भी व्यक्ति की राय के आधार पर फैसला लेने में हिचकते नहीं। श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित ऐसी मर्यादाओं, कर्तव्य पालन और सभी के अधिकारों के प्रति सम्मान का पर्याय है। मानव सभ्यता के सम्पूर्ण लिखित-अलिखित इतिहास में श्रीराम जैसा व्यक्तित्व और चरित्र का दूसरा उदाहरण उपलब्ध नहीं है। राम को धर्म का विग्रह कहा गया है, 'रामो विग्रहवान धर्मः' एक व्यापक अर्थ में राम का चरित धर्म मार्ग की चुनौतियों और उसके विचलन से उठने की मुश्किलों अर्थात जीवन के आधारों की मर्यादा स्थापित करने की राह में आने वाले प्रश्नों से रूबरू कराता है। गांव का अनपढ़ भी इनसे शिक्षित होता है और एक तरह के विवेक के भाव की अनुभूति करता है। श्रीराम मानव शरीर धारण करने पर जीवन के कठोर सत्य की कसौटी पर वे हमेशा ही कसे जाते हैं।

भारत और उसकी सनातन परम्परा के लिए राम ही राष्ट्र हैं और राष्ट्र ही राम है। भारत के कण-कण में राम समाविष्ट हैं। श्रीराम का अर्थ है मयार्दा। राम राज्य की स्थापना का अर्थ है मयार्दा की स्थापना। बहुत सोच-समझ कर बनाए गए हमारे संविधान में विविध प्रावधान होने पर भी, पारदेशीय संस्कृति और समाज के प्रभाव के कारण विविध प्रकार की विसंगतियां हमारे समाज में आज भी विद्यमान हैं। कर्त्तव्य विस्मृत करके केवल अधिकार की लड़ाई ने समाज में अविश्वास और घृणा का वातावरण पैदा कर दिया है। श्रीराम की मर्यादा का अर्थ है कर्त्तव्य का सर्वोपरि होना।

सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर विशेष

'नेताजी के आत्म उत्सर्ग की गौरवमई गाथा'

विजय केसरी

महान स्वाधीनता सेनानी, भारत के पहले स्व घोषित प्रधानमंत्री व आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम जेहन में आते ही स्वयं में ऊर्जा का भान होने लगता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम की यह शक्ति है । नेताजी कल भी पहली पसंद थे, आज भी युवाओं के पहली पसंद है। नेता जी का संपूर्ण जीवन भारत की राजनीति को सुदृढ़ करता नजर आता है। भारत को एक संप्रभु देश बनाने के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया था । वे स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी और सबसे बड़े नेताओं की श्रेणी में खड़े थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संबंध में कहा जाता है कि वे गरम दल के नेता थे। सच्चे अर्थों में नेताजी एक कर्म योगी, राष्ट्रवादी, देशभक्त इंसान थे। उन्होंने छात्र जीवन में ही स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद के संपूर्ण साहित्य का अध्ययन कर लिया था । बाल काल से ही इनके मानस पटल पर स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद के साहित्य का बहुत गहरा प्रभाव था। स्वाधीनता संग्राम के दौरान उन्होंने जो पत्रों को लिखा था, उन पत्रों के अध्ययन से प्रतीत होता है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत को विश्व के मानचित्र पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित करना चाहते थे। उस समय भारत की राजनीति जिस दिशा की ओर जा रही थी, जिन लोगों के हाथों देश की राजनीति थी, उससे नेताजी सुभाष चंद्र बोस आहत थे। उनका मानना था कि ब्रिटिश हुकूमत सिर्फ हाथ जोड़ने से यहां से भागेंगे नहीं बल्कि अंग्रेजों ने जिस तरह का सलूक देशवासियों के साथ किया, उसका भरपूर जवाब उन्हीं के अंदाज में देना होगा। इस बात की पुष्टि उनके बयानों और वक्तव्य से प्रतीत होता है। वे ईट का जवाब पत्थर से देना चाहते थे। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बावजूद वे स्वतंत्र रूप से काम करने में असमर्थ थे। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्यों ने उनके हाथ बांध दिये थे। गांधीजी के प्रभाव के कारण स्वाधीनता लोगों को आंदोलन को वे जो दिशा देना चाहते थे, दे नहीं पा रहे थे। समय से पूर्व ही उन्होंने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका स्वाधीनता आंदोलन में आगमन कोलकाता के महान स्वाधीनता सेनानी चितरंजन दास के माध्यम से हुआ था। मुंबई में उन्होंने गांधी जी से पहली बार मुलाकात कर स्वाधीनता आंदोलन की आज्ञा मांगी थी। तब देश की स्थिति कुछ और थी । जैसे-जैसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मानसिक रूप से परिपक्व होते चले गये और देश की राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति से पाला पड़ा, उनको यह विश्वास हो गया कि ब्रिटिश हुकूमत सिर्फ हाथ जोड़ने से देश से भागने वाले नहीं हैं। बल्कि उनका मुंह तोड़ जवाब देने की जरूरत है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने विदेशों की यात्रा की। अंततः उन्होंने जापान और जर्मनी के सहयोग से आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी। यह कार्य कोई ताकतवर व्यक्ति ही कर सकता था। भारत से बाहर जाकर आजाद हिंद फौज की स्थापना करना कोई मामूली काम नहीं था । लेकिन सुभाष चंद्र बोस ने इसे कर दिखलाया था। जब पहली बार ब्रिटिश हुकूमत को यह जानकारी मिली कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की गठन कर लिया। अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिल गई थी। अंग्रेजों को मालूम था कि सब से टक्कर लिया जा सकता है, लेकिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस से टक्कर नहीं लिया जा सकता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर की धरती पर आजाद हिंद फौज की एक बड़ी आम सभा में, जिसमें हजारों हजार की संख्या में मलेटरी वेशभूषा में आजाद हिंद फौज के सिपाही खड़े थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वयं को स्वतंत्र भारत का प्रधानमंत्री घोषित किया था। तब आजाद हिंद फौज के सिपाहियों ने सिंह के समान गर्जना कर उनका स्वागत किया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत को स्वतंत्र देश की घोषणा की थी। तब जापान, जर्मनी, चीन सहित कई देशों ने भारत को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी थी। यह भारत के लिए सबसे बड़ी जीत थी। हम सब 15 अगस्त 1947 को आजादी के वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। लेकिन जिस तिथि को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भारत को स्वतंत्र घोषित कर स्वयं को भारत का प्रधानमंत्री घोषित किया था, यह तिथि 21 अक्टूबर, 1943 भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जा चुका था। लेकिन एक राजनीति के तहत नेताजी के शौर्य की समीक्षा नहीं की गई। उनके शौर्य को दबाया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का आगमन इस धरा पर 1897 में हुआ था। 1945 में खबर आई कि एक हवाई दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। वे मात्र इस धरा पर 48 वर्षों तक जीवित रहे थे। लेकिन उनका एक एक क्षण देश की आजादी के नाम रहा था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के नेताओं से नाखुश इसलिए रहा करते थे कि वे आग्रह को देश की कमजोरी मानते थे। उनका मत था कि देशवासी 'तुम मुझे खून दो, मैं तुझे आजादी दूंगा'। इस तरह कहने वाले विश्व के अकेले ऐसे नेता थे , जिनके आह्वान के बाद हजारों हजार की संख्या में युवा उनके पीछे चल पड़े थे। आज की बदली परिस्थिति में जहां देश की राजनीति, नैतिकता के आधार पर चल नहीं रही है। इस विषम परिस्थिति में देशवासियों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से त्याग बलिदान और देशभक्ति की सीख लेनी चाहिए।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संबंध में कहा जाता है कि वे गरम दल के नेता थे। सच्चे अर्थों में नेताजी एक कर्म योगी, राष्ट्रवादी, देशभक्त इंसान थे। उन्होंने छात्र जीवन में ही स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद के संपूर्ण साहित्य का अध्ययन कर लिया था । बाल काल से ही इनके मानस पटल पर स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद के साहित्य का बहुत गहरा प्रभाव था। स्वाधीनता संग्राम के दौरान उन्होंने जो पत्रों को लिखा था, उन पत्रों के अध्ययन से प्रतीत होता है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत को विश्व के मानचित्र पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित करना चाहते थे।

आपकी बात

राम मंदिर से जागी आशा

- कृष्णा सिंह

भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से विश्व मेन एक संदेश गया है कि भारत भी सांस्कृतिक रूप से समृद्धि की ओर लौट रहा है और दुनिया के सनातनी गौरव का अनुभव कर रहे हैं । आलोचकों का आज का माहौल बता रहा होगा कि राम कैसे कण कण में बसे हैं । राम या उनके सनातनी अनुयायी कभी किसी का बुरा नहीं चाहते इसीलिए भारत में सभी धर्मों के लोग सम्मान और पहचान के साथ आनंद से रह रहे हैं । आज सभी मंदिरों की सफाई लोग स्वेच्छा से कर रहे हैं और मंदिर जो उपेक्षित हो गए थे लोग मोबाइल और टीवी में ऐसे रम गए थे कि मंदिरों में आरती तक पंडित जी को अकेले करनी पड़ती थी पुनः भीड़ होने लगी है । मंदिर सिर्फ आस्था का ही नहीं एक समुदायिकता के केंद्र हुआ करते थे जिसे आधुनिकता ने लील लिया था अब आशा है उनकी रौनक लौटेगी। महिलाएं भजन कीर्तना और सामाजिक विषयों पर चर्चा के लिए मंदिरों में बैठेंगी तो आपसी मेलजोल बढ़ेगा । इससे बहुत सारी भ्रांतियाँ भी दूर होती हैं और आपसी सहयोग तथा भाईचारा बढ़ता है । आज जाति या वर्ग अमीर गरीब भूलकर सभी सनातनी एक साथ राम मंदिर के नाम पर इकट्ठा हुए हैं उन्हें कुछ स्वार्थी तत्व भड़काने की कोशिश भी कर सकते हैं जिससे एकता टूटे । सभी के साथ प्रशासन को सतर्क रहना चाहिए । **(मां महिला समिति फ्रेंड्स कॉलोनी पंडरा रांची)**

हिंदी (दोहे)

राजश्री राज

भाषा अपनी प्रिय हमें, दिल से करते प्यार।
अंतस में नित बह रही, गंग-जमुन सम धार।।
संस्कृत से जो जन्म ली, है नन्दिनी समान।
मृदुवाणी की है धनी, करते हम अभिमान।।
हिंदी ढाई वर्ण की, ढाई आखर काव्य।
ढाई अक्षर प्रेम भी, जिससे सब है साध्य।।
हिंदी लेखन है सरल, सुगम सहज अतिबोध।
यह मन-भावों से बँधी, इसको समझ सुबोध।।
हिंदी अपनी शान है, यह है अपनी जान।
काम नवल कर, हम करें, इसकी जग पहचान।।

- रांची

अनुभव की कलम से

हम खुद को हर हाल में स्वीकार करें

ललित गर्ग

जीवन का एक बड़ा सच है कि इंसान जिस दिन रोना बंद कर देगा, उसी दिन से वह जीना शुरू कर देगा। थके मन और शिथिल देह के साथ उलझन से घिरे जीवन में यकायक उत्साह का संगीत गूंजने लगे तो समझिये-जीवन की वास्तविक शुरूआत का अवसर आ गया। शुष्क जीवन-व्यवहार के बोझ के नीचे दबा हुआ इंसान थोड़ी-सी मुक्त सांस लेकर आराम महसूस करता है। जीवन की जड़ता उत्साह में बदल जाती है। स्वार्थ एवं भावशून्य मन से जीवन जीने वाले लोग मानव-जीवन में उदासीनता भरते हैं। उत्साहमय मन, परोपकारी जीवन से और सारग्रही बुद्धि से यदि जीवन जीया जाएं तो ही जीवन में प्रसन्नता और नई आशा का संचार करेंगे। सम्यक दिशा दिखाने वाले को मार्ग दर्शक कहा जाता है, जीवन को कहां बांधना चाहिए, कौन-सी दिशा में मानव की गति होनी चाहिए वगैरह बातों का सुंदर सूचन ही जीवन को अर्थपूर्ण बनाता है। संकट में होशमंद रहने और हर मुसीबत के बाद उठ खड़े होने का जज्बा विशुद्ध भारतीय है और यही सुखी, प्रसन्न एवं सार्थक जीवन है। बहुत आसान है यह कह देना कि खुश रहना तो हम पर निर्भर करता है। यह एक चुनाव है। पर कई दफा इतने तनाव, अभाव, बीमारियां और चुनौतियां घेरे रखते हैं कि खुश रह पाना कठिन हो जाता है। ब्लॉगर लोरी डेशने कहती हैं, खुशी के लिए एक नहीं, कई चुनाव करने पड़ते हैं। चुनाव ये कि, हम खुद को हर हाल में स्वीकार करें, कि अपनी जिम्मेदारियां उठाएं और सबसे जरूरी कि कठिन घड़ियों में भी हिम्मत बनाये रखें। हम जहां हैं और जहां पहुंचना चाहते हैं, अकसर इस बीच की दूरी लंबी और रास्ता कठिन ही होता है। कई बार तो कदम-कदम पर निराशा से ही मुलाकात होती है। लगने लगता है कि जो छोटा सा काम आज कर रहे हैं, उसके जरिये तो वहां तक पहुंचना नामुमकिन है। नतीजा, हम जो कर सकते हैं, वह भी नहीं करते। मशहूर एंकर ओप्रा विन्फ्रे कहती हैं, 'जब तक वो नहीं कर सकते, जो करना चाहते हैं, तब तक हम वो जरूर करें जो किया जाना जरूरी है।' इंसान की सारी रचनात्मकता इस जीवन-भाव की तलाश ही है।

थके मन और शिथिल देह के साथ उलझन से घिरे जीवन में यकायक उत्साह का संगीत गूंजने लगे तो समझिये-जीवन की वास्तविक शुरूआत का अवसर आ गया।

फेसबुक वॉल से



X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

दुनिया ने देखा प्रभु श्री राम को 500 वर्षों बाद मिली मंदिर की छांव

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर 22 जनवरी 2024 सोमवार के दिन का इंतजार करते भारत ही नहीं पूरी दुनियां के भक्तों की आंखें तरस गई थी कि कब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में सुखकारी रूप से होवे और हम प्रभु के जीवंत स्वरूप का दर्शन करें। बता दें कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने ऐसा बताया है कि जब किसी भी व्यक्ति गुरु प्रभु महात्मा महामानव महापुरुष इत्यादि के स्वरूप में पूर्ण रूपेण पद्धति प्रक्रिया व धार्मिक अनुष्ठान प्राण प्रतिष्ठा की जाती है तो इसका मतलब यह माना गया है कि उसमें उस प्राणी में प्राणों का संचार किया गया है, याने दूसरे शब्दों में अनुष्ठान कर उस स्वरूप को जीवित कर दिया जाता है जो अदृश्य रूप में होता है, मानवीय आंखों से दिख नहीं पता परंतु भक्त अगर हृदय की आंखों से देखे तो हाजरा हजूर प्रभु जरूर नजर आयेंगे, बस इसी संज्ञान में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कर उनमें प्राणों का संचार किया गया है। अब भक्तों के देखने का नजरिया है, अगर हृदय की आंखों से हम देखेंगे तो हम हाजरा हजूर प्रभु श्री राम के जीवंत दर्शन होंगे नहीं तो फिर वही कहावत कि,मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी। अगर हृदय में विश्वास है तो हमें पत्थर में भी भगवान दिख जाते हैं, यदि हृदय में आस्थापूर्ण विश्वास नहीं है तो जीवंत प्रभु में भी पत्थर ही नजर आयेगा ऐसी चर्चा मेरे दादाजी अक्सर अनेक मौका पर किया करते थे। जो बातें बचपनकी मैने सुनी वह आज जीवंत रूप में देख रहा हूं। पिछले कई दिनों से जिस तरह जोरदार भावपूर्ण तैयारीयों का नजारा हम मीडिया में देख रहे हैं, घर-घर व गांव, मेट्रो सिटी शहर को सजा हुआ, मैंने देखा तो रामायण में लिखी प्रभु श्री राम की वनवास से वापसी का मंजर मैं जीवंत देखने लगा, ऐसा लगा शायद हम हजारों वर्ष पूर्व की स्थिति त्रेतायुग में आ गए हैं। तब प्रभु श्री राम की 14 वर्षों के वनवास से वापसी हुई थी और संपूर्ण अयोध्या में दीपावली से भी बढ़कर माहौल था। हर व्यक्ति खुश था बस!! वही मंजर 22 जनवरी 2024 को देखा जब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो विश्व का हर राम भक्त खुशी से सराबोर होकर झूम उठा, मानो बस!! अब हमें प्रभु श्री राम मिल गये हैं,

अगर हृदय में विश्वास है तो हमें पत्थर में भी भगवान दिख जाते हैं, यदि हृदय में आस्थापूर्ण विश्वास नहीं है तो जीवंत प्रभु में भी पत्थर ही नजर आयेगा ऐसी चर्चा मेरे दादाजी अक्सर अनेक मौका पर किया करते थे।

बोधि वृक्ष

कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

इस यात्रा में कई जगहों पर बर्फबारी होती है और कई जगहों पर तेज हवा इसलिए हमें हर परस्थिति में अनुकूल रहना पड़ता है। इस पर्वत की सम्पूर्ण यात्रा में लगभग दो महीने का समय लगता है। कैलाश यात्रा का श्रेष्ठ समय सर्दी का मौसम होता है। सर्दी के मौसम में पर्वत की बर्फ जमी रहती है, जिससे बर्फीली स्थानों पर सफर आसान हो जाता है। सर्दी में पर्वत पर तेज ठंड पड़ती है। हमारे देश से आपको किसी हवाई वाहन द्वारा तिब्बत जाना होगा। क्योकि स्थलीय वाहनों से तिब्बत जाने पर प्रतिबंध लगा है। तिब्बत जाने के बाद आप स्थलीय वाहनों से पर्वत तक जा सकते है। तिब्बत से पर्वत की यात्रा हवाई वाहनों से भी कर सकते है। आपको इस यात्रा में कम से कम 15-20 किलोमटर की पैदल यात्रा करनी ही पड़ेगी। और इस यात्रा में खुद को सुरक्षा का जिम्मा स्वयं के पास होता है।

कैलाश पर्वत से जुड़े रहस्य

यह आकाश और धरती के बीच का ऐसा बिंदु है जहां चारों दिशाएं मिल जाती है। इसके बारे में कहा जाता है की यहां बहुत सारी शक्तियाँ रहती है। इस पर्वत की उंचाई 6714 मीटर है। इसकी जो आकृति बनी हुयी है वह शिवलिंग के आकार की है। यह पर्वत हमेशा बर्फ से ढका रहता है। कैलाश पर्वत चार महान नदियों सिन्धु, ब्रह्मपुत्र, सतलज और कर्णाली से घिरा है। कैलाश पर्वत पहला ऐसा मानसरोवर है जो शुद्द पानी की झीलों में से एक है। कैलाश पर्वत तिब्बत में स्थित है और तिब्बत चीन के अधीन है, इसलिए कैलाश पर्वत चीन में आता है। इसकी सुन्दरता और इसके बारे में कथाओं के आधार पर कहा जा सकता है की 'ईश्वर ही सत्य है और सत्य ही शिव है। इसके बारे में कहा जाता है की यह भगवान भोलेनाथ का स्थान होने के कारण सभी ज्योतिलिंगों में से सर्वश्रेष्ठ है यहाँ पर अक्सर 'ओं' की ध्वनी सुनाई देती है।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

इंस्टाग्राम पर नया अपडेट- मैसेज भेजे और संपादित करें

इंस्टाग्राम ने इस नये अपडेट के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को एक नया तारीका प्रदान किया है जिससे वे मैसेजिंग को और भी सरल और प्रभावी बना सकें। यह नया फीचर इंस्टाग्राम के प्रयोग में नयी उमंग और उत्साह भर देगा और उपयोगकर्ताओं को एक बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम ने हाल ही में एक नया अपडेट लांच किया है जिससे उपयोगकर्ताओं को अपने भेजे गये मैसेज को बाद में भी एडिट करने की सुविधा मिलेगी। यह नया फीचर इंस्टाग्राम के इस्तेमाल में नये उत्साह और रोचकता को बढ़ावा देगा। इस नये अपडेट के बारे में जानकारी देते हुए, इंस्टाग्राम के प्रमुख विकासक ने बताया कि अब उपयोगकर्ता अपने भेजे गये मैसेज में कोई भी त्रुटि होने पर उसे बाद में भी आसानी से संपादित कर सकेंगे। यह फीचर व्यक्तिगत और समूह मैसेजिंग के लिए दोनों ही उपलब्ध होगा। यह नया अपडेट इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि अब वे किसी भी गलती को सुधार सकते हैं और अपने मैसेज को पूरी तरह से संपादित कर सकते हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को अधिक आत्मविश्वास और स्वतंत्रता मिलेगी जब वे मैसेज भेजने के बाद भी उसे संपादित कर सकेंगे। इस नये फीचर को उपयोग में लाने के लिए उपयोगकर्ताओं को बस अपडेट का इंतजार करना होगा और फिर वे आसानी से मैसेज को एडिट कर सकेंगे। यह अपडेट इंस्टाग्राम के उपयोग में नये चर्चा का कारण बना है और उपयोगकर्ताओं को अधिक सुविधा प्रदान करेगा।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

लातेहार जिले में धूमधाम से मनाया गया रामोत्सव

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को लातेहार जिला राममय हो गया। राम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली, जिसका नेतृत्व स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम कर रहे थे। रामोत्सव शांति पूर्ण तरीके संपन्न कराने को लेकर स्वयं डीसी और एसपी पूजा स्थलों का निरीक्षण कर रहे थे। सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के पतरातू ग्राम में श्री राम लाल की पूजा की गई। भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्य पवन चरण, चंदन साव, रवि पांडे, विनय पांडे, ददन साव, संजय साव, अवधेश पांडे, अमित चरण, शिशुपाल सिंह, पिंटू सिंह, देवेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र मिस्त्री, प्रमोद प्रसाद आदि मौजूद थे।

श्री राम जानकी मंदिर से निकली शोभा यात्रा

हेरहंज। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में सुबह 10 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसकी शुरुआत श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से की गई। शोभायात्रा में लगभग 500 कलश की व्यवस्था समिति द्वारा की गई थी। शोभायात्रा यात्रा बाजार टांड़ से करनदाग नदी तट पहुंची। जल भरने के ततपश्चात पुनः श्री राम जानकी मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक करते हुए विधिवतः पूजा आर्चना की गई। सोमवार की शाम में दीपोत्सव कर महाआरती की गई। ततपश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। पीयूष कुमार, मनीष साहू, प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, थाना प्रभारी नीतीश भी सक्रिय दिखे।

श्रीराम, सीता और लक्ष्मण की निकाली गई आकर्षक झांकी

महुआडांड़। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों में पूजा पाठ के लिए सोमवार को भीड़ उमड़ पड़ी। दुर्गा बाड़ी परिसर में पंडित सर्वेश पाठक ने विशेष पूजा कराई। भगवान राम, माता सीता एवं लक्ष्मण की आकर्षक झांकी भी निकाली गई। मौके पर हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बजरंग दल के पलामू विभाग सह संयोजक सुरज साहु, विहिप के प्रदीप जायसवाल, आरएसएस के राजन प्रसाद, बृजमोहन जायसवाल, राकेश कुमार, संदीप प्रसाद, मनोज गुप्ता, विजय जयसवाल आदि मौजूद थे। भंडारा का भी आयोजन किया गया। वहीं महावीर मंदिर में हिन्दू युवा वाहिनी के बैनर तले विशेष महाआरती का भी आयोजन किया गया। आर्यन संघ ने भंडारा का आयोजन किया। वहीं एसडीएम बिपिन कुमार दुबे, बीडीओ अमरेन डांग, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान व थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से चाक-चौबंद रही।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बरवाडीह में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

बरवाडीह। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को गढ़वाटांड़ नव युवक क्लब द्वारा श्रीराम झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो गढ़वाटांड़ से होते हुई आदर्श नगर, बाजार होते ही पंचमुखी मंदिर पहुंची, जहां पंडित राकेश मिश्रा एवं पंचमुखी मंदिर समिति द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा बाजार, बस स्टैंड, महावीर चौक, स्वामी विवेकानंद चौक, सुभाष चौक रेलवे कॉलोनी का भ्रमण कर पहाड़ी हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पंडित मृत्युंजय मिश्रा बल्लू एवं गिरधारी मिश्रा ने स्वागत किया। शोभा यात्रा प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह व सुरक्षा बलों की उपस्थिति में गढ़वाटांड़ जाकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में संतोषी शेखर, कन्हाई प्रसाद, बैजनाथ राम, लोकनाथ राम, सुबोध कुमार, अनिल चंद्रवंशी आदि शामिल थे। वहीं प्रखंड के व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज, विनोद प्रसाद गुप्ता, बबलू कुमार आदि द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं पंचमुखी मंदिर, पहाड़ी मंदिर परिसर थाना परिसर स्थित मंदिर परिसर समेत प्रखंड के मंदिरों में दीपोत्सव का आयोजन हुआ।

चंदवा में पुष्पक विमान से हुआ श्रीराम व लक्ष्मण का आगमन

चंदवा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को चंदवा में राम भक्तों ने विशाल भव्य शोभा यात्रा सुभाष चौक से इंदिरा गांधी चौक तक निकाली। युवा भारत के रविराज कुमार के नेतृत्व में युवाओं ने पूरे शहर को भगवा झंडे और लाइटों से सजाया गया था। वहीं प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। वहीं खाद्यान्न व्यवसायी संघ द्वारा जगह जगह महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। शहर के हाई स्कूल खेल स्टेडियम में युवा भारत के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पुष्पक विमान से राम व लक्ष्मण का आगमन हुआ। ग्रीन फील्ड एकेडमी के बच्चों के द्वारा राम लक्ष्मण की वेशभूषा धारण कर मंच से मार्मिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन युवा भारत के रविराज कुमार कर रहे थे। अयोध्या में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी शुभम कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

बालूमाथ हुआ राममय

बालूमाथ। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को प्रखंड के सभी मंदिरों में पूजा की गई। इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़नी शुरू हो गई। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। साथ ही सभी मंदिरों में भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं नमो टी स्टॉल के संचालक (भूटाली साव) ने मुफ्त चाय लोगों को पिलाया। वहीं मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य अवनिकान्त पाठक के नेतृत्व में रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ आदि किया गया। इस दौरान एसडीएम मो. परवेज सहित प्रखंड का पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

एक नजर

मंतशा मोटर्स सड़क सुरक्षा पर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेगी

बालूमाथ। रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज के पास स्थित मंतशा मोटर्स अधिकृत टाटा मोटर्स सर्विसिंग सेंटर के डायरेक्टर द्वारा सड़क दुर्घटना के कारण और बचाव विषय पर विद्यालय में निबंधन प्रतियोगिता कराकर प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया जाएगा। मंतशा मोटर्स के डायरेक्टर मो. जुनैद अनवर ने बताया कि वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। इसको गंभीरता से लेते हुए एक जागरूकता अभियान के उद्देश्य से जिले के सभी हाई स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजकर वर्ग अष्टम से प्लस टू वर्ग के छात्र-छात्रा को 'सड़क दुर्घटना कारण और बचाव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता कराकर उत्कृष्ट प्रतिभागी का चयन कर उसकी सूची मंतशा मोटर को देने का आग्रह किया है। चयनित प्रतिभागियों को मंतशा मोटर्स आगामी 26 जनवरी को बालूमाथ प्लस टू हाई स्कूल मैदान में समय 11 पूर्वाहन से पुरस्कृत करेगी।

श्री रूद्र हनुमत सह दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ

चतरा। शहर के पनसलवा बस पड़ाव के समीप श्री रूद्र हनुमत सह दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ सोमवार को हुआ। शुभ मुहूर्त में हेरू नदी से कलश में जल यज्ञाचार्य पंडित अनिरुद्ध मिश्रा, उप आचार्य पंडित गौतम पाठक के साथ वाराणसी से पधारे आचार्य वृदं द्वारा उठवाया गया। यज्ञ समिति में बलबीर पासवान, कैलाश पासवान, जैकी पासवान, विजय साव, युगल साव, पूरण साव, प्रकाश साव आदि शामिल हैं।

विधायक किशुन कुमार द्वारा उपलब्ध कराये गये कंबल का वितरण

पत्थलगड़ा। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण सोमवार को किया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद दांगी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, पंकज कुमार, मुकेश कुशवाहा, चिराग कुमार, रंजय कुमार, आदित्य राणा, संतोष दांगी आदि मौजूद थे।

सौहार्दपूर्ण माहौल में चतरा जिलावासियों ने किया राम का गुणगान

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय के अलावे विभिन्न प्रखंडों में शांति व हर्षोल्लास के साथ रामोत्सव मनाया गया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने पांच वर्षीय पुत्र शौर्य प्रताप और दस्तावेज नवीस संघ के जिला सचिव रामस्वार्थ सिंह ने अनुमंडल परिसर के निकट बजरंगबली मंदिर में पूजा की। वहीं जला मुख्यालय के अन्य मंदिरों में भी सुंदरकांड के अलावा रामचरितमानस का पाठ किया गया। जिला प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए धार्मिक स्थलों और चौक-चौराहों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिला मुख्यालय के अलावे प्रखंड़ों में लगभग सभी प्रतिष्ठान आम दिनों की तरह खुले रहे और यातायात सुचारु रूप से चालू रहा। मांस-मछली की दुकानें बंद रहीं। अलग-अलग टोली में राम भक्तों ने जुलूस भी निकाला।

राम मंदिर निर्माण को लेकर जेल जाने वाले राम भक्त किए गए सम्मानित

प्रतापपुर। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को प्रखंड के हनुमान मंदिर परिसर में राम भक्तों को महावीर पूजा कमेटी तथा हिंदू जागरण मंच द्वारा सम्मानित किया गया। इनमें सतीश पांडेय, दीपेंद्र राय, मृत्युंजय शर्मा, मनोज सिन्हा, अशोक गुप्ता, कल्याणपुर के रहने वाले बैकुंठ मिश्रा, ललन सिंह, रजनीकांत सिन्हा (राजू लाल) शामिल रहे। सांसद सुनील कुमार सिंह ने इन लोगों का सहृदय आभार व्यक्त किया। मौके पर मंच के जिला महामंत्री इंद्रजीत कुमार, उपाध्यक्ष ऋषि, प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर, महावीर मंदिर अध्यक्ष अमित कुमार, अंजित प्रसाद, अमित कुमार गुप्ता, पवन कुमार, रिशु गुप्ता, मनीष कुमार, रितेश कुमार, आकाश कुमार गुप्ता, शुभम कुमार गोलू, प्रेम नारायण आदि मौजूद रहे।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली शोभायात्रा

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय के जयंती ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल राजा टांड एवं मेन चौक स्थित शिशु विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें भगवान श्री राम, लक्ष्मण, मां सीता के साथ बजरंग बली के रूप धारण किए छात्र-छात्राएं काफी आकर्षक लग रहे थे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, सिमरिया के पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, सेवानिवृत्ति शिक्षक देवचरण दांगी, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा मौजूद थे।

हवन एवं भंडारे के साथ अखंड हरि कीर्तन संपन्न

सिमरिया। प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित अखंड हरि कीर्तन का समापन सोमवार को हवन पूजन एवं भंडारे के साथ हो गया। कार्यक्रम में भाजपा सांसद सुनील सिंह भी शामिल हुए। अखंड कीर्तन का आयोजन श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में किया गया था। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात पुराना अखाड़ा सिमरिया बाजार, धर्मवीर क्लब बानासांड़ी एवं अन्य अखाड़ों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई।

चालीस फीट ऊंचे महावीरी पताके की पूजा कर निकाला गया भव्य जुलूस

मयूरहंड। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रखंड क्षेत्र में भजन कीर्तन के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर डाक बाबू चौक पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने चालीस फीट ऊंचे महावीरी पताके की पूजा अर्चना कर जुलूस का शुभारंभ किया। कैलाश धाम सेवा समिति बेला मंदिर में भजन कीर्तन, मुखिया मृदुला देवी के नेतृत्व में महावीर स्थान में भजन कीर्तन, प्रमुख मिकी देवी के नेतृत्व में क्षेत्र के मंदिरों में हरी कीर्तन तथा संजय कुमार सिंह तथा मुखिया हरी भुइयां के नेतृत्व में जुलूस का आयोजन पंदना में, कदगावां कला पंचायत में पर्दा पर लाइव प्रसारण का मुखिया अशोक कुमार भुइयां तथा कैलाश धाम में सीधा लाइव प्रसारण जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंसी के नेतृत्व में किया गया। वहीं ग्रामीणों की मांग पर जिप सदस्य ने कैलाश धाम मंदिर में सुंदरीकरण के लिए दो लाख 49 हजार रुपया के योजना की घोषणा की। मुखिया मंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में मंझगावां महावीर पताका के साथ जुलूस निकाला गया। करमा में मुखिया रामनाथ यादव, सोकी पंचायत में ईश्वरी मेहता, हुसीया में मुखिया नरेश कुमार भुइयां के नेतृत्व में जुलूस का आयोजन किया गया। संध्या होते ही देव पूजा के साथ दीपावली मनाई गई। बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा तथा थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने क्षेत्र में सक्रिय रहे।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक कार्यक्रमों में हुए शामिल

पत्थलगड़ा। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न गावों में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष काली चरण सिंह व विधायक किशुन कुमार दास शामिल हुए। मंदिरों में विशेष अनुष्ठान का आयोजन के साथ कई चौक-चौराहों पर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई थी। वहीं मंदिरों में आरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावे सिंघानी, कुब्बा, बेलहर व नावाडीह समेत अन्य गांवों में भी झांकी व शोभा यात्रा निकाली गई।



प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामोउत्सव के सागर में डूबा कुंदा

कुंदा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुन्दा प्रखंड रामोउत्सव की भक्ति रस में सोमवार को डूबा रहा। वहीं अयोध्या में हो रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण विवाह मंडप में पूरे तैयारी के साथ रामभक्तों को दिखाया गया। इसके साथ ही हवन पूजन व भंडारे का भी आयोजन तीर्थ स्थल में किया गया। वहीं पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने महादेव मठ में आयोजित कार्यक्रम में सहयोग किया। मौके पर मुखिया मनोज साहु, उपप्रमुख सत्येंद्र गुप्ता, बंटी वर्मा, अजित मिश्रा आदि मौजू थे।

ट्रक के धक्के से दो बाइक सवार घायल

बालूमाथ। थाना क्षेत्र के बनियों ग्राम के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर ग्राम निवासी लखन उरांव के पुत्र मंगलदेव उरांव एवं सनिया उरांव के पुत्र पूरन उराव शामिल हैं। दोनों को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव एवं स्थानीय लोगों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से दोनों रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। पूरण उरांव की स्थिति काफी चिंताजनक बताई जा रही है।

हसदेव अरण्य में पेड़ों की कटाई के खिलाफ कल बनेगी मानव श्रखंला

महुआडांड़। हसदेव अरंय में पेड़ों के कटाई के खिलाफ आंदोलनकारियों के समर्थन में केंद्रीय जन संघर्ष समिति लातेहार गुमला ने 24 जनवरी को 12 बजे दोपहर से 2 बजे दोपहर तक मानव श्रृखंला बनाकर हसदेव के समर्थन में खड़ा होने का निर्णय लिया है। इस संबंध में केंद्रीय जन संघर्ष समिति के अनिल मनोहर, जेरोम जेराल्ड कुजूर ने बताया कि छत्तीसगढ के सरगुजा जिले स्थित हसदेव अरण्य भारत के सबसे बड़े वन क्षेत्र में से एक है। हसदेव जंगल एक लाख सतर हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है,जहां पेड़ों की कटाई कर कोयला खनन किया जाना है।

उत्पाद प्रदर्शनी सह मेले का आयोजन

महुआडांड़। झारक्राफ्ट द्वारा तीन दिवसीय उत्पाद प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को पहले दिन अम्वांटोली पंचायत भवन में इसका प्रखंड उप प्रमुख अभय मिंज, पंचायत की मुखिया रौशनी कुजूर भूत पूर्व जिला परिषद सदस्य मनीना कुजुर ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। झारक्राफ्ट क्लस्टर मैनेजर मोहम्मद शैफ ने कहा कि लोगों से हमारी अपील है कि 24 जनवरी तक इस मेले में आकर ज्यादा से ज्यादा खरीदारी कर प्रोत्साहन दें। मौके पर अख़्तर रजा, लाडले खान, मोहम्मद मुर्शलीन, बुनकर सगीर अंसारी एवं हस्तकरघा व हस्तशिल्प से जुड़े अन्य कारीगर मौजूद थे।

सांसद ने उपलब्ध कराई भजन सामग्री

महुआडांड़। रामभक्तों के भजन कीर्तन के लिए सांसद सुनील कुमार सिंह ने सभी मंदिरों में कीर्तन सामग्री उपलब्ध कराई। वितरण में मुख्य भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह हिन्दू महासभा के महामंत्री भानू प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष सह हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, महामंत्री जमुना प्रसाद, मंडल उपाध्यक्ष मोहन यादव, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सह हिंदू महासभा के मंत्री दिलीप गुप्ता आदि का योगदान रहा।

घटना कई घरों को तोड़ते हुए फसलों को भी पहुंचाया नुकसान

हाथियों ने एक पशु को कुचला, तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता। बारियातु
प्रखंड की सिबला पंचायत के भाटचतरा में रविवार रात हाथियों ने दो ग्रामीणों का घर तोड़ डाला व डोकीया में एक पशु को कुचल कर मार डाला। वहीं तीन पशुओं का घायल कर दिया। भाट चतरा निवासी संगीता देवी पति संजय राम का इट व एलवेस्टर का बने घर को तोड़ते हुए घर में रखे दो क्विंटल चावल, तीन क्विंटल धान, पांच क्विंटल मक्का को खाकर नष्ट कर दिया।

वहीं कई सामान दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बसमतीया पति स्व. भदवा गंझु व रमेश गंझु का घर का दरवाजा तोड़ते हुए आगन की चहारदीवारी तोड़कर लगभग 10 क्विंटल धान खा लिया। चहारदीवारी टूटने से आंगन में रखा कई कीमती बर्तन बर्वाद हो गया है। इधर सिबला ग्राम स्थित डोकीया में जेठू गंझु का घर तोड़ते हुए खाद्य सामग्री खाकर तहस नहस कर दिया। वहीं मटर, प्याज, अरहर व टमाटर की फसल को पूरी तरह रौंद डाला। वहीं चेतलाल गंझू के घर के बाहर मचान में बंधे तीन बैलों में एक को कुचल कर मार डाला। वहीं दो मवेशी को घायल कर दिये। साथ ही बिनोद गंझु व ननका गंझु का भी घर तोड़कर काफी नुकसान पहुंचाया है। साथ ही एक बैल को घायल कर दिया। बिगन उरांव का ड्रम में रखे धान को खाकर चट कर दिया। ग्रामीण बताते हैं कि लगभग डोकिया व सिबला में 14 की संख्या में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र से हाथियों के उत्पात से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर उपायुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 संपन्न होने के उपरांत सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिले के हर मतदान केंद्र पर एवं प्रखंड स्तर व अनुमंडल स्तर पर किया गया। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के राजकियकृत मध्य विद्यालय हफूआ मतदान केंद्र संख्या 116, 117 एवं 118 का निरीक्षण किया और आई एम रेडी टू वोट अभियान में शामिल हुए। मौके पर उप निवार्चान पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सदर बीडीओ हरीनाथ महतो समेत अन्य संबंधित उपस्थिति थे। बता दें कि आम चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

पराक्रम दिवस का उद्घाटन करेंगे पीएम

नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किले में मंगलवार से आयोजित होने वाले पराक्रम दिवस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस उत्सव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की समृद्ध विरासत पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह उत्सव 31 जनवरी तक चलेगा। इस उत्सव का आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, साहित्य अकादमी और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार जैसे अपने सहयोगी संस्थानों की सहभागिता में किया जा रहा है। लाल किले की नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत-बांग्लादेश सीमा से 3 करोड़ का सोना जब्त, दो तस्कर गिरफ्त में

कोलकाता। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने सोने की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। दो भारतीय तस्करों को दो सोने की ईंटों और 39 सोने के बिस्कुट के साथ पकड़ा गया। जब्त किए गए सोने की कीमत तीन करोड़ रुपये से ज्यादा है। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि तस्कर भारतीय सीमा से गुजर रहे थे, तभी बीएसएफ जवानों ने पकड़ लिया। आरोपितों के नाम प्रसेनजीत मंडल, श्रीवास मंडल हैं। दक्षिण बंगाल सीमा के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी एके आर्य ने कहा कि तस्कर गरीब और भोले-भाले लोगों को छोटी रकम का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं। उन्होंने सीमावासियों से अपील की कि अगर उन्हें सोने की तस्करी से जुड़ी कोई जानकारी मिलती है तो वे इसकी सूचना बीएसएफ के हेल्पलाइन नंबर पर दें।

हमास के खिलाफ होगी पूरी जीत : नेतन्याहू

नई दिल्ली। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल हमास के खिलाफ पूरी तरह जीत हासिल करेगा। नेतन्याहू ने कहा, इजरायल पूरी तरह से जीत हासिल करेगा जिसके बाद गाजा में कोई भी इकाई नहीं होगी ,जो आतंकवाद को वित्तपोषित करती हो, आतंकवाद के लिए शिक्षा देती हो या आतंक फैलाती हो। उन्होंने कहा कि इजराइल ने 110 बंधकों को छुड़ाया है और उन सभी को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "मैं जॉर्डन (नदी) के पश्चिम के सभी क्षेत्रों पर पूर्ण इजरायली सुरक्षा नियंत्रण पर कोई समझौता नहीं करूंगा।

ईरान में सैनिक ने पांच साथियों की हत्या की, गिरफ्तार : सेना कमांडर

तेहरान। दक्षिणपूर्वी ईरान में रविवार शाम पांच साथियों की हत्या करने और अन्य दो को घायल करने वाला सैनिक गिरफ्तार कर लिया गया है। ईरानी सेना के एक कमांडर ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी सेना के दक्षिणपूर्व मुख्यालय के कमांडर अमीर घोलामालियान ने कहा, सैनिक अपनी यूनिट की सुरक्षा के लिए ड्यूटी पर था, बैरक के शयनगृह में घुस गया, जहां उसके साथी आराम कर रहे थे, और उन पर गोलियां चला दीं। कमांडर ने कहा कि घटना स्थानीय समयानुसार साढ़े चार बजे दक्षिण-पूर्वी ईरानी प्रांत करमान के बागिन शहर में हुई, उन्होंने बताया कि मकसद का पता लगाने के लिए पूछताछ जारी है। फार्स समाचार एजेंसी के अनुसार, शूटर को सोमवार सुबह उसी प्रांत के जरांड काउंटी में गिरफ्तार किया गया।

रामलला की अभिजीत मुहूर्त में हुई प्राण प्रतिष्ठा

प्रधानमंत्री मोदी, सरसंघचालक भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बने यजमान

एजेंसी। अयोध्या

अयोध्या में रामलला के आगमन का इंतजार खत्म हो गया है। रामलला की अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गर्भ गृह में प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चांदी का छत्र लेकर राम मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में राम लला की मूर्ति का अनावरण किया। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की शुरूआत मंगल ध्वनि के बीच हुई। पांच साल पुरानी रामलला की भव्य पांच फीट ऊंची प्रतिमा का आखिरकार दुनिया के सामने अनावरण किया गया। यह समारोह शंखनाद और हेलीकॉप्टर द्वारा मंदिर पर फूलों की वर्षा के बीच पूरा हुआ। रामलला की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार योगीराज अरुण ने कहा, मुझे लगता है कि मैं इस धरती पर सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूं। कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं सपनों की दुनिया में हूं। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने कहा कि राम मंदिर के लिए देशभर में लोगों ने दिल खोलकर दान दिया है। देश का ऐसा कोई कोना नहीं रहा है जहां से राम के लिए उपहार ना आए हों। एक बानगी गिनाते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए घंटा कासगंज से आया तो नीचे पड़ने वाली राख रायबरेली के ऊंचाहार से आई है। गिट्टी मध्य प्रदेश के छतरपुर से पहुंची तो ग्रेनाइट तेलांगाना से आया। पत्थर राजस्थान के भरतपुर से पहुंचा तो दरवाजों की लकड़ी महाराष्ट्र से। उस दरवाजे पर पर सोने और डायमंड का काम मुंबई के एक व्यापारी का है। जिन्होंने बनाया वो मैसूर के हैं। गरुण की मूर्ति राजस्थान के कलाकार ने बनाई है। लकड़ी के काम के कारीगर कन्याकुमारी के हैं और कपड़े और भगवान के वस्त्र दिल्ली के एक युवक मनीष त्रिपाठी ने बनाए। आभूषण लखनऊ से बनवाए गए हैं। इनकी नक्काशी राजस्थान में हुई है। देश का ऐसा कोई कोना नहीं है जहां से राम मंदिर के लिए समर्पण ना आया हो।



सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि आज आनंद का क्षण है

आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का 'स्व' लौटकर आया है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला नया भारत खड़ा होकर रहेगा, इसका प्रतीक आज है। इस आनंद का वर्णन कोई अपने शब्दों में नहीं कर सकता है। संघ प्रमुख ने कहा कि इस अनुष्ठान के लिए पीएम ने तप किया, अब हमें भी तप करना है। मानस की चौपाइयों को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि रामराज्य का जो वर्णन किया गया है, उसे भी वापस लाने के लिए हमें छोटे-छोट कलह को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। भगवान राम के चरित्र को अपनाना होगा। आपस में समन्वय करके चलना होगा।

ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं : मुख्यमंत्री योगी बोले

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद प्राण प्रतिष्ठा पर आज सभी भाव विह्वल हैं। आज के अत्यंत पावन अवसर पर हर नगर हर गांव अयोध्या धाम है। हर जिह्वा राम-राम जप रही है। ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः। से शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र राममय है। हमारे हृदय के भावों से भरे रामलला विराज रहे हैं। आज हर दिल में संतोष का भाव है। योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि संभवतः विश्व का पहला प्रकरण होगा, जहां बहुसंख्यक वर्ग अपने आराध्य के लिए इतने वर्षों तक लड़ाई लड़ी हो। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि सामूहिक चेतना में भी सफल सिद्ध हुआ है। आज पूरा भारत आनंदित हो उठा है।

न्यूयॉर्क का टाइम्स स्क्वायर राममय, लहराए गए केसरिया ध्वज

न्यूयॉर्क। इस समय सारी दुनिया राममय है। अमेरिका में रामनाम की धूम है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर को भारतीय प्रवासियों ने रोशन किया है। भारत के अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर उत्सव मनाया जा रहा है। टाइम्स स्क्वायर के आसपास लोग केसरिया और तिरंगा ध्वज फहरा खुशी मना रहे हैं। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कैलिफोर्निया के बे एरिया को 1,100 से अधिक लोगों ने राममय कर दिया। भगवान श्रीराम के मंदिर के चित्र वाले भगवा झंडों के विशाल कार रैली निकाली। इस रैली का आयोजन बे एरिया के छह स्वयंसेवी हिंदुओं ने किया। कार रैली सनीवेल से वार्म स्प्रिंग बीएआरटी स्टेशन, गोल्डन गेट तक निकाली गई। इसके अलावा शनिवार शाम को भव्य 'टेस्ला कार लाइट शो' का आयोजन किया गया। विशाल राम रथ के साथ निकाली गई इस रैली ने लगभग 100 मील की दूरी तय की। रैली आयोजक रोहित शर्मा, दीप्ति महाजन और दीपक बजाज ने सभी को बधाई दी है।

चिराग ने पीएम को लिखा पत्र, कहा- आपकी वजह से करोड़ों रामभक्तों का सपना पूरा हुआ

पटना। अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम की विग्रह मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने को लेकर धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि आपकी वजह से करोड़ों रामभक्तों का सपना पूरा हुआ। बिहार के जमुई के सांसद चिराग ने पीएम को लिखे पत्र में कहा कि हम सभी 140 करोड़ देशवासियों के लिए अत्यंत हर्ष की बात है कि आपके नेतृत्व में रिकॉर्ड समय के अंदर अयोध्या धाम के भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की विग्रह मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। पत्र में कहा गया है कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों के लिए स्वर्णिम दिन है जिसकी परिकल्पना लगभग 500 वर्षों से हमारे पूर्वज करते आ रहे थे, आज वो सार्थक हो पाया है। राम मंदिर का निर्माण हिंदुओं की आस्था से जुड़ा एक महत्त्वपूर्ण विषय है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 19 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से किया सम्मानित

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज 19 बच्चों को असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें नौ बालक और 10 बालिकाएं शामिल हैं। विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई, सचिव इंदीवर पांडे भी उपस्थिति रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी पुरस्कृत बच्चों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि बालक- बालिकाएं बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उनमें लगन और मेहनत के बल पर पहचान बनाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि अब समाज के सभी लोगों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को सही राह दिखाएं। समारोह को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय उत्सव का दिन है। उत्सव का दिन इसलिए भी है, क्योंकि लोकतंत्र के मंदिर में जनता जनार्दन पूजी जाती है और भारत के भविष्य को आज सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने का अवसर भारत सरकार प्राप्त हुआ है, वो भी हमारे लिए उत्सव से कम नहीं है। पुरस्कार विजेता सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज 19 बच्चों को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो रहा है, जिसमें कला और संस्कृति, वीरता , नवाचार , विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल में बच्चों को पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इन सभी क्षेत्रों में बच्चों ने अपना हुनर, अपना जज्बा, अपना नेतृत्व दिखा चुके हैं। स्मृति ईरानी ने कहा कि देश के प्रधानसेवक नरेन्द्र मोदी ने जिस विकसित भारत की कल्पना की है, उस विकसित भारत के ये बच्चे शिल्पकार हैं।

19 बच्चे पुरस्कृत

इन पुरस्कार विजेताओं में आदित्य विजय ब्रम्हणे (मरणोपरांत), अनुष्का पाठक, अरिजीत बनर्जी, अरमान उबरानी, हेतवी कांतिभाई खिमसुरिया, इश्फाक हामिद, मोहम्मद हुसैन, पेंड्याला लक्ष्मी प्रिया, सुहानी चौहान, आर्यन सिंह, अवनीश तिवारी, गरिमा, ज्योत्सना अख्तर, संयम मजूमदार, आदित्य यादव, चार्वी ए, जेसिका नेई सरिंग, लिन्थोई चनंबम और आर सूर्य प्रसाद शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सीएम शिंदे और उनके खेमे को नोटिस भेजा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-यूबीटी नेता सुनील प्रभु की याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया। स्पीकर के फैसले में कहा गया था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट 'असली' शिवसेना है। सीजेआई व न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने नोटिस जारी किया और मामले में सीएम शिंदे और उनके खेमे के 38 अन्य विधायकों से जवाब मांगा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ से शीर्ष अदालत के समक्ष दायर विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने का आग्रह किया, जिसमें कहा गया था कि स्पीकर नार्वेकर के आदेश में संविधान पीठ के मई 2023 के फैसले की व्याख्या की जरूरत है।

राहुल गांधी ने पूछा, अब पीएम मोदी तय करेंगे कि मंदिर में कौन जाएगा?

एजेंसी। गुवाहाटी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कानून-व्यवस्था में संभावित व्यवधान का हवाला देते हुए असम के नगांव जिले में वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान (सत्तरा) का दौरा करने की अनुमति नहीं दिए जाने के बाद सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह तय करेंगे कि भारत में किसी मंदिर का दौरा कौन करेगा। गांधी ने कहा, यह अजीब है कि राहुल गांधी वहां नहीं जा सकते जबकि बाकी सभी लोग श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान पर जा सकते हैं। क्या अब पीएम मोदी तय करेंगे कि कौन मंदिर जाएगा और कब जाएगा?' उन्होंने और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने बाताद्रवा में शंकरदेव के जन्मस्थान के रास्ते में हैबरगांव में धरना दिया, जबकि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और बताद्रवा विधायक सिबामोनी बोरा विवाद को सुलझाने के लिए जन्मस्थान गए। गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि शंकरदेवा की तरह कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता भी लोगों को एक साथ लाने और नफरत न फैलाने में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, शंकरदेव हमें मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और एक गुरु के समान हैं। इसलिए मैं असम पहुंचने पर उन्हें अपना सम्मान देना चाहता था। उन्होंने कहा, हमें रविवार को सूचित किया गया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति है, लेकिन इससे पहले 11 जनवरी को हमें उस जगह का दौरा करने का निमंत्रण मिला था। राहुल गांधी ने कहा, "जितनी जल्दी संभव होगा मैं बताद्रवा का दौरा करूंगा. मेरा मानना है कि पूरे देश को वह रास्ता अपनाना चाहिए जो शंकरदेव ने हमें दिखाया है।"

निर्मला सीतारमण ने द्रमुक सरकार को 'हिंदू विरोधी' बताया, कहा-

तमिलनाडु में दमन गाथा जारी है

एजेंसी। चेन्नई

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के सीधे प्रसारण से इनकार करने पर तमिलनाडु की द्रमुक सरकार को 'हिंदू विरोधी' करार दिया और कहा कि 'तमिलनाडु में दमन गाथा जारी है'। सोमवार सुबह अपने एक्स हैंडल से सिलसिलेवार पोस्ट कर उन्होंने कहा कि चेंगलपट्टू जिले के करुनिलम गांव (200 से अधिक घर नहीं) के लोग अयोध्या के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश?न मनाना चाहते थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखना चाहते थे, लेकिन वहां एलईडी स्क्रीन नहीं लगाने दिया गया। जिलाधिकारी ने इसकी अनुमति नहीं दी। उन्होंने एक पोस्ट में कहा, प्रसिद्ध कामाक्षी कोविल के अंदर, जो निजी तौर पर आयोजित किया जाता है, जहां सुबह 8 बजे से भजन शुरू हो गए हैं, सादे कपड़े वाले पुलिसकर्मियों के कहने पर एलईडी स्क्रीन हटाई जा रही हैं। एक निजी तौर पर आयोजित मंदिर में उपासकों द्वारा प्रधानमंत्री को प्राण प्रतिष्ठा करते हुए देखना एक गंभीर बात है। यह पूजा करने के हमारे अधिकार का उल्लंघन है। तमिलनाडु में द्रमुक सरकार नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में पूरी तरह से विफल रही है। हिंदू विरोधी द्रमुक अब पुलिस बल के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी नफरत प्रकट करती है और लोगों की आकांक्षाओं को दबा देती है।"केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा, अकेले कांचीपुरम जिले में अयोध्या में नरेंद्र मोदी के सीधे प्रसारण के लिए 466 एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई थी। उनमें से 400 से अधिक स्थानों पर पुलिस ने लाइव प्रसारण को रोकने के लिए या तो स्क्रीन जब्त कर ली है या बल तैनात कर दिया है। एलईडी आपूर्तिकर्ता डर के मारे भाग रहे हैं। हिंदू विरोधी द्रमुक छोटे व्यवसायों पर प्रहार कर रही है।" निर्मला ने कहा : अन्नधनम को एचआर एंड सीई के स्वामित्व वाले श्रीपेरंबुदूर सेल्वा विनयगर मंदिर, निजी तौर पर आयोजित मोलाचूर करुमरिअम्मन मंदिर और फिर टीएन पुलिस द्वारा निजी तौर पर आयोजित सेल्विझिमंगलम जंबोदाई पेरुमल मंदिर जैसे मंदिरों में रोका जाता है। हिंदू विरोधी द्रमुक सरकार पुलिस का उपयोग करके दमन जारी रखती है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, नागरकोइल में स्थित थोवलाई मुरुगन मंदिर में लाइव टेलीकास्ट के लिए एलईडी स्क्रीन लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

जदयू को झटका प्रवक्ता डॉ. सुनील ने दिया इस्तीफा

पटना। एक ओर जहां अयोध्या के श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा था, वहीं, बिहार में सत्तारूढ़ जदयू को बड़ा झटका लगा। जदयू के तेजतर्रार माने जाने वाले प्रवक्ता और पटना के चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जदयू के प्रवक्ता ने इस्तीफा देते हुए कहा कि आज पूरा भारतवर्ष राममय है। जय श्री राम के उद्घोष से, गीत-संगीत से सर्वत्र हर्षोल्लास है। जिनके नाम के जयकारे मात्र से हम भारतवासी स्वयं को धन्य अनुभव कर रहे है। मैं अकिंचन भी उन प्रभु श्री राम के समक्ष नतमस्तक हूं। उन्होंने आगे कहा कि आज के पावन दिन प्रभु श्री राम जी के आदर्शों का अनुसरण करते हुए प्रभु श्री राम जी के आदेश से मैं अपनी जदयू की प्राथमिक सदस्यता एवं प्रवक्ता पद से त्यागपत्र को सार्वजनिक करता हूं।

फिल्म जगत

रिलीज से सिर्फ 3 दिन पहले फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर जारी

ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की अभिनीत फिल्म फाइटर अब अपनी रिलीज के बेहद करीब है। फिल्म के ट्रेलर और गाने खूब पसंद किए गए। फिल्म फाइटर के रिलीज होने में सिर्फ तीन दिन बचे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म का एक नए पोस्टर जारी किया गया। फिल्म फाइटर वास्तव में सबसे बड़े एरियल एक्शन ड्रामा के रूप में आ रही है, जिसे दर्शक भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के खास मौके पर बड़े पर्दे पर देखेंगे और क्योंकि फिल्म की रिलीज में अब सिर्फ तीन दिन बचे हैं। निमार्ताओं ने अपने सोशलमीडिया मंच पर एक दिलचस्प पोस्टर जारी किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा फ्लाई। फाइट। प्रोटेक्ट। जय हिन्द। फाइटर 25 जनवरी को दुनियाभर में रिलीज हो रही है। आईएमएएक्स 3डी में बड़े स्क्रीन पर एंजॉय करें। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में और वायकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के सहयोग से प्रस्तुत 'फाइटर' एक सिनेमाई अनुभव है। इस फिल्म में दिलदहला देने वाले एक्शन सीन्स देखकर देशभक्ति का उत्साह बढ़ाती है।

भक्ति गीत-संगीत, शोभायात्रा और पूजा-अर्चना से राममय हुई राजधानी

जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में निकले जुलूस, मंदिरों में दिनभर हुए अनुष्ठान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रामोत्सव मनाया जा रहा है इसको देखते हुए शहर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी। जिले में दो हजार पुलिस पदाधिकारी और 100 मजिस्ट्रेट के अलावे सीआरपीएफ के जवानों को भी तैनात किया गया है। अति संवेदनशील इलाके में जिला पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी नहीं हो। रांची के मेन रोड स्थित राम मंदिर के आसपास सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावे राजधानी रांची के सभी मंदिरों के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

कंट्रोल रूम से हो रही है निगरानी : रामोत्सव को लेकर कंट्रोल रूम से शहर की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा पुलिस की टीम सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए है।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कई तरह के आयोजन किये गये है। जिसे देखते हुए आयोजन स्थल के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

शहर के कई क्षेत्रों में निकाली गयी जुलूस व शोभायात्रा : शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में जुलूस व शोभायात्रा निकाली गयी।

जिसमें महिला, पुरूष और बच्चें भी शामिल हुए। जुलूस में शामिल लोग हाथों में भगवान राम और हनुमान जी के झंडे लेकर चल रहे थे। जगह जगह निकाली गयी जुलूस में भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा शहर को भक्तिमय बना दिया। शहर के लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में मनाया।

दीप और बिजली की रौशनी से जगमग हुआ शहर : दिन भर रामोत्सव के अवसर पर मंदिरों में पूजा-अर्चना, अनुष्ठान और जुलूस के बाद शाम को मंदिरों तथा आम लोगों ने अपने घरों-दुकानों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया। शाम के समय मंदिरों तथा आम लोगों ने पटाखे फोड़ कर रामोत्सव की खुशियां मनायी। शाम के समय दीपक की ज्योति और रंग बिरंगी बिजली की रौशन से पूरा शहर जगमग नजर आ रहा था।

भगवा झंडे से पटा शहर

रामोत्सव के अवसर पर सोमवार को पूरा राजधानी भगवा झंडे और पताका से पटा रहा। मंदिरों, घरों और सड़क में सामाजिक और धार्मिक संगठन से जुड़े लोगों ने भगवा झंडा और पताका लगाकर सजाया। प्राण प्रतिष्ठा की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह बैनर और होर्डिंग लगाएं।

मंदिरों में भंडारे का हुआ आयोजन : शहर के सैकड़ों मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया था। मंदरों के बाहर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कही खीर का भोग, कही पुड़ी-सब्जी तो कही लड्डू का वितरण किया गया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली।

कृष्ण नगर कॉलोनी में झांकी के साथ निकाले गये जुलूस और शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर श्री राधा कृष्ण मंदिर, कृष्ण नगर कॉलोनी में शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण फूलों से सजी श्री राम दरबार की सजीव झांकी रही। जिसमें भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान विराजमान थे। श्री राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुई शोभा यात्रा में दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा, पवन मनुजा, ज्योति अरोड़ा एवं अन्य कलाकारों ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी..., श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... एवं अयोध्या आए मेरे राजा राम बोलो जय जय श्री राम...। जैसे कई भजन गायन कर कृष्णा नगर कॉलोनी को राममय बना दिया। शोभा यात्रा कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचकर दोपहर 2 बजे विसर्जित हो गई। शोभा यात्रा में सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह एवं पार्षद अशोक यादव शामिल हुए। कृष्णा नगर कॉलोनी के सभी चौक चौराहों में भक्तों ने पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर शोभा यात्रा का श्रद्धाभाव से स्वागत किया गया।

पृष्ठ एक के शेष

1980 के दशक में श्रीराम...

राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी ने 25 सितंबर 1990 से सोमनाथ से श्रीराम मंदिर के लिये रथ यात्रा निकाली। जिसके सारथी बने वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी। उसके बाद श्रीराम मंदिर का मामला देश ही नहीं विदेशों में भी विमर्श के केंद्र में आ गया। तमाम झंझावतों को झेलते हुये अंततः 2019 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ।

युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने...

सभी आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील किया कि वह राज्य सरकार की भी योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप स्वयं स्वरोजगार से जुड़ेंगे तो आने वाले समय में अन्य लोगों को भी आप रोजगार से जोड़ सकते हैं। वर्तमान राज्य सरकार की विभिन्न व्यवस्था से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं।

अबुआ आवास योजना के तहत देंगे घर : मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा, और मकान हर मनुष्य की आवश्यकता होती है। कोई भी व्यक्ति बिना भोजन, बिना कपड़े और बिना छत के नहीं रह सकता है। कई चुनौतियां और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमारी सरकार ने पक्के मकान से वंचित लोगों के लिए अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया है। हमारी सरकार एक-दो दिनों बाद से ही पात्र लोगों को इस योजना का लाभ देना प्रारंभ करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्तमान समय में राज्य के सभी 60 वर्ष से अधिक बुजुर्ग व्यक्तियों को पेंशन दे रही है। राज्य में दिव्यांग, विधवा सभी को पेंशन योजना से आच्छादित किया गया है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई है। राज्य के स्कूलों में अध्ययनरत सभी बच्चियों को सावित्रीबाई फुले योजना से जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, मजदूर आदिवासी, पिछड़े, जरूरतमंद सहित सभी वर्गों की पीड़ा को हमारी सरकार समझती है। हमारी सोच है कि हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य प्रदान करें। हमारी सरकार रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी युवक-युवतियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई दीं। मुख्यमंत्री ने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी लोगों के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि आप सभी लोग अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करेंगे और नित नए आयाम को प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री ने उर्दू के लिए...

विद्यालयों में 1754 सहायक आचार्य का पद है। लेकिन, प्राथमिक विद्यालयों में इंटर प्रशिक्षित 689 उर्दू सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। अतएव राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में 5478 तथा मध्य विद्यालयों में 1754 (कुल 7232 पद) सहायक आचार्य का पद सृजित किए गए हैं।

सहायक आचार्य के 50 हजार पद सृजित : राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के पदों को परिवर्तित करते हुए सहायक आचार्य के 50,000 पद स्वीकृत किए गए हैं। सहायक आचार्य का वेतनमान इंटर प्रशिक्षित के लिए सातवां केंद्रीय पुनरीक्षित वेतनमान के लेवल-4 और स्नातक प्रशिक्षित के लिए लेवल-5 निर्धारित है। परिपेक्ष्य में उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों को भी उक्त के अनुरूप परिवर्तित किया किया गया है।

जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन को...

स्रोत से ज्यादा कई बेनामी संपत्तियां बनाई हैं। लोकपाल ने अपने आदेश में कहा था कि सीबीआई की विस्तृत रिपोर्ट के अवलोकन के आधार पर यह पाया गया है कि इस मामले में धारा 20(3) के अंतर्गत प्रोसिडिंग शुरू की जानी चाहिए। इस सिलसिले में शिबू सोरेन को लोकपाल की ओर से नोटिस जारी किया गया था। इस मामले के शिकायतकर्ता सांसद निशिकांत दुबे ने अदालत के फैसले को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल में दाखिल मेरे केस की सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा और दखलंदाजी से इनकार किया। कोर्ट ने कहा कि सोरेन परिवार के भ्रष्टाचार पर फिलहाल लोकपाल की कार्रवाई व सीबीआई कानून सम्मत है। जय राम श्री राम जय जय राम।'

कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुमला नगर परिषद् में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक –IV अंतर्गत वितीय वर्ष 2015–16 से 2021–22 तक स्वीकृत आवासों के वैसे लाभुक जो स्वीकृत होने के उपरान्त भी कार्य प्रारम्भ नही किया गया है/अपूर्ण दस्तावेज/भूमि विवाद/कार्य करने में अनिच्छुक इत्यादि कारणों से आवास निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। ऐसे सभी लाभुकों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि आपका नाम भारत सरकार के पास प्रत्यर्पण हेतु भेजी जा रही है। भविष्य में आपके द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। यदि इस संबंध में किसी को कुछ आपतियां है तो तीन दिनों के अंदर कार्यालय नगर परिषद् गुमला में आकर सूचित करें।

Sl No	Beneficiary Code	Beneficiary Name	Father/Husband Name	Ward No
1	208017970422300052	SAENI SANIM TIRKEY	LT MANI BHUSAN TIRKEY	20
2	208017970420600074	ANTONIA LAKRA	ALOIS LAKRA	03
3	208017970421300152	JAY SHANKAR BARAIK	RAMBALI BARAIK	10
4	208017970422100303	SHANICHAR KHARIA	THEPAI KHARIA	18
5	208017970421600075	MD.IMTIYAZ	MD.ISRAT	13
6	208017970421400182	PUSHPA DEVI	LT TIJENDRA LOHRA	11
7	208017970422100197	SATYANARAYAN PRASAD GUPTA	BHUNESHWAR PRASAD SAHU	18
8	208017970420800274	MD SHAHID	MD SHAKIR	05
9	208017970420600226	BIMLA DEVI	SHAMBHU SINGH	03
10	208017970420600227	TARA DEVI	GANSU SAW	03
11	0320801797593087735	AJAY PRASAD SONI	LT RAM PRASAD SONI	13
12	0320801797592362091	ARUN TIRKEY	KORANELIUS TIRKEY	08
13	0320801797592291576	BIRASMUNI DEVI	BIRSA TOPPO	04
14	0320801797593100787	BRAJESH KUMAR TRIPATHI	HARI SHANKAR TRIPATHI	17
15	0320801797592895746	chama oraon	bandhna oraon	14
16	0320801797592767784	JOLJEN LAKRA	LT SOGEN LAKRA	09
17	0320801797592895110	jyoti beck	chhotan oraon	14
18	0320801797592361522	KSHITIJ RAJ TIRKEY	RAJAN TIRKEY	08
19	0320801797593059082	md minhaz	md idris	06
20	0320801797591555055	md tayyab	md firoj	05
21	0320801797593065448	meraj khan	jaan mohammad khan	06
22	0320801797595609692	MOHAMMAD IRSHAD	MD ALIM	06
23	0320801797593085255	MUKTA MARIAM KINDO	ISAHAK KINDO	04
24	0320801797593173881	pupen kindo	shantiel kindo	04
25	0320801797593146864	PYARI KUJUR	SATISH KERKETTA	04
26	0320801797592417715	RAUNAK JAHAN	SHAKIL RAJA	05
27	0320801797592743286	REHANA KHATOON	GULAM GAUS	06
28	0320801797592634925	SAKINDAR BHUIYA	LATE HUSNA BHUIYA	20
29	0320801797591696313	SAMIMA BEGAM	MD. TAUHID SHAH	05
30	0320801797566232850	SAMSAD ALAM	ABDUL SAMAD	08
31	0320801797593237549	Sonam Praveen	MD JASIM	06
32	0320801797593282225	sulochni kumari	pawan singh	20
33	0320801797592892421	sumitra devi	lt fuda bhuiya	07
34	0320801797592629613	ABHA DEVI	BABRI DAS KARMAKAR	20
35	0320801797596452815	ABU DARDA	MD KAMRUDDIN	03
36	0320801797596789460	ABU REHAN	KAMRUDDIN	14
37	0320801797596671921	AFTAB ALAM	MD SHAMIM	06
38	0320801797596878093	AFTAB ANSARI	ANWAR ANSARI	08
39	0320801797592500116	AJIM MIAN	LATE SAFIQE MIAN	07
40	0320801797597273549	AJMERI KHATOON	MD SAUD ANSARI	06
41	0320801797597432414	AMARKANT MISHRA	MOHAN MISHRA	11
42	0320801797596645848	AMIT KUMAR	SURESH SAW	12
43	0320801797597866123	ANITA KUMARI	BABULAL SAHU	20
44	0320801797596679769	ANJUM PERWEEN	ASGAR KHAN	05
45	208017970421200122	ANURADHA DEVI	PARMESHWAR RAM	07
46	0320801797592733238	ARIF ALAM	MD KHALIL ALAM	06
47	0320801797596726114	ASHFY PARWEEN	MD SHAKIL	08
48	208017970420700233	ASHOK ORAON	LT VISHWANATH ORAON	04
49	0320801797599461437	AWANTI DEVI	DINDAYAL BHAGAT	11
50	0320801797597013628	basanti kerketta	korneliyus kerketta	03
51	208017970420400103	BIJAY LAXMI DEVI	SHIVNARAYAN ORAON	01
52	0320801797598331621	BIRASMUNI DEVI	LT. NAGESHWAR ORAON	11
53	0320801797596654944	CHANDNI PRAVEEN	MD AZAD	06
54	0320801797592567389	DAVID MINJ	IGNATIUS MINJ	09
55	0320801797596687289	DILDAR SINGH	JASBIR SINGH	10
56	0320801797596738480	FARHA NAZ	MD LALAN	07
57	0320801797596669848	FARHAT KHATOON	MD BELAL	06
58	0320801797596759178	FARJANA PARWEEN	LATE MD MOINUDDIN	08
59	0320801797596727426	FIROJA KHATOON	MD NAUSHAD	05
60	0320801797596732488	GAUTAM KUMAR CHOURASIYA	PREM CHOURASIYA	13
61	0320801797596567848	GOMTI DEVI	RAJESHWAR MAHTO	14
62	0320801797596732516	GOVINDA CHAURASIYA	PREM CHAURASIYA	13
63	0320801797596705721	GULAB QURAISHI	GULSHER QURAISHI	06
64	0320801797596936349	GULNAJ PARVEEN	IMRAN ALAM	06
65	0320801797596770935	GULSHAN ARA	KAFIL ALAM	08
66	208017970421100159	GULSHAN ARA	MD FIROJ ALAM	08
67	0320801797596828650	HEMANTI DEVI	JAYRAM INDWAR	02
68	0320801797592498194	IBRAHIM KHAN	LATE MD.SHER KHAN	06
69	0320801797596697348	ISMAT PARWEEN	SHAKIL AHMAD	05
70	0320801797596597697	JAGDISH SAHU	CHARTUGUN SAHU	18
71	0320801797593229689	JAGMOHAN LOHRA	RAMBRICH LOHRA	06
72	0320801797596771044	JAHEDA BIBI	LT SAHADAT KHAN	05
73	0320801797596656295	JAIBUN KHATOON	MD IMAMUDDIN	06
74	0320801797596980415	JAMILA KHATOON	MD ISRAFIL	06
75	0320801797596680458	JAMSHED ALAM	MD ASHID	05
76	0320801797597201334	janki devi	bhim singh	12
77	0320801797597272876	JASMANI LUGUN	KISTO LUGUN	15
78	0320801797596725765	JAWED IQUBAL	MOHAMMAD NAIM	07
79	0320801797596687823	JEELANI ANSARI	SIFARAT ANSARI	06
80	0320801797596825250	JEYAUL ANSARI	SHAMSHUDDIN	06
81	0320801797596601881	jitiya oraon	kole oraon	15
82	0320801797597141327	KAHKASHAN BANO	MD HASIM	06
83	208017970421200162	KANTI DEVI	MADHUSUDAN RAM	09
84	0320801797596755252	KASHFA PARWEEN	SHAKIL PRAWEZ	08
85	0320801797596738967	KASHIF ALAM	KAFIL ALAM	13
86	208017970421500059	KAUSAR BANO	MD SHARFUL HAQE	06
87	0320801797596714563	KAUSHAR KHATOON	MD ISMAIL MIYAN	08
88	0320801797596583655	KHUSHI PRAWEEN	MD FIROJ ALAM	06
89	0320801797596763682	KHUSHMAREN BARA	DHAN KUMAR BARA	01
90	0320801797596800977	LALU MAHALI	NANO MAHLI	16
91	0320801797597014875	lucia baraiud	suresh toppo	03
92	0320801797597371222	MAHESHWARI DEVI	JAY PRAKASH BHARTI	20
93	0320801797596648079	MANILA TOPPO	DHARAM PRAKASH LOHRA	16
94	0320801797599461568	MANISHA BARA	GOURI SHANKAR BARA	11
95	0320801797597175870	MANJIT OROAN	ANIL ORAON	12
96	0320801797596741633	MANOJ RAM	KAILASH RAM	09
97	0320801797596684741	mariyam minj	binay tigga	06
98	0320801797597219180	mary grace ming	ajit tirkey	03
99	0320801797596706584	MD ABU TALHA	MD ABDUL RASHID	06
100	0320801797592563170	MD ADIL MOKARRAM	MD AFTAB ALAM	06
101	0320801797592743149	MD AFAQUE ALAM	MD SAKIR	06
102	0320801797596681146	MD AFROZ ALAM	MD QUTUB UDDIN	06
103	0320801797597273667	MD AFTAB ALAM	MD NEZAMUDDIN	06
104	0320801797596703518	MD ANWAR HASHMI	MD AKHTAR HASHMI	08
105	0320801797596587929	MD ARIF SARWAR	MD IBRAHIM	08
106	0320801797596780023	MD ARMAN ANSARI	LT SIDDIQ ANSARI	12
107	0320801797596693137	MD ARSHAD	MD USMAN	13
108	0320801797596771589	MD ARSHAD	MD ALIM	06
109	0320801797596793335	MD ASHRAF ALAM	MD MOHSIN	05
110	208017970420900184	MD AZIZ ALAM	ZAFAR ALAM	06
111	0320801797596967374	MD DANISH KHAN	MD QAYAMUDDIN KHAN	05
112	208017970420800239	MD EKBAL IDRISYA	LT MD HANIF IDRISYA	05
113	0320801797592491745	MD FAIZAN ARIF	MOHAMMAD ARIF	06
114	0320801797596771994	MD FIRDOUS RAZZA	UMAR ALAM	05
115	0320801797596662430	MD IMRAN	MD YUSUF	06
116	0320801797596824958	MD IMTYAZ	MD EKRAM	06
117	0320801797597272333	MD KALAM ANSARI	MD AMANAT ANSARI	06
118	0320801797597267970	MD KHURSHID ALAM	MD USMAN	06
119	0320801797596983851	MD MUNNA KURAISHI	MD KAUSHAR KURAISHAI	06
120	0320801797596721184	MD MUSTAK	MD ISMAIL	08
121	0320801797596576897	Md Mustak	Shakil Raja	05
122	0320801797596748666	MD NASIM	MD MOIN	06
123	0320801797596794428	MD NASIM AKHATAR	MD HUSSAIN MIYAN	06
124	0320801797596776822	MD NAUSHAD ALAM	SAMRUL ALAM	06
125	0320801797596736562	MD RASHID ALAM	MD SHARIF	06
126	0320801797596569513	MD SADDAM HUSSAIN	MD IBRAHIM	08
127	0320801797596587559	MD SAGIR ALAM	MD JAMIR	05
128	0320801797596769262	MD SAGIR ALAM	LT AINUL HAQUE	06
129	0320801797596770223	MD SAIF ALI	MD MAKSOOD RABBANI	08
130	0320801797596695075	MD SHADIK ANWAR	MD KAMRUL HODA	12
131	0320801797596504432	MD SHAHBAJ	MD ISLAM RAY	09
132	0320801797596590147	MD SHAHBAJ ALAM	MD IBRAHIM RABBANI	08
133	0320801797596938491	MD SUFIYAN	MD MONOWAR	08
134	0320801797596729529	MD TASOWAR	MD JAMIR	05
135	0320801797596791766	MD WASHI	MD SIDDIK	08
136	0320801797592743515	MD WASIF ALAM	MD INTAF ALAM	06
137	0320801797597466737	MOHAMMAD AFJAL	ASGAR KHAN	05
138	0320801797596707059	MOHAMMAD AKIB KHAN	MOHAMMAD HABIB KHAN	06
139	0320801797592510242	MOHAMMAD ASFAQUE KHAN	MD IBRAHIM KHAN	06
140	0320801797592671637	MOHAMMAD ASIF ANSARI	JAFIRUDDIN ANSARI	06
141	0320801797596770446	MOHAMMAD HAIDER	ASGAR KHAN	05
142	0320801797596704660	MOHAMMAD HUSSAIN	LT NATHUNI MISTARY	08
143	0320801797596452787	MOHAMMAD KAMRUDDIN	NAJAWAT HUSSAIN	03
144	0320801797596746348	MOHAMMAD MUJAFFAR ANSARI	MD SAGIR ALAM	13
145	0320801797596729076	MOHAMMAD SALIM	MD HALIM	08
146	0320801797596754382	MOHAMMAD WAQAR HASHMI	MD MAHFOOZ HASHMI	05
147	0320801797596727735	MOHAMMAD ZUBAIRUDDIN	LT MOHAMMAD SALAHUDDIN	08
148	0320801797596937795	MOHAMMED IRSHAD	MOHAMMED NASIMUDDIN	08
149	0320801797592692646	MONI JAISWAL	ABHINANDAN JAISWAL	17
150	0320801797596692267	MOSADA AFREEN	MD MUSTAQUE	08
151	0320801797597342642	MUKESH KUMAR	BHUNESHWAR SAHU	20
152	0320801797596695926	MUMTAZ ATTARI MOHAMMAD RIYAZ	MD RIYAZ	07
153	0320801797596727163	MUMTAZ KHAN	LT ABDUL HAMID KHAN	06
154	0320801797596716092	NAJMA BIBI	SIFARAT ANSARI	06
155	0320801797597273929	NASIMA KHATUN	SAMIM MINYA	06
156	0320801797596725320	NASRAT BANO	LATE MD ALI	06
157	0320801797596736998	NASRIN KHATOON	MD NAZIM	08
158	0320801797592412977	NASRIN KHATOON	ANIS DAFALI	06
159	0320801797596600227	Nasrin khatoon	md tabrez	06
160	0320801797592563430	NAVJOT PRAKASH TOPPO	FRANCIS REJIUS TOPPO	09
161	0320801797596768438	NAZIA PARWEEN	MD JAMAL	06
162	0320801797596825138	NAZNI PARWEEN	MD JAMIL HASSAN	06
163	0320801797596908538	nisha lakra	atulya lakra	13
164	208017970422100282	NITA SINHA	GOPI KRIHNA LAL	18
165	0320801797596775493	NITU KAUR	JASBIR SINGH	05
166	0320801797596771293	NUREJA KHATOON	JAKIR ANSARI	06
167	0320801797592512587	NUSRAT PARWEEN	MD SHAKIL	06
168	0320801797596992753	OHMANTI LAKRA	LATE PAIKAS LAKRA	16
169	0320801797596847561	parwati kumari	vimal kumar oraon	13
170	0320801797596925953	PRAVIN BEGAM	MD NEJAM	06
171	0320801797592563871	PRAWEEN KUJUR	MAHESH KUJUR	09
172	0320801797596727685	PREM JHARNA KUJUR	JON KUJUR	08
173	0320801797596724826	PUSHPA DEVI	MAHESH SINGH	10
174	0320801797597272674	PUSHPA KUMARI	LATE DURGA KHARIYA	07
175	0320801797596759013	rabina khatoon	shakil ahmad	08
176	0320801797596679511	RAFIYA KHATUN	KURBAN KHAN	05
177	0320801797596586711	RAJIYA KHATUN	HAZI MD TARIQUE ANWAR	08
178	0320801797596899875	RAMIJ RAZA	MD JALIL	08
179	0320801797597142221	RAMJI THAKUR	LATE BODH THAKUR	08
180	208017970420700328	RANI KHATOON	MD SAHBAAN	05
181	208017970421000195	RANJEETA RAVI	SHANKAR KUMAR RAVI	07
182	0320801797596599356	REHANA KHATUN	MD SAHJAD	13
183	0320801797596921731	RIZWAN ALI	QAMRUL HODA	08
184	0320801797596727386	ROZI PRAWEEN	MD MOKHTAR ALAM	07
185	0320801797596984868	RUPESH KUMAR BHAGAT	LATE VISHWANATH PRASAD BHAGAT	08
186	0320801797596657226	SABBA PARWEEN	WASHIM HASSAN	06
187	0320801797596718170	SABINA RAHMAN	ATIKUR RAHMAN	05
188	0320801797597408981	SAFAK PARWEEN	MD HASIM	06
189	0320801797597438889	SAHIDA KHATUN	MD SAFAYAT	13
190	0320801797596820390	SAHNAJ BEGUM	MD AKHTAR ALI	06
191	0320801797592742687	SAKILA KHATOON	MD SAKIR	06
192	0320801797596806397	SALEHA KHATUN	MD TABREJ	06
193	0320801797596775917	SAMIMA KHATUN	SANUL MIYAN	06
194	0320801797433308545	SAMIR KHALKHO	LT NOVEL KHALKHO	09
195	0320801797596824785	SAMO KHATOON	LT SADUL MIYA	06
196	0320801797596773016	SAMTAJ ANSARI	SOBRATI ANSARI	06
197	0320801797596585414	SANA PRAWEEN	SAIMUL ANSARI	06
198	0320801797596849615	SANGITA KUJUR	DASAI ORAON	13
199	0320801797592611113	SANIYA YASMIN	MD RASID ARMAN	05
200	0320801797597012962	sanjay barha	lt gobin barha	07
201	208017970421700148	SARASWATI DEVI	CHOTU MAHLI	14
202	0320801797596652063	SAZADA KHATUN	AFTAB ALAM	06
203	0320801797596844151	SETENG KINDO	AMAR JYOTI LAKRA	01
204	0320801797593236072	SHABANA KHATOON	IMTIYAZ AHMAD	06
205	0320801797596724652	SHAHANAZ PARWEEN	MD SALIM ANSARI	05
206	0320801797596926043	SHAHLA PARWEEN	MD ARASAD	06
207	0320801797596897552	SHAHNBAZ QURAISHI	ALIL QURAISHI	08
208	0320801797592935513	SHAIRA KHATOON	MD NESHAR ALAM	07
209	0320801797596692991	SHAISTA ASLAM	MD MUMTAZ	13
210	0320801797596771458	SHAMIMA KHATUN	MD ALAM ANSARI	06
211	0320801797596600797	Shamma Parween	fahim Ansari	05
212	0320801797596778352	SHAMSHAD BEGAM	MOHAMMAD GUDDUN	06
213	0320801797579967253	Shanti devi	Brijmohan saw	11
214	0320801797593316858	SHILPI DEVI	BANTI RAM	11
215	0320801797592517790	SHOAIBA KHATOON	MUSTAKIM WARSI	08
216	0320801797592574057	SHWETA JAISAWAL	ANIL KUMAR JAISWAL	03
217	0320801797596986922	SIBI KHATUN	MD EHSAN	05
218	0320801797596926819	SIRIJAHAN KHATUN	MD KASIF RAZA	06
219	0320801797596645713	SONU KUMAR	SURESH SAV	12
220	0320801797596648874	Subeda khatun	Mohammad salauddin ansari	06
221	0320801797596851298	subhadra devi	jagdev lal beck	13
222	0320801797584633628	sudha devi	VIKAS PRASAD	20
223	0320801797596645972	SUJIT KUMAR	SURESH SAW	12
224	0320801797596983635	SULTANA KHATOON	MD BIKKI	06
225	0320801797596938534	SULTANA KHATOON	MD EBRAHIM RABBANI	08
226	0320801797596596534	suman lakra	tembu oraon	15
227	0320801797596772584	SUMITRA DEVI	LT RAM ISHWAR YADAV	02
228	208017970420700384	SUNIL KUMAR	RAMYASHI PRASAD	04
229	0320801797596639546	SUNITA DEVI	SHIVKUMAR SAHU	18
230	0320801797597272092	SUNITA DEVI	DHANKESHWAR RAM	08
231	0320801797597276123	SUNITA LUGUN	KISTO LUGUN	15
232	208017970421800173	SUSHMA DEVI	JITENDER ORAON	15
233	0320801797592607697	TABREJ ANSARI	MD KAMRUDDIN ANSARI	08
234	0320801797596726474	TAJMINA KHATOON	KYAMUDDIN ANSARI	05
235	0320801797592322126	TARANNUM PARWEEN	MD ARIF ANSARI	06
236	0320801797596714344	TARANNUM PRWEEN	MD IBRAR	13
237	0320801797597276057	USHA KUMARI	DURGA KHARIYA	06
238	0320801797597013447	usha rani	ramesh gope	07
239	0320801797597015738	VIBHA LAKRA	MICHIAL LAKRA	03
240	0320801797596667795	WAISH NAYAB	MD SHAMIM	06
241	0320801797570395892	ZUVEDA KHATUN	LT SAPHRU	09
242	208017970421500029	HARJEET SINGH	RANJEET SINGH	12

PR 316757 (District) 23-24 (D)

प्रशासक
गुमला नगर परिषद्, गुमला।

आज के सरयू तट पर सोमवार का नजारा काफी अदभुत था...सरयू की कल-कल बहती निर्मल धारा के उत्साह का संचार पूरे देश-दुनिया में महसूस किया जा रहा था! अयोध्या धाम में चहुंओर उत्सव का माहौल दिख रहा था। दिखे भी क्यों ना आज जन-जन के नायक प्रभु राम के 528 साल के निर्वासन को विराम मिल रहा था...ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने देश के कोने-कोने से श्रेष्ठजन आए थे।

राम ही निरंतर है

आरएनएम। अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार, 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अपना उपवास तोड़ा। सोमवार को अयोध्या में राम लला की मूर्ति का अनावरण होने पर भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के हेलिकॉप्टरों ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में फूलों की वर्षा की।

पीएम मोदी समेत अन्य वीआईपी मेहमान अयोध्या पहुंचे : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को अयोध्या पहुंचे थे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को देखने के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वीआईपी मेहमान भी काफी पहले ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए थे। अमिताभ बच्चन, उनके बेटे अभिषेक बच्चन, हेमा मालिनी, जैकी श्रॉफ, माधुरी दीक्षित, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ, अनुपम खेर, रजनीकांत, चिरंजीवी, राम चरण, सचिन तेंदुलकर, वेंकटेश प्रसाद, सोनू निगम, कंगना रनौत आध्यात्मिक नेता चिदानंद सरस्वती, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, श्री रामभद्राचार्य, साध्वी ऋतंभरा और अन्य वीआईपी मेहमानों में शामिल हुए जो समारोह देखने पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर उद्योगपति अनिल अंबानी, योग गुरु बाबा रामदेव, कवि कुमार विश्वास भी नजर आए। हेलीकॉप्टरों ने मेहमानों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। राम मंदिर के सामने उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा भावुक हो गई।